जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 269

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




जयपुर की यातायात व्यवस्था पर विशेष रिपोर्ट... पार्ट-3 02

### मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश के उच्चाधिकारियों की बैठक लेकर दिए सख्ती बरतने के निर्देश

# आरजीएचएस में गड़बड़ी करने, फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने वालों पर गिरेगी गाज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में आरजीएचएस योजना में गड़बड़ी करने वाले सरकारी कर्मचारियों और फर्जी तलाक या प्रमाण पत्र देकर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वालों पर आने वाले दिनों में कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को प्रदेश के उच्चाधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरजीएचएस का दुरुपयोग और अनियमितता रोकने के लिए सभी विभाग संवेदनशील मामलों की गहन समीक्षा करें और लिप्त पाए जाने वाले कर्मचारियों पर विभाग के स्तर पर 15 दिन में कार्रवाई करें। वहीं जिन लोगों ने फर्जी प्रमाण पत्र देकर नौकरी हासिल की है, उनके निलंबन की कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में शासन सचिव और उससे ऊपर के अधिकारियों के साथ हर माह होने वाली बैठक में ये निर्देश दिए। यह बैठक सोमवार को हुई थी। बैठक में सभी विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों आरजीएचएस के दुरुपयोग से जुड़े कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें गलत दवाइयों के नाम पर घरेलू सामान लिया गया या परिवार के अपात्र लोगों का उपचार करा लिया गया। शिक्षा विभाग ने हाल ही ऐसे छह शिक्षकों को निलंबित भी किया था।




#### फर्जी प्रमाण पत्र वाले होंगे निलंबित

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने फर्जी प्रमाण पत्र देकर नौकरी पाने वालों पर भी कार्रवाई और निलंबन के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में तलाक, आय, ईडब्ल्यूएस, खेल, दिव्यांगता आदि के फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी हासिल करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई या निलंबन की कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि पिछले दिनों ही कर्मचारी चयन आयोग ने कागजी तलाक और दिव्यांग प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी पाने वालों को चिह्नित किया था और इसे लेकर जांच अभियान शुरू करने का निर्णय किया है।

#### तीन कानूनों को समीक्षा कर किया जाएगा लागू

मुख्य सचिव ने पिछली सरकार के समय बने तीन कानूनों की समीक्षा कर इन्हें लागू करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि गिग वर्कर्स के लिए बने कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए इसकी समीक्षा की जाए। वहीं मिनिमम गारंटी इनकम एक्ट के नियमों की भी फिर से समीक्षा की जाए। इसके लिए वित्त विभाग को कहा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य के अधिकार कानून को लागू करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए मौजूदा नियमों की समीक्षा करने को भी कहा है। ऐसे में ये कानून जल्द लागू किए जाने की उम्मीद है।

#### जल्द गठित हो सकता है मंत्रालयिक सेवा निदेशालय

राज्य के कर्मचारी लंबे समय से मंत्रालयिक सेवा निदेशालय गठन की मांग कर रहे हैं। इसे देखते हुए सीएस ने सचिवों से मिले सुझावों का विश्लेषण कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा है।

## राजस्थान में छत्तीसगढ़ मॉडल पर कैबिनेट री-शफल की सुगबुगाहट

### राजे-भजनलाल की मोदी से मुलाकात के बाद बढ़ी सरगर्मियां, सभी गुटों को साधने की कवायद

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में इन दिनों सबसे गर्म चर्चा मंत्रिमंडल विस्तार की है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने हाल ही अपने मंत्रिमंडल में 3 नए चेहरे जोड़कर 15 प्रतिशत का कोटा पूरा किया है। अब इसी फॉर्मूले पर राजस्थान में भी जल्द मंत्रिमंडल विस्तार होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। फिलहाल भजनलाल शर्मा सरकार में 24 मंत्री हैं और 6 सीटें खाली पड़ी हैं। सूत्रों के मुताबिक किसी मंत्री की छुट्टी किए बिना ही नए चेहरों को शामिल करने की तैयारी है। खास बात यह है कि इस बार सभी गुटों को साधने की कोशिश होगी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुट से लेकर संघ खेमे तक शामिल हैं। अब देखना यह होगा कि छत्तीसगढ़ की तर्ज पर राजस्थान मंत्रिमंडल होगा या नहीं, या ये फिर संभावनाएं और अटकलें बन कर ही रह जाएगीं। गौरतलब है कि पिछले दिनों वसुंधरा राजे और सीएम भजनलाल शर्मा दोनों की पीएम मोदी से मुलाकात ने भी अटकलों को हवा दी है। वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पहले ही कह चुके हैं कि संगठन और सत्ता में फेरबदल संभव है।

### लोकसभा में गृह मंत्री ने पेश किए 3 विधेयक, विपक्षी सांसदों ने हंगामा कर फाड़ी कॉपी

# सीएम हो या मंत्री, गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर छोड़ना होगा पद

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री किसी ऐसे अपराध में गिरफ्तार या 30 दिन की हिरासत में रहता है, जिसकी सजा 5 साल या उससे ज्यादा हो तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने बिल को पढ़ने के बाद बिल की कॉपी फाड़ दी और अमित शाह की ओर कागज फेंके। साथ ही तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया। इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की बात कही। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 महीने और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने 241 दिनों तक हिरासत और जेल में रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। केजरीवाल पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले पहले सीएम थे।



#### तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए

**■ गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025**

केंद्र सरकार के मुताबिक अभी केंद्र शासित प्रदेशों में गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 की धारा 45 में संशोधन की आवश्यकता है।

**■ 130वां संविधान संशोधन बिल 2025**

केंद्र ने इस बिल को लेकर बताया कि संविधान में किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो। इसलिए ऐसे मामलों में पीएम या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या नेशनल कैपिटल टेरिटरी दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239 ए में संशोधन की जरूरत है।

**■ जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025**

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन के बाद गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिन में हटाने का प्रावधान होगा।

#### ये हैं तीन बिल

- पहला बिल : 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्रे ´द्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।
- दूसरा बिल : गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है।
- तीसरा बिल : जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा।

#### ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाने वाला बिल भी पेश

केंद्र सरकार ने लोकसभा में बुधवार को ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाने वाला बिल भी पेश किया। कैबिनेट ने 19 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग बिल को मंजूरी दी। इसमें ऑनलाइन मनी गेमिंग, विज्ञापन, खेल के लिए उकसाने वाले को सजा-जुर्माना या दोनों हो सकता है। तीन साल तक कैद या 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

### वन स्टेट वन इलेक्शन को लेकर स्वायत्त शासन मंत्री ने स्पष्ट की स्थिति- कहा

## 'एक्ट में संशोधन जरूरी हुआ तो वह भी करेंगे'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में नगरीय और पंचायतीराज चुनाव वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत कराए जाने को राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता भले ही अव्यावहारिक बता रहे हों, लेकिन राज्य सरकार इस मामले में अपने रुख पर कायम है। स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दिसंबर 2025 में राज्य के सभी 309 नगरीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने का दावा किया और यह भी स्पष्ट किया कि यदि कानून में संशोधन करने की आवश्यकता होगी तो वह भी किया जाएगा।

दरअसल हाईकोर्ट ने छह माह के भीतर पंचायतीराज चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने हाईकोर्ट के आदेश के तहत अगले दो माह में सारी प्रक्रियाएं पूरी कर चुनाव कराने की बात कही है, वहीं यह भी कहा था कि संविधान में संशोधन नहीं होने तक 'वन स्टेट वन इलेक्शन' के विचार पर अमल करना संभव नहीं है।

इस पर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जिस तरह की तैयारियां हैं, उसके मुताबिक छह माह की अवधि से पहले ही चुनाव करा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार शुरू से ही इसका प्रयास कर रही है कि दिसंबर 2025 में राजस्थान के सभी 309 नगरीय निकायों के चुनाव 'एक राज्य, एक चुनाव' के तहत हों। उनका मानना है कि हाईकोर्ट का यह निर्णय सरकार के रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेगा, क्योंकि छह माह की अवधि फरवरी 2026 में समाप्त होगी, जबकि सरकार दिसंबर 2025 में ही चुनाव कराना चाहती है।



#### 'चुनाव करवाने में नहीं है कोई विधिक अड़चन'

राज्य निर्वाचन आयोग के सप्ताह भर में चुनाव कार्यक्रम जारी करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आयोग कार्यक्रम जारी कर देगा तो उसके मुताबिक देखेंगे। जो कुछ हमें करना होगा वह हम करेंगे, आयोग को जो करना है वह आयोग करेगा। खर्रा ने कहा कि दिसंबर 2025 में हमें वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत चुनाव करवाने में कोई विधिक अड़चन नहीं है। वार्ड परिसीमन पूरा हो चुका है। एक-दो दिन में पत्रावली भेज देंगे, परिसीमन की अधिूचना एक-दो दिन में जारी हो जाएगी, ज्यादा वक्त लगा तो एक सप्ताह में जारी हो जाएगी। वहीं उन्होंने सीकर के मास्टर प्लान के बारे में कहा कि वहां पिछली सरकार के समय किए कारनामों को उजागर होने दो, फिर हम जाहिर कर देंगे।

#### फैसले की प्रमाणित प्रति का करेंगे अध्ययन

चुनाव आयुक्त द्वारा 'वन स्टेट वन इलेक्शन' को अव्यावहारिक बताए जाने पर मंत्री खर्रा ने कहा कि नगरीय निकायों और पंचायतीराज के चुनावों में एक बड़ा अंतर यह है कि नगरीय निकायों का कार्यकाल फरवरी 2026 में समाप्त होगा, जबकि पंचायतीराज निकायों के कार्यकाल में काफी अंतर है। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग की टिप्पणी पर वे अधिक कुछ कहना नहीं चाहते। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के फैसले की प्रमाणित प्रति मंगवाई जा रही है। इसका अध्ययन किया जाएगा, कानूनी राय ली जाएगी और यदि कानून में संशोधन की आवश्यकता होगी तो उसमें संशोधन भी किया जाएगा।

#### पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव पर कर रहे मंथन

पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव एक साथ होने में दिक्कत की बात खर्रा ने भी मानी है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव में सबसे बड़ी दिक्कत आ रही है कि उनकी अवधि अलग-अलग है। कुछ पंचायतीराज संस्थाओं का कार्यकाल 2027 में खत्म हो रहा है, कुछ का 2026 में। इसे लेकर मंथन चल रह है कि एक साथ चुनाव कैसे हो? उम्मीद है कि एक साथ चुनाव में जो संभव हो सकेगा किया जाएगा।

#### 'पिछली सरकार में बिगड़ा पंचायतीराज का सिस्टम'

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि पंचायतों के पुनर्गठन के लिए गठित सब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत ही चुनाव होने चाहिए। पंचायत और निकाय चुनाव समय पर कराने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। अशोक गहलोत सरकार में पंचायतीराज का सिस्टम बिगाड़ दिया था। हमारी सरकार वन स्टेट-वन इलेक्शन करवाएगी। सब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भेज दी है।

## पंद्रह शहरों में हल्की तो झालावाड़ में 2 इंच बारिश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में लगातार हल्की बारिश का दौर जारी है। बुधवार को जयपुर सहित प्रदेश के 15 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आगामी दिनों में बारिश का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। तेज बारिश का दौर इस माह के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, श्रीगंगानगर, जालोर, डूंगरपुर, झालावाड़, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, राजसमंद और सिरोही में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मंगलवार को राज्य में सर्वाधिक वर्षा लोहरिया (बांसवाड़ा) में 100 मिलीमीटर दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 40.1 और न्यूनतम बीकानेर में 29.4 डिग्री दर्ज किया गया।

#### जयपुर में छितराई बारिश, पारा गिरा

जयपुर में बुधवार को दिनभर हल्के से मध्यम बादल छाए रहे और बीच-बीच में बादलों के बीच से सूरज की आंख-मिचौनी देखने को मिली। दोपहर बाद कुछ हिस्सों में छितराई बारिश हुई। बाद में देर शाम तेज बारिश हुई। इससे पारे में हल्की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## ट्रक-कार की भीषण भिड़ंत दम्पती समेत 4 की मौत

महानगर संवाददाता



**कोटा।** बूंदी में कोटा-उदयपुर हाईवे स्थित डाबी इलाके में धनेश्वर टोल के पास बुधवार सुबह 5 बजे ट्रक-कार की भीषण भिड़ंत में पति-पत्नी समेत 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मां-बेटे समेत 5 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों का कोटा के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। डाबी थानाधिकारी हेमराज शर्मा ने बताया कि हादसे में मधुसूदनगढ़ जिला गुना मध्य प्रदेश निवासी संतोष वर्मा (27) और उसकी पत्नी संगीता (26), बारां के गोवर्धनपुरा निवासी अनिल सहरिया (34) और सिंगापुरा राजगढ़ मध्य प्रदेश निवासी देवराज (36) की मौत हो गई। हादसे में सौरभ वर्मा (11) पुत्र संतोष वर्मा, मीनाक्षी सहरिया (23) पत्नी अनिल सहरिया, विराट सहरिया (2) पुत्र अनिल सहरिया और राजगढ़ मध्य प्रदेश निवासी राहुल (25), ब्यावरा मध्य प्रदेश, कॉन्ट्रैक्टर हेमराज (31) घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ब्यावरा मध्य प्रदेश से कॉन्ट्रैक्टर हेमराज सभी लोगों को राजसमंद के नाथद्वारा में फैक्ट्री और मंदिर में काम करवाने के लिए कार से लेकर जा रहा था।

## भारत की मिसाइल अग्नि-5 का ओडिशा में सफल परीक्षण

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।

यह मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईवीआर) टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रेल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्किये जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल की 7500 किग्रा के बंकर बस्टर वॉरहेड ले जाने की क्षमता है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव : एनडीए से राधाकृष्णन ने भरा नॉमिनेशन



मोदी पहले प्रस्तावक, शाह-राजनाथ, नड्डा रहे मौजूद

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। नॉमिनेशन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है, जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में पीएम के हस्ताक्षर हैं, बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ एनडीए नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है।

**नवाचार** | स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री ने आवासन मंडल की 5 नई योजनाओं का किया शुभारंभ

# 667 नए आवासों से खुलेंगे बेहतर जीवन के द्वार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल की पांच आवासीय योजनाओं का बुधवार को आवास भवन जयपुर में नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर खर्रा ने बताया कि इन 5 विशिष्ट पंजीकरण योजनाओं के तहत उदयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर और बाड़मेर में 667 आवास और फ्लैट्स बनाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मई माह में ही मंडल ने 427 आवासों की 5 आवासीय योजना जयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर में शुरू की थी। बुधवार को आवासन मंडल की बूंदी में नैनवां आवासीय योजना, बारां में अटरू आवासीय योजना, बाड़मेर में लंगेरा आवासीय योजना, धौलपुर में बाड़ी रोड योजना और उदयपुर में पानेरिया की मादड़ी में योजना शुरू की गई। इस कार्यक्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भी शिरकत की। समारोह में आवासन मंडल के अध्यक्ष देबाशीष पृष्टि, आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, टीएस मीना, प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।






#### मुख्य योजनाएं

- बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना, पॉकेट-ए एवं पॉकेट-बी में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 80 हजार से प्रारंभ।
- बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ।
- बाड़मेर की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास, लागत 8.61 लाख से प्रारंभ।
- धौलपुर जिले की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स, लागत 12.45 लाख से प्रारंभ।
- उदयपुर जिले की पानेरिया की मादड़ी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स, लागत 11 लाख 68 हजार से प्रारंभ।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला



**नई दिल्ली (मसं)।** दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हो गया। दिल्ली सीएम ने शाम करीब 6 बजे एक्स पर लिखा कि जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के संकल्प पर कायराना प्रयास है। आरोपी राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। उस पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया गया है।

## इजराइल ने गाजा पर कब्जे की योजना को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता

**तेल अवीव।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजराइल ने यह कदम हमास पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया है, क्योंकि गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए एक नई शांति योजना पर काम हो रहा है। इस नई योजना में 60 दिन तक युद्ध रोकने, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ने, कुछ फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने और गाजा में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने पर बात हो रही है। कतर ने कहा कि यह योजना पहले की एक योजना जैसी है, जिसे इजराइल ने मंजूर किया था। मिस्र ने कहा कि अब इजराइल को फैसला करना है।

## जयपुर में बेपटरी हुई सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के सुधार में अब सुविधा भी

# शहर को मिलेगी पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा में राहत, जयपुर में पहली बार चलेंगी 750 बसें

**हरीश भामणिया**

महानगर ग्राउंड रिपोर्ट पार्ट - 3

**जयपुर।** शहर की परिवहन व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सरकार को ना सिर्फ जरूरी उपाय करने होंगे, बल्कि कुछ नए प्रयोग भी करने होंगे। सबसे पहली जरूरत सार्वजनिक परिवहन के लिए बसों की संख्या बढ़ाने की है। मेट्रो का दूसरा चरण बनने में लंबा समय लगेगा, ऐसे में बसें ही एकमात्र उपाय हैं। इसके अलावा ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा के संचालन के बेहतर उपयोग के बारे में भी नए ढंग से सोचने की जरूरत है।

जहां तक बसों का सवाल है बताया जा रहा है कि जयपुर में 6 साल के इंतजार के बाद सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को मंजूरी मिल गई है। पहली बार राजधानी में एक साल के अंदर 750 बसें मिल जाएंगी। इससे हर 5 मिनट में लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलने लगेगी। आने वाले दिनों में मेट्रो विस्तार और नई बसें चलने से पब्लिक ट्रांसपोर्ट की परेशानी लगभग खत्म हो जाएगी।

जानकारी के मुताबिक राजधानी को सबसे ज्यादा 425 इलेक्ट्रिक बसों में से 100 जयपुर को मिलेंगी। अब राजधानी में कुल 750 बसें होंगी। 120 डीजल बसें पहले से राजधानी में चल रही हैं। साथ ही एक साल में बसों की संख्या 120 से बढ़कर 870 हो जाएगी। इसके अलावा 100 सीएनजी बसों की एलओआई जारी की गई है। सीएनजी बसों का संचालन सांगानेर डिपो से होने की संभावना है। वहीं इलेक्ट्रिक बसों का संचालन बगराना और टोडी डिपो से हो सकता है। ये बसें एक महीने बाद जेसीटीएसएल के बेड़े में शामिल होना शुरू हो जाएंगी। टोडी और बगराना डिपो में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। अभी दोनों जगह से 200 लो फ्लोर और मिडी बसों का संचालन हो रहा है। वर्तमान में 200 लो फ्लोर बसें चल रही हैं। इनमें से अगले महीने 80 बसें कबाड़ हो जाएंगी। इसके बाद जेसीटीएसएल के पास मात्र 120 बसें ही रहेंगी।

### महानगर का सुझाव
### पार्षदों को मिले जिम्मेदारी तो लोगों को मिल सकेगी बेहतर लोकल कनेक्टिविटी

जयपुर जैसे महानगर में बेहतर पब्लिक लोकल कनेक्टिविटी और मॉनिटरिंग के लिए शहर के पार्षदों द्वारा उनके ही इलाके में परिवहन संचालन के लिए रोडमैप तैयार किया जा सकता है। संबंधित वार्ड क्षेत्र में पार्षद की अनुशंसा पर ई-रिक्शाओं के संचालन के रूट व संख्या तय हो। पार्षद ही इनकी मॉनिटरिंग करे तो शहर के हर क्षेत्र में यातायात सुविधा बेहतर हो सकती है। उदाहरण के तौर पर यदि संबंधित एरिया का पार्षद यह बताए कि उसके यहां किन रूटों पर और कितनी संख्या में ई-रिक्शा की जरूरत है। पार्षद की मांग के हिसाब से ई-रिक्शा वहां आवंटित कर दिए जाएं। पार्षद के पास इनके नंबर और नामों की सूची हो। दूरी के हिसाब से सरकार किराया तय कर दे तो ई-रिक्शा का बेहतर उपयोग हो सकता है और लास्ट माइल कनेक्टिविटी मिल सकती है। इस प्रक्रिया में स्थानीय निकाय के अलावा परिवहन विभाग भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

### 'पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोल मॉडल तैयार हो तो बने बात'



शहर में मोबिलिटी की समस्या का समाधान करना आसान हो सकता है। सरकार को सही अप्रोच के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विभिन्न माध्यमों को एक साथ जोड़ते हुए एक मॉडल तैयार करना चाहिए। इससे अंतिम छोर तक पहुंच (लास्ट माइल एप्रोच) में भी सुधार होगा। मसलन, जिस रूट पर बसों की जरूरत है, वहां फेरे बढ़ाए जाएं। जहां छोटे वाहनों की जरूरत है, वहां पर्याप्त संख्या में ऐसे वाहन चलाए जाएं जो इलेक्ट्रिक और सीएनजी व्हीकल पर्यावरण के अनुकूल हों। इसके अलावा साइकिल ट्रैक और फुटपाथ जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी होंगी। केवल फ्लाईओवर या कार-केंद्रित ढांचे पर ध्यान देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। हर प्रोजेक्ट में लॉन्ग-टर्म दृष्टि और संसाधनों का सही उपयोग जरूरी है।

**- अनिल कुमार गोठवाल,** रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक (यातायात) जयपुर शहर।

### इनका कहना है.....

इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों की एलओआई जारी कर दी है। आगामी 4 माह में बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

**नारायण सिंह,** जेसीटीएसएल एमडी

6 साल के इंतजार के बाद सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को मिली मंजूरी

महानगर सुझाव : स्थानीय निकाय पार्षदों को सौंपी जाए ई-रिक्शा के संचालन की जिम्मेदारी



### पार्षदों ने कहा- महानगर का सुझाव अच्छा, लेकिन सरकार को पहल करनी होगी

**महानगर संवाददाता ने शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर शहर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों से बात की। सभी पार्षदो ने सुझाव को बेहतर बताया।**



ग्रेटर इलाके के कई वार्ड ऐसे हैं, जहां लोगों की सीधी यातायात कनेक्टीविटी नहीं के बराबर है। शहर के ई-रिक्शाओं के संचालन को इन इलाकों में वर्गीकृत कर लगाया जाए तो काफी हद तक परेशानी से निजात पाई जा सकती है।

**वीरेंद्र सिंह शेखावत,** पार्षद वार्ड 42, ग्रेटर निगम।



मुख्य मार्गों पर बसों के समय पर नहीं आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। शहर में यातायात व्यवस्था में छोटे वाहन काफी सहयोग कर सकते हैं। यदि इन वाहनों को बाहरी वार्डों के एरिया में संचालित किया जाए तो लोगों को खासी राहत मिलेगी।

**शंकर शर्मा,** पार्षद 103 ग्रेटर निगम।



ई-रिक्शा का संचालन बाहरी वार्डों में करने का सुझाव अच्छा है, लेकिन सरकार को इसमें पहल करनी होगी। इससे यात्रियों को सुलभ व सुखद यात्रा का अनुभव हो सकेगा।

**गणेश सिंह नाथावत, पार्षद वार्ड 41 ग्रेटर निगम।**

### हेरिटेज मेयर ने भी दिया सुझाव



परकोटा एरिया हमारे शहर का दिल है। ऐसे में यहां यातायात व्यवस्था सुलभ और सुचारु हो इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। आने वाले दिनों में शहरवासियों को शहर में बेहतर यातायात संचालन की तस्वीर देखने को मिलेगी।

**कुसुम यादव,** मेयर, हेरिटेज नगर निगम जयपुर।

---

## आरजीएचएस योजना : जिलों में सीएमएचओ संभालेंगे क्रियान्वयन का जिम्मा

### मा योजना के नोडल अधिकारी आरजीएचएस के भी नोडल अधिकारी होंगे

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में योजना के संचालन एवं मॉनिटरिंग को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक बदलाव कर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी आरजीएचएस के संचालन का जिम्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने योजना के बेहतर संचालन, मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण की दृष्टि से विभागीय निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के अनुसार अब आरजीएचएस की सभी पत्रावलियां राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत की जाएंगी। राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी योजना के जिले में समग्र क्रियान्वयन, संचालन एवं मॉनिटरिंग के लिए उत्तरदायी होंगे। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नियुक्त जिला नोडल अधिकारी ही आरजीएचएस के भी जिला नोडल अधिकारी होंगे। वे योजना से संबंधित समस्त दायित्व व भूमिका का निर्वहन करेंगे। ये अधिकारी ही जिले में योजना से संबंधित न्यायिक मामलों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगे।





परियोजना अधिकारी शाहीन अली ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के जिला परियोजना समन्वयक जिले में आरजीएचएस योजना के समुचित क्रियान्वयन, समन्वय, मॉनिटरिंग व नियंत्रण के कार्य में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार समस्त कार्य व दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## 40 से अधिक स्थानों से हटाए अस्थाई अतिक्रमण, सात ट्रक सामान जब्त

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने बुधवार को 40 से अधिक स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाए। उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि दस्ते ने बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, चांदपोल, रामगंज, त्रिपोलिया बाजार, बाईजी का खंदा, आदर्श नगर, फिल्म कॉलोनी सहित 40 से अधिक स्थानों पर सड़क और बरामदे से अस्थाई अतिक्रमण हटाए। इस दौरान सात ट्रक सामान जब्त किया गया। साथ ही 16 हजार रुपए परिवहन शुल्क वसूल किया गया।



---

### पट्टों में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पार्षदों ने मेयर-कमिश्नर के खिलाफ खोला मोर्चा

# हेरिटेज निगम में जारी सियासी बवाल

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** पट्टा वितरण में भ्रष्टाचार को लेकर बुधवार को भाजपा पार्षदों ने मेयर और कमिश्नर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार को लेकर लगातार हेरिटेज निगम में सियासी बवाल मचा हुआ है। 20 से अधिक भाजपा पार्षद मेयर और कमिश्नर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के साथ मुख्यालय भवन में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। इस दौरान भाजपा पार्षदों ने भ्रष्टाचार मुक्त निगम बनाने के साथ मेयर और कमिश्नर की सद्‌बुद्धि को लेकर भजन भी किए।

भाजपा पार्षदों का कहना है कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। मौजूदा बोर्ड में 100 करोड़ रुपए की बस्सी सीतारामपुरा की सरकारी जमीन के फर्जी पट्टे जारी करने का घोटाला सामने आया है। इस मामले में पट्टे जारी होने से पहले मेयर कुसुम यादव को भी अवगत करवाया गया था, लेकिन उन्होंने किसी को भी गलत पट्टे को जारी नहीं होने बात कही। इसके बावजूद भ्रष्टाचार करके गलत पट्टे जारी हुए। इस मामले की जांच निष्पक्ष जांच एजेंसी से करवानी चाहिए। जो भी इस मामले में दोषी हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेकर गलत ढंग से जारी पट्टे निरस्त होने चाहिए।

पार्षद सुभाष व्यास ने कहा कि नगर निगम के पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने साधारण सभा की बैठक में सभी पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। इसके बाद वार्डों के विकास कार्य भी स्वीकृत हो गए थे। वर्तमान कमिश्नर निधि पटेल ने हमारे वार्डों के विकास कार्यों को रोक दिया। इसके साथ ही वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए जो कर्मचारी प्रत्येक पार्षद को दिए गए थे, उन्हें भी हटा दिया गया। इस कारण वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है। इसके खिलाफ बुधवार को भाजपा के 20 से ज्यादा पार्षद नगर निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे हैं। जब तक हमारी मांगों को शासन और प्रशासन द्वारा पूरा नहीं किया जाता है। तब तक धरना जारी रहेगा। अगर समय रहते जल्द से जल्द ही हमारी मांगें पूरी नहीं हुई तो भाजपा के सभी पार्षद भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

भाजपा चेयरमैन उत्तम शर्मा ने कहा कि नगर निगम में एक ओर जहां वार्डों के विकास कार्य रुक चुके हैं, वहीं खुलेआम जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिविल लाइंस जोन में तो करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन के फर्जी पट्टे जारी किए गए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जो भी इस मामले में दोषी हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर सभी पार्षद एकजुट होकर धरना दे रहे हैं। धरनास्थल पर चेयरमैन सुरेश नावरिया, उत्तम शर्मा, माणक शर्मा, संतोष कंवर, महेंद्र पहाड़िया, हेमेंद्र शर्मा, बबीता तंवर, मनोज दुग्गल, अंशुल शर्मा, ज्योति चौहान, विक्रम सिंह, रवि सैनी, (पार्षद) सुभाष व्यास, राजेश कुमावत, मंजू राकेश बागड़ा, विमल अग्रवाल, सुनील दत्ता, श्याम सुंदर सैनी, राहुल शर्मा और संजय ललिता जयसवाल मौजूद रहे।

---

## सीएमएचओ में उल्लेखनीय सेवा प्रदाताओं को किया पुरस्कृत एवं सम्मानित

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी स्थित सीएमएचओ कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिछले दिनों विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक (परिवार कल्याण) डॉ. सुरेन्द्र शेखावत, विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक जयपुर जोन डॉ. यदुराज सिंह तथा सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसएनओ (परिवार कल्याण) डॉ. जेपी बुनकर, कार्यवाहक डिप्टी सीएमएचओ (परिवार कल्याण) डॉ. धर्मेंद्र कराडिया, डिप्टी सीएमएचओ (स्वास्थ्य) डॉ. इंद्रा गुप्ता एवं आरसीएचओ डॉ. आशा मीणा भी मंचासीन रहे। समारोह में पंचायत समिति झोटवाड़ा को परिवार कल्याण क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 2 लाख का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उपजिला चिकित्सालय जमवारामगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाहोता, ग्राम पंचायत लबाना, ग्राम पंचायत उदयपुरिया, ग्राम पंचायत गीदा का बास, ग्राम पंचायत दंताला मीना, ग्राम पंचायत सरना चोंड, ग्राम पंचायत मामटोरी कला तथा ग्राम पंचायत गोपालगढ़ को 50,000-50,000 रुपए के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परिवार कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली आशा सहयोगिनियों एवं एएनएम को भी सम्मानित किया गया।

---

### फिल्म 120 बहादुर को लेकर कराया विरोध दर्ज

## अहीर समाज के वीरों की शहादत की अनदेखी पर निर्देशक को भेजा कानूनी नोटिस



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** अहीर जनजागृति फाउंडेशन (एजेएफ) ने फिल्म 120 बहादुर में अहीर समाज के वीरों की शहादत को नजरअंदाज करने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन ने फिल्म के निर्देशक फरहान अख्तर को कानूनी नोटिस भेजते हुए कहा कि यह शहीदों के बलिदान का अपमान है।

एजेएफ की राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मंजू यादव ने बताया कि 18 नवंबर 1962 को दीपावली की रात, माइनस 10 डिग्री तापमान में भारत-चीन युद्ध के दौरान 120 वीर अहीरों की टुकड़ी चुशूल घाटी में तैनात थी। सेना मुख्यालय द्वारा उन्हें पोस्ट खाली करने की स्वेच्छा दी गई, किंतु वीर अहीरों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए कहा कि वे पीछे नहीं हटेंगे और अंतिम सांस तक लड़ेंगे। गोला-बारूद समाप्त होने के बाद भी इन वीर सपूतों ने बंदूकों के बट, चाकुओं, पत्थरों और अपनी भुजाओं के पराक्रम से युद्ध जारी रखा और लगभग 1300 से अधिक चीनी सैनिकों को मार गिराया। इस लड़ाई में 120 में से 114 वीर अहीरों ने वीरगति पाई। चीनी सेना ने भी उनके अद्वितीय साहस को स्वीकार करते हुए उन्हें ब्रेवस्ट ऑफ द ब्रेव अहीर की उपाधि दी। फाउंडेशन के संगठन के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण यादव, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विपिन यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राव तेजवीर यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजीत यादव, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सरपंच सूरज यादव, संरक्षक बालूराम यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि फरहान अख्तर की कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रा. लिमिटेड के बैनर तले बनी यह फिल्म सेना के आधिकारिक अभिलेखों को नजरअंदाज कर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रही है, जो शहीदों की स्मृति का अपमान है।

**एजेएफ की मुख्य मांगें**

- फिल्म की रिलीज से पहले समाज के प्रबुद्धजनों और सैन्य विशेषज्ञों के समक्ष विशेष स्क्रीनिंग की जाए।
- सेना के रिकॉर्ड के अनुसार युद्ध की सच्चाई को सम्मानपूर्वक फिल्म में दर्शाया जाए।
- फिल्म की शुरुआत में 120 वीर शहीदों के नाम और उनके चित्र प्रदर्शित किए जाएं।

---

### सभी जोन में शुरु हुआ अभियान, जोन उपायुक्त माइक लेकर कर रहे समझाइश

## सड़क पर फेंका कचरा, निगम ने किया ट्रैस और काटा चालान

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** शहर को कचरा मुक्त करने को लेकर हेरिटेज निगम प्रशासन एक्टिव मोड पर है। सभी जोन में लगातार निगम अधिकारी निरीक्षण कर समझाइश कर रहे हैं। जोन उपायुक्त माइक पर अनाउंस कर आमजन और व्यापारियों को कचरा हूपर में डालने को प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में हेरिटेज निगम के किशनपोल जोन के हवामहल बाजार में निरीक्षण के दौरान हिमालय स्टोर के बाहर खुले में कचरा पाया गया। इस पर निगम के अधिकारियों ने ट्रैस कर मालिक से समझाइश की और मौके पर ही चालान जारी किया।





### आयुक्त ने किया निरीक्षण, गलियों में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिए निर्देश

आयुक्त निधि पटेल ने सिविल लाइंस जोन इलाके में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद कर सफाई व्यवस्था के बारे में पूछा, साथ ही निगम अधिकारियों को गलियों में सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त पटेल ने बताया कि अब कचरा खुले में डालने वालों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यापारियों और दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अपनी दुकानों के बाहर सफाई रखें और कचरा केवल निगम की गाड़ी में ही डालें। वहीं किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने भी अपनी टीम के साथ बाजारों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने माइक पर अनाउंस कर सफाई रखने और डस्टबिन रखने के लिए जागरूक किया। इसी तरह उपायुक्त स्वास्थ्य युगांतर शर्मा ने भी हवामहल जोन में जोरावर सिंह गेट और ब्रह्मपुरी के बाजारों में सफाई रखने और डस्टबिन नहीं रखने पर कार्रवाई करने के लिए व्यापारियों को आगाह किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# रंगाई-छपाई की अवैध फैक्ट्रियां उगल रहीं जहर

## टोंक रोड पर सीताबाड़ी स्थित प्रिंटर्स नगर प्रथम में चल रही सात अवैध फैक्ट्रियां

## ना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और ना ही जीरो लिक्विड डिस्चार्ज

लेशिष जैन

**सांगानेर।** रंगाई-छपाई के लिए मशहूर सांगानेर की फैक्ट्रियां अब जहर उगल रही हैं। आबादी क्षेत्र में सैकड़ों अवैध फैक्ट्रियां चल रही हैं, जो नियमों के खिलाफ हैं। इनसे निकलने वाला गंदा पानी कॉलोनियों में खुले में छोड़ा जा रहा है, इससे वातावरण तो प्रदूषित हो रहा है, स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। ऐसी ही 7 अवैध रंगाई-छपाई की फैक्ट्रियां सीताबाड़ी स्थित प्रिंटर्स नगर प्रथम में चल रही हैं। राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश दे रखा है कि औद्योगिक इकाइयां आबादी क्षेत्र में नहीं चल सकती है। सांगानेर प्रिंट एसोसिएशन भी आबादी क्षेत्र में चल रही फैक्ट्रियों को सही नहीं मानता है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री मालिक कॉलोनीवासियों को अपनी 'ऊंची पहुंच' का हवाला देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इन फैक्ट्री मालिकों को आखिर किसकी शह मिली हुई है। कॉलोनीवासियों ने जब इसकी शिकायत नगर-निगम में की, तो उन्होंने कहा कि प्रिंटर्स नगर प्रथम जेडीए में आता है, ऐसे में कार्रवाई भी जेडीए ही करेगा।


फैक्ट्रियों की ओर से आवासीय कॉलोनी में छोड़ा जा रहा कैमिकल वाला दूषित पानी




### कॉलोनी में छोड़ा जा रहा कैमिकलयुक्त पानी दे रहा बीमारियों को न्योता

### हाईकोर्ट के आदेशों की भी उड़ रही धज्जियां

राजस्थान हाईकोर्ट ने पीआईएल 1554/2004 में यह आदेश दिया था कि किसी भी आवासीय कॉलोनी में ना तो कोई कॉमर्शियल गतिविधि करेगा और ना कोई औद्योगिक इकाइयां संचालित की जाएंगी। साफ है कि ये फैक्ट्री मालिक ना तो प्रदूषण एक्ट की पालना कर रहे हैं और ना ही राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश की। ऐसे में नगर-निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इन फैक्ट्रियों को आबादी क्षेत्र से हटा देना चाहिए।

### नियमानुसार करेंगे कार्रवाई

आबादी क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयां संचालित होना ठीक नहीं है। हम इस मामले को दिखवाते हैं, फिर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**राहुल कोटोकी,** डीआईजी, जेडीए

हमने हमारी टीम वहां पर भेज दी है, ऐसी सभी रंगाई-छपाई की फैक्ट्रियों को बंद कराएंगे।

**विवेक गोयल,** आरओ, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड

### प्रिंटर्स नगर प्रथम में चल रही हैं ये अवैध फैक्ट्रियां

- कान्हा टैक्सटाइल प्रोपराइटर गिर्राजनामा प्लॉट नम्बर 66-69
- निगम प्रिंटर्स प्रोपराइटर संजीव कुमार प्लॉट नम्बर 63
- रविशंकर छीपा, प्लॉट नम्बर 91
- बनवारीनामा प्लॉट नम्बर 89
- रामप्रसाद बोल्या प्लॉट नम्बर 59
- राजू प्लॉट नम्बर 43
- अवधेश शर्मा, प्लॉट नम्बर 20

### 7 साल की सजा का प्रावधान

राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण एक्ट के सेक्शन 41, 42, 43 और 44 व जल प्रदूषण अधिनियम के तहत अपशिष्ट या कैमिकलयुक्त पानी को खुले में नहीं छोड़ा जा सकता है। ऐसा करना आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है और इसमें सात साल की सजा का भी प्रावधान है।

### आबादी क्षेत्र वाली फैक्ट्रियों पर हो कार्रवाई

मुहाना मोड़ स्थित सीईटीपी प्लांट से जो फैक्ट्रियां जुड़ गई हैं, वे तो संचालित होनी चाहिए, लेकिन जो फैक्ट्रियां सीईटीपी प्लांट से नहीं जुड़ी हुई हैं या आबादी क्षेत्र में हैं, उन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसी फैक्ट्रियां या तो अपने यहां जीरो लिक्विड डिस्चार्ज लगाएं या फिर पानी को साफ करके टैंकर के जरिए सीईटीपी प्लांट में भेजे। कॉलोनी में पानी छोड़ना बहुत गलत है।

**घनश्याम कूलवाल,** महासचिव, सांगानेर प्रिंट ट्रेडर्स एसोसिएशन

### डेंगू सहित गंभीर बीमारियों का रहता है अंदेशा

अवैध रूप से संचालित ये सभी फैक्ट्रियां क्षेत्र में प्रदूषण का बड़ा स्रोत हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित पानी में उच्च मात्रा में रसायन होते हैं, जो मिट्टी, पानी और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाते हैं। दूषित पानी से मच्छर-मक्खियां पैदा होती हैं, जो डेंगू सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशभर में पौधरोपण कर वातावरण को स्वच्छ बनाने में लगे हुए हैं। वहीं ये अवैध फैक्ट्री मालिक प्रदूषण फैलाकर सरकार की योजना पर ही पानी फेरने में लगे हुए हैं।

### ना पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और ना जेडीए से ले रखी है अनुमति

सीताबाड़ी स्थित प्रिंटर्स नगर प्रथम के पास ही स्थित गुलाब विहार कॉलोनी में 300-400 आवासीय मकान हैं। प्रिंटर्स नगर प्रथम स्थित रंगाई-छपाई की इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला कैमिकलयुक्त गंदा पानी गुलाब विहार कॉलोनी में छोड़ा जा रहा है। यह गंदा पानी घरों तक घुस रहा है। गुलाब विहार कॉलोनी के लोगों ने घरों में पेयजल टैंक बना रखे हैं, यह गंदा पानी वहां भी पहुंच रहा है। यह पानी ना केवल पर्यावरण को दूषित कर रहा है, बल्कि लोगों को बीमार भी कर रहा है। साथ ही जमीन को भी खराब कर रहा है। इन रंगाई-छपाई की फैक्ट्री वालों ने ना तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और ना ही जेडीए से कोई अनुमति ले रखी है। इन फैक्ट्री मालिकों ने ना ही कोई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट या जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट लगा रखे हैं।

## सद्भावना, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा अधिकार दिवस मनाया



**जयपुर (मसं)।** राजकीय महाविद्यालय, सांगानेर में बुधवार को प्राचार्य डॉ. किशन सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सद्भावना/अक्षय ऊर्जा/शिक्षा अधिकार दिवस मनाया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पूजा पारीक ने विद्यार्थियों को सद्भावना, अक्षय ऊर्जा तथा शिक्षा के अधिकार के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ .नंदिता जैन, डॉ. चंद्रप्रभा पारीक, डॉ. गोपाल गुप्ता, डॉ. गणेश शर्मा, डॉ. एस.के. उपाध्याय, डॉ. हर्षिता राठौड़, डॉ. निकेता रणवा उपस्थित रहे।

## सकल बड़ाया परिवार संगम में होगा स्वर्ण जयंती पूर्ण दंपतियों का अभिनंदन

**जयपुर (मसं)।** देश भर के बड़ाया परिवारों का राष्ट्रीय सम्मेलन 'सकल बडाया परिवार संगम-2025' का आयोजन 24 अगस्त को कुलदेवी सरसा माता (अलवर) में होगा। कार्यक्रम के आयोजक रामचरण बड़ाया ने बताया कि देश भर के समस्त बड़ाया परिवारों के तीसरे आयोजन में समस्त परिवार बंधु भाग लेंगे। इस अवसर पर सामूहिक मातृ वंदना, बुजुर्ग दंपतियों का अभिनंदन, आदर्श संयुक्त परिवार, हाई प्रोफेशनल्स आदर्श युगल दंपती का भी विशेष सम्मान होगा। वहीं परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज भी होगा।



## चुनाव आयोग से आरएलडी की मांग पर सकारात्मक संकेत

**जयपुर (मसं)।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने बुधवार को राज्य चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान अवाना ने आगामी पंचायत और निकाय चुनावों में पार्टी को चुनाव चिन्ह हैंडपंप आवंटित करने की मांग रखी। मुलाकात में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल रहे। आयोग ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। आरएलडी नेताओं ने इसे पार्टी के लिए उत्साहजनक संकेत बताया और कहा कि इससे संगठन को निचले स्तर पर मजबूती मिलेगी।



## 'एलीट मिस राजस्थान ने हमें बनाया इंडिपेंडेंट गर्ल्स'

### सीजन-12 की पोस्टर लॉन्च सेरेमनी में पिछले साल की विनर्स ने शेयर किए एक्सपीरियंस

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** 'मैं एक छोटे शहर से आती हूं और परिवार में भी मॉडलिंग फील्ड को लेकर नेगेटिविटी है। इसके बाद जब मैंने सफलता पाई, तो मेरी जिंदगी के साथ घर वालों की सोच बदली। अब इंडिपेंडेंट गर्ल हूं और अपने शहर व देश के नाम रोशन करने के लिए नेशनल-इंटरनेशनल पेजेंट की तैयारी रह रही हूं।' ये कहना था एलीट मिस राजस्थान-2024 की विनर्स का, जो 2025 के सीजन-12 की पोस्टर लॉन्चिंग में बोल रही थीं। इस मौके पर विनर के साथ तीनों रनरअप्स मौजूद रहीं, जिन्होंने फाउंडर-डायरेक्टर गौरव गौड़ के साथ पोस्टर लॉन्च किया।



### तीन शहरों में होंगे चार ऑडिशंस

गौरव ने बताया कि जयपुर में दो व उदयपुर व कोटा में एक-एक ऑडिशंस आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान हजारों गर्ल्स के आने की उम्मीद है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पहले से शुरू हैं, जहां अच्छा रेस्पॉन्स आ रहा है।

### तीन गर्ल्स को मिलेगी इंटरनेशन लेवल की ट्रेनिंग

उन्होंने बताया कि विनर्स या अन्य टैलेंटेड तीन गर्ल्स को इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग दी जाएगी। हर गर्ल्स पर 80 हजार रुपए का खर्च आएगा, जो एलीट मिस राजस्थान उठाएगा। वहीं विनर्स को लाखों के प्राइज देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही टॉप 30 गर्ल्स को 7 दिन की ग्रूमिंग दी जाएगी, जिसमें विभिन्न फील्ड के एक्सपर्ट उनको ट्रेनिंग देंगे।

## श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का 59वां वार्षिकोत्सव मनाया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बनीपार्क स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में 59वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार सुबह 9 बजे रुद्रपाठ से कार्यक्रम की शुरुआत हुई और दोपहर साढ़े 12 बजे भगवान शिव का 131 किलो दूध से अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मुख्य अतिथि रहे। मंदिर समिति अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में 51 ध्वज पताकाओं का आरोहण किया गया। शाम को 1008 दीपकों से महाआरती का आयोजन हुआ। मुख्य सलाहकार हरीश शर्मा ने बताया कि मंदिर में विभिन्न झांकियां सजाई गईं, जिनमें अमरनाथ गुफा, बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग, मोतीमहल व श्याम दरबार शामिल थे। दिनभर भजन कार्यक्रम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। इस अवसर पर आकाश शर्मा, कपिल गुरदसवानी, शिव चौधरी सहित समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने पूरा किया जनता का सपना

### आसलपुर-जोबनेर स्टेशन पर जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस का होगा ठहराव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के प्रयासों से अब जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस का ठहराव आसलपुर-जोबनेर रेलवे स्टेशन पर होगा। इस फैसले से आसलपुर, जोबनेर और आस-पास के गांवों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। अब लोगों को जयपुर तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी और उन्हें तेज, सुविधाजनक और सुलभ रेल सेवा मिल सकेगी। क्षेत्रवासियों ने कर्नल राठौड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता के सपनों को हकीकत में बदला है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।



## एस्ट्रोटूरिज्म में भी पहचान बनाएगा राजस्थान

### जंतर-मंतर पर 'नेशनल स्पेस डे' का आयोजन 23 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पर्यटन क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखने वाला राजस्थान अब एस्ट्रोटूरिज्म यानी खगोल पर्यटन में भी पहचान बनाएगा। आगामी 23 अगस्त को प्रदेश का पर्यटन विभाग और स्पेस इंडिया मिल कर जयपुर स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल जंतर मंतर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन करेंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

पर्यटन विभाग की आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के अनुसार यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में व्यक्त विजन और राजस्थान की उपमुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दीया कुमारी के मार्गदर्शन में हो रहा है, जिनकी मंशा राजस्थान को एस्ट्रोटूरिज्म के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की है। पर्यटन आयुक्त ने बताया कि यह आयोजन भारत की वैज्ञानिक धरोहर को नई ऊर्जा देगा और राजस्थान को एस्ट्रोटूरिज्म की दिशा में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेगा। विद्यार्थियों, पर्यटकों और शोधकर्ताओं के लिए यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक होगा, बल्कि प्रेरणा और गर्व का भी प्रतीक बनेगा।

स्पेस इंडिया के संस्थापक व सीएमडी डॉ. सचिन भांभा के अनुसार नेशनल स्पेस डे की वर्ष की थीम है प्राचीन आकाश से अंतरिक्ष युग तक। दिनभर चलने वाले इस आयोजन में विज्ञान, संस्कृति और अंतरिक्ष का अद्भुत संगम होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर, पहली बार जंतर मंतर के प्राचीन यंत्रों का उपयोग लाइव खगोलीय अवलोकन के लिए किया जाएगा। यह आयोजन भारत की महान खगोल विद्या और आधुनिक अंतरिक्ष उपलब्धियों चंद्रयान से लेकर गगनयान तक को एक सूत्र में पिरोकर दुनिया के सामने भारत की अनूठी पहचान प्रस्तुत करेगा। राजस्थान से इसरो में अपनी सेवाएं देने वाले वैज्ञानिक भी खगोल विज्ञान के बारे में जानकारियां देंगे।

उद्घाटन सत्र के दौरान जंतर मंतर से चंद्रयान तक विषय पर विशेष व्याख्यान होगा। साथ ही इंटरैक्टिव साइंस जोन के तहत सुरक्षित सूर्यावलोकन, सौरमंडल वॉक मॉडल, स्पेस क्विज, वाटर रॉकेट लॉन्च और बच्चों के लिए स्पेस थीम आर्ट एवं क्राफ्ट आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं इसी दिन 'स्पेस अवेयरनेस एग्जीबिशन, भारत में अंतरिक्ष अन्वेषण का भविष्य' विषय पर वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के विचार व्यक्त किए जाएंगे। रात को टेलिस्कोप से चंद्रमा, शनि, बृहस्पति, गैलेक्सी और तारामंडल का लाइव अवलोकन करवाया जाएगा।

## लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव मनाया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री बाबा बालकनाथ सेवा संस्थान द्वारा लड्डू गोपाल जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं डॉ. सुनील दंड द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजक कृतिका गुप्ता इंटीरियर डिजाइनर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के मुख्य संरक्षक बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम हवामहल विधायक द्वारा की गई। साथ ही अध्यक्ष रितु उमेश अग्रवाल, नवल किशोर गुप्ता, शिवांक गुप्ता, संरक्षक डॉ. शोभा तोमर, विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा, अशोक शर्मा, मोहित अग्रवाल, अल्पना शर्मा, मनीषा, जगदीश गुप्ता, रजनी दिनेश माथुर, रेखा गोयल, घनश्याम मुलानी, विनोद जैन, राहुल मोठड़िया, रितु शर्मा, दीपम शर्मा, अर्चना शाह, सुधा गुप्ता, पुखराज प्रजापति, बसंत जैन, अर्चना पोद्दार, डॉ. सरस्वती मित्तल, मिताली सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लगभग 50 यशोदा मां अपने अपने लड्डू गोपाल को दूसरे लड्डू गोपाल से मिलवाने के लिए लाई। इस दौरान माखन मिश्री का भोग लगाकर लड्डू व मिठाई का केक काटा। मनमोहक नृत्य से यशोदा मां ने अपने लल्ली को रिझाने की कोशिश की।

# प्रदेश में कम हुए दलित उत्पीड़न के मामले

### राष्ट्रीय एससी आयोग ने कहा, 'गंभीरता से जांच करें'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष में दलित उत्पीड़न के मामलों में कमी आई है। वहीं पुलिस अब ऐसे मामलों में और गंभीरता से काम करेगी तथा दलित दूल्हों को घोड़ी ना चढ़ने देने जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन सचिवालय में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस अधिकारियों ने यह भरोसा दिलाया। बैठक में आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि अपराधों में कमी लाने और समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक सहयोग ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य करने वाली संस्थाओं, साधु-संतों और सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोगों के सहयोग से बढ़ते अपराधों में कमी लाई जा सकती है। आयोग ने अनुसूचित जाति वर्ग के एट्रोसिटी एक्ट (अत्याचार निवारण नियम) के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में अनुसूचित जाति वर्ग के अपराधों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अपराध मुक्त राजस्थान बनाना है। हालांकि अभी और सुधार की जरूरत है। आयोग की पुलिस महानिदेशक सनमीत कौर ने पुलिस अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े दर्ज अपराध, चालान, चार्जशीट, प्रकरण निस्तारण, वर्ग को दी जाने वाली सहायता राशि आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली और सुधारात्मक सुझाव भी दिए।



### 'पुलिस दर्ज होने वाले केसों का सूक्ष्म रूप से करेगी विश्लेषण'

पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में पुलिस दर्ज होने वाले केसों का सूक्ष्म रूप से विश्लेषण करेगी, गंभीर प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल करेगी और घोड़ी पर ना चढ़ने जैसी कुरीतियों तथा उनकी मानसिकता में परिवर्तन लाने के लिए जागरूकता लाने के प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए तुरंत राहत और शिकायत दर्ज करवाने के लिए 18001806025 हेल्पलाइन भी 24 घंटे प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है।

### '2023 के मुकाबले 2024-25 में अपराधों के आंकड़ों में कमी आई'

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (मानवाधिकार) मालिनी अग्रवाल ने पुलिस द्वारा किए गए कार्यों को पीपीटी प्रस्तुतीकरण के जरिए बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के मुकाबले 2024-25 में हत्या, बलात्कार व अन्य अपराधों के आंकड़ों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि एट्रोसिटी के मामले जहां 2023 में 8212 दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में इनकी संख्या 7007 रह गई। 2025 में अभी तक 3651 मामले दर्ज हुए हैं।

### बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष किशोर मकवाना, सदस्य वड्डेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार ने जामडोली कैंपस स्थित अनुसूचित जाति वर्ग की बालिकाओं के लिए संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया। आयोग के सदस्यों ने कैंपस में पौधरोपण किया और बालिकाओं के साथ मैस में भोजन कर अनौपचारिक संवाद भी किया। बालिकाओं में आयोग से आए अतिथियों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आयोग को विदा करते समय बालिकाएं 'थैंक यू सर' कहकर आभार जताती नजर आईं।

# बच्छ बारस पर मेला आयोजित



महानगर संवाददाता

**चाकसू।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कौथून में बुधवार को ग्रामवासियों द्वारा आयोजित बच्छ बारस के मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति के रूप में कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा रहे। इस मौके पर बछड़े और गौमाता का पूजन किया गया। कार्यक्रण में प्रधान प्रतिनिधि बद्रीनारायण चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# तेजादशमी शोभायात्रा एवं समारोह के पोस्टर का किया विमोचन



## 25 अगस्त से होगा जनसंपर्क अभियान

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** आगामी तेजादशमी शोभायात्रा एवं समारोह (2 सितम्बर) को लेकर वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान, जाट छात्रावास में बुधवार को पोस्टर विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महामंडलेश्वर सीतारामदास महाराज झड़ायां धाम के सान्निध्य में अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ सांख के कर कमलों द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया।

आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 25 अगस्त से गांव-गांव व ढाणियों में जनसंपर्क अभियान चलाकर पीले चावल बांटे जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक समाजबंधु शोभायात्रा और समारोह में शामिल हो सकें।

इस अवसर पर भागीरथ सांख ने कहा कि लोकदेवता तेजाजी महाराज में सभी समाजों की अटूट आस्था है। तेजाजी ने गौरक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देकर समाज को त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा का अमूल्य संदेश दिया।

महामंडलेश्वर सीतारामदास महाराज ने बताया कि तेजादशमी पर्व भाद्रपद शुक्ल दशमी को मनाया जाता है। इस दिन वीर तेजाजी महाराज की स्मृति में शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जाता है।

# सोनड़ के स्काउट गणेश जांगिड़ को मिला राष्ट्रपति अवॉर्ड

## रामगढ़ पचवारा क्षेत्र में खुशी की लहर

महानगर संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनड़ के स्काउट गणेश जांगिड़ भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रपति अवॉर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी परीक्षा परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनड़ के स्काउट गणेश जांगिड़ को उत्तीर्ण घोषित किया गया। सोनड़ ग्राम के रामजीलाल जांगिड़ और शांति देवी के पुत्र गणेश जांगिड़ 2016 बैज के स्काउट रहे हैं। स्काउट मास्टर कल्याण महावर ने गणेश को प्रशिक्षित किया था और वर्तमान में मूलचंद महावर ने राष्ट्रपति अवार्ड दिलवाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्जुनलाल मीना ने राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त होने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग जीवन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें राज्यपाल और राष्ट्रपति अवार्ड मिल रहे हैं। ये उनके विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामवतार मीना ने बताया कि पचवारा क्षेत्र में राष्ट्रपति अवार्ड मिलना गौरव की बात है। रामगढ़ पचवारा में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों पर भी कार्य किया जा रहा है, जो खुशी की बात है ।

रामगढ़ पचवारा के भारत स्काउट गाइड प्रभारी विकास गौतम ने कहा कि युवा विद्यार्थी भारत स्काउट गाइड से जुड़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में अवसर प्राप्त कर सकते हैं। क्लाइमेट लीडर महेंद्र साहू, राममोहन मीना, संजय गुप्ता, मनभावन सैनी, नवल महावर, भरतलाल मीना, श्यामसुंदर सैनी, मनोज सोनी, लालूराम बैरवा, भोलाराम रैगर ने भी खुशी व्यक्त की।

**ये मिलेंगे फायदे:** रेलवे के विशेष कोटे में नौकरी, राजस्थान रोडवेज का आजीवन फ्री पास, प्रेसिडेंट कल्ब में एंट्री, एटीएस एसोसिएशन की मेंबरशिप, रेलवे में विशेष फायदा, सीओ स्काउट की नौकरी में आरक्षण, रेलवे में आरक्षण, यूनिवर्सिटी में सीधा प्रवेश।

# मास्टर प्लान-2041 के विरोध में सीकर के बाजार रहे बंद

## व्यापार संघ सहित 14 संगठनों ने ट्रैक्टरों पर निकाली रैली, जाट बाजार में हुई सभा

महानगर संवाददाता





**सीकर।** सीकर में मास्टर प्लान-2041 के विरोध में बुधवार को शहर बंद रहा। व्यापार संघ ने समर्थन करते हुए बाजार बंद रखे। वहीं हॉस्पिटल, मेडिकल शॉप, पेट्रोल पंप, स्कूल-कॉलेज और कोचिंग संस्थानों को बंद में छूट दी गई। ऑटो रिक्शा चालक और सिटी बस यूनियन को स्वेच्छा से निर्णय लेने की छूट दी गई। बंद को जिला सीकर व्यापार महासंघ, सीकर व्यापार संघ सहित 14 संगठनों का समर्थन मिला है। कांग्रेस, माकपा, भाकपा, आरएलपी, बार एसोसिएशन, किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, जनवादी नौजवान सभा, एसएफआई और किसान क्रांति यूनियन ने भी बंद का समर्थन किया। समर्थकों ने ट्रैक्टर पर रैली निकाली। जाट बाजार में सभा की। सभा में मास्टर प्लान से होने वाले नुकसान पर चर्चा के साथ ही आंदोलन की रणनीति तय की। सभा में संघर्ष समिति, व्यापारी और प्रभावित गांवों के लोग शामिल रहे। इससे पहले 16 अगस्त को बंद का ऐलान हुआ था, लेकिन जन्माष्टमी के कारण इसे स्थगित कर 20 अगस्त के लिए तय किया गया।

**6 हजार से ज्यादा आपत्तियां मिली**

संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट सूरजभान सिंह ने बताया कि मास्टर प्लान-2041 के खिलाफ 6 हजार से अधिक आपत्तियां दर्ज की गई हैं। राज्य सरकार ने बिना भौतिक सत्यापन के यह प्लान तैयार किया, जिससे 50 गांवों के किसान और शहर के आस-पास मकान बनाने वालों की जमीनें प्रभावित हुई हैं। प्रस्तावित 200 फीट तक की सड़कों और कृषि भूमि को अलग-अलग उपयोग के लिए आरक्षित करने से लोगों में रोष है। समिति ने मास्टर प्लान रद्द करने की मांग की है।

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति और चुनौतियों की समीक्षा**

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार पर दें जोर : कानाराम

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने विभागीय योजनाओं में जिले की प्रगति से अवगत करवाया।

जिला कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ईकेवाईसी के बारे मे जानकारी ली कि ऐसे कितने परिवार हैं, जिन्हें कवर किया जाना है। मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना में रैंकिंग बढ़ाने, दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने, आभा आईडी लिंकेज बढ़ाने, पेंडिंग लक्ष्य को पूरा करने, जननी सुरक्षा योजना, लाडो योजना का पेमेंट पेंडिंग नहीं रखने, एएनसी रजिस्ट्रेशन के समय गर्भवती की बैंक व जन आधार डिटेल ली जाए, ताकि प्रसव पश्चात योजनाओं का लाभ तुरंत दिया जा सके। मां वाउचर का वितरण करने के बाद गर्भवतियों की सोनोग्राफी करवाना सुनिश्चित की जाए। मौसमी बीमारियों को देखते हुए जलभराव वाले स्थानों पर एमएलओ, एंटी लार्वा गतिविधिया, फोगिंग आदि नियमित रूप से की जाए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आयुष्मान कार्ड वितरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्डों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**टीबी मुक्त भारत अभियान : 31 दिसम्बर तक पूरे करें लक्ष्य**

जिला कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान को गंभीरता से लेते हुए 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान को प्राथमिकता से लिया जाए। लेफ्टआउट जनसंख्या की स्क्रीनिंग कर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वल्नरेबल पॉपुलेशन, चेस्ट एक्स-रे, किट वितरण तथा निक्षय पोषण, जितने टीबी मरीजों को चिन्हित किया जाए, उतने ही निक्षय मित्र बनाए जाएं।

उन्होंने बीसीएमओ को निर्देशित किया कि एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठकों में सम्मिलित होकर मौसमी बीमारियों की रोकथाम संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### मौसमी बीमारियों के मद्देनजर रखें पूरी तैयारी

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित गोयल ने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सीबीनॉट व ट्रूनॉट मशीनों पर अधिकतम सैम्पल की जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभी बीसीएमओ एवं प्रभारी चिकित्सकों को मौसमी बीमारियों के मद्देनजर समुचित तैयारियां बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से सूचना मांगे जाने पर निर्धारित समय पर सूचना भेजना सुनिश्चित करें। एनसीडी कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया। मरीजों को बिना कारण रैफर करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### अधिक प्रसव वाले संस्थानों में पीपीआईयूसीडी लगाने पर जोर

परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) ने अधिक प्रसव वाले संस्थानों में पीपीआईयूसीडी लगाने पर बल दिया, ताकि अनचाहे गर्भधारण से महिलाओं को बचाया जा सके। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी ने पूर्ण टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, वैक्सीनेशन, जेएसवाई भुगतान एवं अन्य आरसीएच गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की और निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के निर्देश दिए।

# बैंक का ऋण नहीं चुकाया, तो सम्पत्ति को किया जब्त

## देवली तहसील प्रशासन, पुलिस व बैंक अधिकारियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

महानगर संवाददाता




**टोंक।** राजस्थान ग्रामीण बैंक से लिए गए ऋण को चुकता नहीं किए जाने पर देवली तहसील प्रशासन, पुलिस व बैंक के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऋणी फर्म मैसर्स बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी प्रो. मेमदेवी जैन पत्नी प्रेमचन्द जैन की थांवला गांव स्थित आवासीय सम्पत्ति को देवली तहसीलदार ने जब्त कर बैंक अधिकारियों के सुपुर्द किया। सरफैसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही करते हुए बैंक में बंधक आवासीय मकान को ताले लगाकर कुर्क किया गया।

तहसीलदार देवली दिनेश पारीक द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा करने की कार्रवाई नायब तहसीलदार शिमला मीणा एवं बाबूदास स्वामी तथा पटवारी गिर्राज नागर, तहसील कार्यालय देवली के स्टाफ सदस्यों, पुलिस थाना नासिरदा के थानाधिकारी व स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय प्रमुख एवं प्राधिकृत अधिकारी के.के. सोनी तथा अधिकृत एजेन्सी एनफोर्समेन्ट एफिलिएट्स प्रा.लि. के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख/प्राधिकृत अधिकारी के.के. सोनी ने बताया कि ऋणी फर्म पर बैंक का लगभग 22.50 लाख रुपए बकाया है तथा सरफैसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अन्तर्गत जारी नोटिस की तामील के पश्चात भी ऋण का भुगतान नहीं होने पर बैंक ऋण की वसूली के लिए ऋणी फर्म की टोंक जिले के गांव थांवला में स्थित आवासीय सम्पत्ति को बैंक के कब्जे में लिया गया है, जिसकी नीलामी की जाएगी।

# 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' समाज और राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर'



महानगर संवाददाता

**मलारना डूंगर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान के तत्वावधान में स्थानीय इकाई-राजकीय महाविद्यालय मलारना डूंगर में 'नीति से परिवर्तन तक-राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मेघराज मीना एवं मुख्य अतिथियों डॉ. मनमोहन शर्मा एवं डॉ. मीठालाल मीणा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता संगठन के जिला सचिव डॉ. मनमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उपयोगिता, शिक्षा क्षेत्र में आए परिवर्तन तथा उच्च शिक्षा में इसके प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. शर्मा ने नीति के माध्यम से शिक्षा में आई नई संभावनाओं एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. मीठालाल मीणा ने अपने उद्बोधन में इस नीति को समाज और राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर बताते हुए शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अंत में प्राचार्य प्रो. मेघराज मीणा ने कहा कि शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक, समग्र एवं मूल्यपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# युवा अवस्था में करें धार्मिक कार्य एवं यात्राएं: सुरम्यमति माताजी



महानगर संवाददाता

**फागी।** कस्बे में विराजमान आर्यिका सुरम्यमति माताजी ने नियमित प्रवचन श्रृंखला में बुधवार को श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्य करने का सही समय युवावस्था ही होती है। ऐसा कभी नहीं सोचें कि अभी तो बहुत समय है, हम बूढ़े होंगे, तब धार्मिक यात्रा कर लेंगे। आज की परिस्थितियों के देखते हुए हमारा शरीर उस अवस्था में सही रूप से चलने-फिरने योग्य नहीं होता। बुढ़ापे में शरीर शिथिल हो जाता है। यात्रा के लिए युवा पीढ़ी का सही समय होता है, जब आप स्वयं शारीरिक रूप से सक्षम होते हैं और पहाड़ वंदना आदि भक्ति भाव से कर सकते हैं।

इसी क्रम में माताजी ने बताया कि साधु आहार चर्या में अपने 36 मूल गुणों का पालन करते हुए श्रावकों द्वारा बनाए गए आहार को अपने नियम अनुसार ग्रहण करता है, जबकि श्रावक इसके विपरीत इच्छाओं के विपरीत भोजन नहीं मिलने पर गुस्सा करते हैं, यह सर्वथा अनुचित है। वहीं बुधवार को फागी जैन समाज से जैन तीर्थराज शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी की वंदना के लिए मितेश लदाना, सौरभ झंडा, आकाश झंडा ने माताजी से आशीर्वाद लेकर चार दिवसीय यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

# रामरतन सैनी बने चाकसू ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष

महानगर संवाददाता



**चाकसू।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता रामरतन सैनी निवासी रामपुरा बुजुर्ग चाकसू को कांग्रेस सेवा दल चाकसू ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, सांभा प्रभारी राजेंद्र सिंह, अड़वाना जिला प्रभारी सीताराम तिवारी, जिलाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी का आभार व्यक्त किया है।

# स्वामी चेतनदास एवं कानदास की बरसी पर दो दिवसीय कार्यक्रम 24 से

महानगर संवाददाता





**सीकर।** यहां रामलीला मैदान के पास स्थित श्री गुलाबदासजी के अखाड़े में स्वामी चेतनदास महाराज की 48वीं व स्वामी कानदासजी महाराज की 13वीं बरसी आगामी 24 व 25 अगस्त को परम्परागत ढंग से श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। अखाड़े के पीठाधीश्वर मोहनदास महाराज ने बताया कि 24 अगस्त की रात सवा नौ बजे से प्रसाद होगा एवं सवा दस बजे से जागरण प्रारम्भ होगा। स्थानीय व बाहर से आए भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। अगले दिन 25 अगस्त को दोपहर सवा 12 बजे समाधि पूजन के बाद भंडारा होगा। गणेशदास ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख साधु-संतों का भी आगमन होगा। अखाड़े में इस आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही है। दो दिवसीय आयोजन में पंजाब, हरियाणा, असम, हैदराबाद से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटवाड़ा में मनोरोग एवं नशामुक्ति कैंप आयोजित

# 35 मरीजों को परामर्श व दवा, तनाव से बचने के बताए उपाय

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटवाड़ा, सवाई माधोपुर में बुधवार को मनोरोग एवं नशामुक्ति कैंप का आयोजन हुआ। कैंप में सामान्य चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ. गौरव चंद्रवंशी ने सेवाएं दी।

कैंप में अनिद्रा, उदासी, काम में मन न लगना, अकेले में बड़बड़ाना, बहम करना, ज्यादा बोलना, बड़ी-बड़ी बातें करना, बार-बार हाथ धोना, डर, घबराहट, बेचैनी, मंदबुद्धि एवं नशे (स्मैक, डोडा, शराब, गांजा, तंबाकू) से संबंधित 35 मरीजों को निशुल्क परामर्श और दवा दी गई। इस दौरान पीएचसी के समस्त स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई और तनाव से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही टेली मानस टोल फ्री सेवा नंबर 14416 के बारे में बताया। वहीं जटवाड़ा के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को मानसिक बीमारियों के बारे में जागरूक किया और तनाव से बचने के उपाय बताए। इस अवसर पर रविन्द्र, अब्दुल, फकीर मोहम्मद, मनोज, दीपक आदि उपस्थिक रहे।

# सेवादल जिलाध्यक्ष भावरिया का विधायक मोदी ने किया स्वागत

## नव-नियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** कांग्रेस सेवादल के नीमकाथाना जिलाध्यक्ष संयोग भावरिया का बुधवार को छावनी स्थित विधायक सुरेश मोदी के आवास पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक मोदी ने भावरिया को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और नव-नियुक्त सेवादल पदाधिकारियों को बधाई देते हुए नियुक्ति पत्र सौंपे।

विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि कांग्रेस सेवादल अनुशासन, सेवा और समर्पण की जीवंत मिसाल है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-नियुक्त पदाधिकारी संगठन की मजबूती के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश और जनहित में निरंतर कार्य करेंगे।

विधायक मोदी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में नए स्मार्ट मीटरों का व्यापक विरोध हो रहा है। यह मीटर आमजन की जेब पर अतिरिक्त भार डाल रहे हैं, जिसे जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। विधायक मोदी ने साफ तौर पर कहा कि स्मार्ट मीटर की आड़ में बिजली बिलों में अनियमितता और मनमानी बढ़ी है, जिससे गरीब और मध्यमवर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इन मीटरों को तुरंत हटाया जाए और पारंपरिक मीटर प्रणाली को बहाल किया जाए।

विधायक मोदी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और संगठन से जुड़े सभी लोगों से अपील की कि वे स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएं और इसे एक जनआंदोलन का रूप दें।

सेवादल जिलाध्यक्ष संयोग भावरिया ने भी राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि राजस्थान में पंचायत चुनाव समय पर नहीं कराए जा रहे हैं, बल्कि जानबूझकर इन्हें टालने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

इस मौके पर नरेश टेलर सेवादल प्रदेश सचिव, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष खुशाल चौहान, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष विरेन्द्र स्वामी, विधानसभा अध्यक्ष देवेन्द्र बिजारणियां, युवा बिग्रेड विधानसभा अध्यक्ष बंटी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीमकाथाना श्रीचंद सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन सुरेन्द्र शर्मा एवं समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## आचार्य महाप्रभु स्वामी श्यामचरणदास महाराज के 323वें जयंती महोत्सव के तहत सरदार पटेल मार्ग पर भक्तमाल कथा

# भक्ति में जिद नहीं समर्पण होता है : इंद्रेश महाराज





**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** आचार्य महाप्रभु स्वामी श्यामचरणदास महाराज के 323वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सी-स्कीम के सरदार पटेल मार्ग स्थित बृज विला में आयोजित भक्तमाल कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से श्रीधाम वृंदावन के भक्तमाली इंद्रेश महाराज ने कहा कि सच्चा भक्त कभी जिद नहीं करता, वह केवल प्रार्थना करता है। स्वीकार करना या नहीं करना भगवान की मर्जी पर छोड़ देना चाहिए। प्रार्थना स्वीकार नहीं होती है तो बुरा नहीं मानना चाहिए। पीछे पड़ने का नाम प्रेम नहीं है। प्रेम में एक बार निवेदन किया जाता है बार-बार नहीं। प्रेम समर्पण का नाम है। एक अन्य प्रसंग में उन्होंने कहा कि स्वयं ठाकुरजी ने अपने भक्तों को गृहस्थ धर्म में प्रवेश करने की आज्ञा प्रदान की है। ठाकुरजी स्वयं अपने भक्त के घर बालक बनकर आए हैं। बाद में सद्गुरुदेव ने अपने शिष्यों को भी गृहस्थ धर्म में प्रवेश करने की आज्ञा प्रदान की। इस परंपरा के आधार पर जयपुर में श्रीसरस निकुंज की स्थापना हुई। यह निवृद्ध निकुंज है, इसमें वे ही प्रवेश कर पाते हैं, जिस पर ठाकुरजी की कृपा होती है। प्रारंभ में शुक संप्रदायाचार्य पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, आयोजक रामगोपाल सर्राफ, प्रवीण बड़े भैया सहित अन्य भक्तजनों ने व्यासपीठ का पूजन किया।

कथा व्यास इंद्रेश महाराज का माल्यार्पण और तिलक कर अभिनंदन किया गया। मधुर स्वर में कुंज बिहारी श्री शुकदेव श्याम चरणदास जय श्री शुकदेव..., जय राधे जय कृष्ण जय वृंदावन, रसिक मुकुट मणि जय गोपीधन..., राधे राधे रट श्याम राधे राधे श्याम श्याम..., राधा कृष्ण युगल नाम मेरो है जीवन... कीर्तन की स्वर लहरियां बिखेरी गईं। उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर नृत्य करने लगे। आयोजन स्थल पर श्रीनाथ जी सहित श्री शुक संप्रदाय के आचार्यों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर शुक संप्रदाय के आचार्य जुगल माधुरीजी की 137वीं जयंती पर शब्दांजलि अर्पित की गई। जुगल माधुरीजी ने गजल शैली में ठाकुरजी का गुणगान किया था। विभिन्न पीठों-मंदिरों के पीठाधीश्वर, संत-महंत भी कथा श्रवण करने पहुंचे। प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि भक्तमाल कथा 25 अगस्त तक अपराह्न 4 से शाम 7:30 बजे तक होगी।

# विद्यालय में किया पौधरोपण

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन की ओर से संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर के जन्मदिन पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, श्रीकिशनपुरा, सांगानेर में वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था की ओर से बच्चों एवं ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए। उन्हें पेड़-पौधों की महत्ता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव पाठक ने कहा कि एक पौधा केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष मनीषा जैन ने संस्था की गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक कार्यों, निशुल्क चिकित्सा शिविर सहित पौधरोपण अभियानों और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित




**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** भारत विकास परिषद शाखा, सांगानेर की ओर से बुधवार को प्रताप नगर स्थित सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद शाखा, सांगानेर के सचिव जगरूप सिंह एवं प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी ने विद्यार्थियों को परिषद की कार्यशैली एवं महत्व से अवगत करवाया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एचजीएस चौहान, ललित नारायण शर्मा, मेघा शर्मा, एसआर गोदारा, गिरीश कारवानी को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों सोनल कोवरजानी, कनिष्क जोनवाल, लावन्या अग्रवाल, नंदनी भोजवानी एवं अर्नव सिंह राघव को विभिन्न उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सचिव जगरूप सिंह एवं प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर त्यागी ने विद्यार्थियों को शिक्षकों, माता-पिता एवं मातृशक्ति का सम्मान करने की शपथ दिलवाई। विद्यालय प्राचार्य डॉ. एसडी शर्मा ने परिषद के पदाधिकारियों का आभार जताया और विद्यार्थियों को शिक्षा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में आगे बढ़ कर कार्य करने को प्रोत्साहित किया।

# पुत्र की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा बच्छ बारस का व्रत

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** भाद्रपद कृष्ण द्वादशी बुधवार को गौवत्सा द्वादशी (बच्छ बारस) के रूप में मनाई गई। महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा कर अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना की। गाय के खुरों में थोड़ा सा पानी डालकर चुनरी ओढ़ाई। सींग पर मोली बांधकर रातभर भीगे मूंग-मोठ-चना और मक्का की रोटी खिलाई। बछड़े वाली गाय की पूजा कर कथा सुनी। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत की कथा सुनी। गाय की पूंछ को सिर पर लगाकर महिलाओं ने गाय और बछड़े की परिक्रमा कर पुत्र के लिए मंगल कामना की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभिन्न गौशालाओं में जाकर बछड़े वाली



गाय का पूजन किया।

### गेहूं की चपाती से किया परहेज

घरों में महिलाओं ने गेहूं की जगह मक्का, चना, मूंग और मोठ खाने में काम लिया। घरों में सब्जी चाकू से काटे बिना ही बनाई गई, या फिर ऐसी सब्जी बनाई गई, जिसे काटने की नौबत ही नहीं आई। महिलाओं ने दिनभर चाकू से कटे फलों का त्याग किया।

## मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में नौ दिवसीय गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ

# प्रथम पूज्य को लगाया सवा लाख मोदकों का भोग

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में बुधवार को मोदक झांकी के साथ गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मंदिर महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में सवा लाख मोदकों की झांकी सजाई गई।



बुधवार को शुरू हुए नौ दिवसीय भगवान श्रीगणेशजी महाराज जन्मोत्सव में श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर में सजी सवा लाख मोदकों की भव्य झांकी ने मानों भक्तों का मन मोह लिया। गणपति बप्पा को माणक-पन्ना जड़ित विशेष मुकुट से श्रृंगारित किया गया। जैसे ही भगवान के दर्शन हुए, पूरा मंदिर परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। सुबह 5 बजे से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। गणेशजी की एक झलक पाने को श्रद्धालु आतुर दिखाई दिए। मोदक झांकी का मुख्य आकर्षण 251-251 किलो के दो विशाल मोदक रहे। इनके साथ ही 51 किलो के 5 मोदक, 21 किलो के 21 मोदक और 1.25 किलो के 1100 मोदक भगवान के चरणों में अर्पित किए गए। हजारों की संख्या में छोटे मोदकों की झांकी दिव्यता बिखेर रही थी। मोदकों को बनाने में 14600 किलो सामग्री का उपयोग हुआ। जिसमें 2500 किलो घी, 3000 किलो बेसन, 9000 किलो शक्कर और 100 किलो मेवा सम्मिलित रहे। शाम को भक्तों को निशुल्क मोदक वितरित किए गए।

### पुष्य नक्षत्र अभिषेक आज

जन्मोत्सव के तहत 21 अगस्त को पुष्य नक्षत्र पर भगवान श्री गणेश का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। गणेशजी की प्रतिमा का 251 किलोग्राम दूध, 25 किलोग्राम बूरा, 50 किलोग्राम दही, 11 किलोग्राम शहद और 11 किलोग्राम घी से अभिषेक किया जाएगा। अथर्व शीर्ष मंत्रों के साथ मोदक अर्पित किए जाएंगे। 22 अगस्त की शाम 7 बजे मंदिर परिसर में ध्रुपद गायन होगा। अगले तीन दिन यानी 23, 24, 25 अगस्त की शाम को कत्थक नृत्य का कार्यक्रम होगा।

# पाटोत्सव पर सजाई गई अमरनाथ बर्फानी की झांकी

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** पानीपेच स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का 59वां पाटोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष रविंद्र यादव और महासचिव विमल अग्रवाल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ सहित सभी विग्रहों का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। बाबा भोलेनाथ की रंगीन बर्फों से झांकी सजाई गई। हजारों लोगों ने मनोरम झांकी के दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में समिति के सलाहकार सदस्य हरीश शर्मा, विनोद अग्रवाल, अनुपम शाह, नरेश सिंघल, सुरेश अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश चौधरी, श्याम यादव, उपाध्यक्ष राधा कृष्ण मांडल, संजय शर्मा, विष्णु बियानी, महेश सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिति की ओर से सभी का सम्मान किया गया।

# सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की तैयारियां शुरू



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में 4 अक्टूबर को जयसिंहपुरा रोड भांकरोटा स्थित द हेरिटेज रिसोर्ट में संत अमरनाथ महाराज के सान्निध्य में श्री हनुमान चालीसा का 108 बार सामूहिक पाठ किया जाएगा। महाआरती के बाद प्रसादी का आयोजन होगा।

आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन स्थल पर आयोजित बैठक में भागचंद वर्मा, महेश गुप्ता, आशीष गौतम, बिरदीचंद कुमावत, राधेश्याम बैराठी, रामावतार छीपा, योगेन्द्र नीखरा, मुकेश कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अमरनाथ महाराज ने बताया कि जो भी भक्त पाठ करना चाहते हैं, वे निशुल्क रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं। रजिस्ट्रेशन के लिए पहचान पत्र अनिवार्य है। पाठ करने वाले भक्तों को काउंटिंग मशीन, हनुमान चालीसा पुस्तिका भेंट की जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश केवल निशुल्क पास से होगा।

# अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है पर्यूषण

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** जैन श्वेतांबर समाज का पवित्र पर्व पर्यूषण बुधवार से प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने पहले दिन आत्म-शुद्धि और आध्यात्मिक साधना की। दिल्ली रोड गलता गेट स्थित ऋषभ जैन प्रासाद, मोहनबाड़ी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तप साधना करने जुटे। जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ की ओर से आयोजित पर्यूषण पर्व में मणिप्रभाश्री महाराज ने कहा कि पर्यूषण पर्व आत्मा को शुद्ध करने वाला सर्वोत्तम पर्व है। यह हमें बाहर से भीतर, अनित्य से नित्य, अशाश्वत से शाश्वत और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। इन आठ दिनों में प्रत्येक व्यक्ति को आत्म-मंथन कर क्षमापना दिवस पर सभी के प्रति मन में रही कटुता को मिटाकर मन को शुद्ध, पवित्र और निर्मल बनाना चाहिए। दादाबाड़ी, अणुविभा केंद्र सहित श्वेतांबर जैन समाज के अन्य मंदिरों में भी पर्यूषण पर्व पर तप-साधना प्रधान आयोजन प्रारंभ हो गए।

# सद्भावना दिवस पर दिया राजीव गांधी समरसता रत्न



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं समरसता इंटरनेशनल कांग्रेस के तत्वावधान में सद्भावना दिवस का आयोजन जयपुर रोटरी क्लब बिल्डिंग में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सी.पी. जोशी, पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह, ग्लोबल चांसलर डॉ. हुकमचंद गनेशिया तथा वैद्य श्याम सुंदर पारीक रहे। अतिथियों ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया और कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं सूचना क्रांति के क्षेत्र में भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। मंच संयोजक कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि मंच की स्थापना महावीर प्रसाद टोरडी एवं नेपाल के पूर्व उपराष्ट्रपति परमानंद झा ने की थी। इस अवसर पर चयन समिति ने सात विभूतियों को राजीव गांधी समरसता रत्न अलंकरण और 25 प्रतिभाओं को राजीव गांधी समरसता अवॉर्ड से सम्मानित किया। सभी सम्मानित प्रतिभाओं को 27-28 दिसंबर को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती समारोह में आमंत्रित किया है। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुमार पांडे ने किया।

## जयपुर में आयोजित होगा मेयो कॉलेज अजमेर के 150 वर्ष पूर्ण होने का जश्न

# मेयो एलुमनाई एसोसिएशन जयपुर चैप्टर अक्टूबर में करेगा विविध आयोजन

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** अजमेर स्थित मेयो कॉलेज अपनी स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस जश्न की श्रृंखला में मेयो एलुमिनाई एसोसिएशन जयपुर चैप्टर द्वारा 11 और 12 अक्टूबर को जयपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयपुर में होने वाले कार्यक्रम के संबंध में मेयो एलुमिनाई एसोसिएशन जयपुर चैप्टर की आयोजन समिति ने अशोक क्लब में समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष जगदीप सिंह ने की। इस अवसर पर जयपुर के कार्यक्रम के लिए संयोजक हरीश भार्गव ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पोलो मैच, गोल्फ टूर्नामेंट, क्रिकेट, फुटबॉल



मैच और पिकल बॉल खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतिस्पर्धाओं में देशभर से एलुमिनाई और एलुमिनाई एसोसिएशन मेंबर्स हिस्सा लेंगे। वहीं 12 अक्टूबर की शाम नारायण निवास में भव्य गाला डिनर का आयोजन होगा। बैठक में मेयो एलुमिनाई एसोसिएशन जयपुर चैप्टर के सचिव पृथ्वी सिंह कानोता और कोषाध्यक्ष शशांक कौरानी मौजूद रहे। वहीं विवेक बाली, ऋचा सिंह, सलोनी भंडारी, कविता चौहान सहित अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

# धर्म जागृति संस्थान का राष्ट्रीय अधिवेशन 24 को

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का रजत वर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन 24 अगस्त को जैन तीर्थ स्थल अहिंसा पार्श्वनाथ, रामगंज में प्राकृत भाषा चक्रवर्ती आचार्य वसुनंदी महामुनिराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित होगा। राष्ट्रीय महामंत्री भूपेंद्र जैन, प्रचार सचिव संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि अधिवेशन में राजस्थान सहित देश के 10 राज्यों से पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। समाज की ज्वलंत समस्याओं, शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं जैसे विषयों पर चर्चा होगी। वहीं रजत जयंती वर्ष की स्मारिका का विमोचन होगा, जिसका संपादन पं. मनोज जैन शास्त्री कर रहे हैं। कार्यक्रम में दो सत्र होंगे, जिसमें दूसरे सत्र में देव-शास्त्र-गुरु के प्रति समर्पित भक्तजनों का सम्मान किया जाएगा। राजस्थान प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि उपाध्याय वृषभानंद मुनिराज ने आयोजन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया है।

# तिलक पार्क के बाहर इंटरलॉकिंग टाइल्स का किया उद्घाटन

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** विधायक कालीचरण सराफ ने तिलक नगर वार्ड-148 स्थित तिलक पार्क के बाहर इंटरलॉकिंग टाइल्स का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्मकुमार सैनी ने की। पार्षद महेश सैनी ने बताया की पार्क में घूमने आने वाले लोगों की मांग थी कि पार्क के बाहर नई इंटरलॉकिंग टाइल लगवाई जाएं। इस पर तिलक नगर के लोगों ने विधायक का दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नटवर कुमावत, राजापार्क मंडल उपाध्यक्ष अजय सैनी, वार्ड अध्यक्ष विजय सैनी, राजापार्क मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र बैराठी, अतुल कल्ला, राकेश सैन, दीपक चतुर्वेदी, अभिषेक पाठक, अजीत शर्मा, गौरव अग्रवाल, सुशील गुप्ता, समीर माथुर, अंकुर माथुर, यश भाटिया, नीरज यादव, ग्यारसी लाल कुमावत, सुमित माथुर, पुरुषोत्तम सोनी, रमाशंकर शर्मा, सुनीश मारू, डॉ. देवेंद्र व्यास, कमलेश प्रकाश माथुर, अनिल भाटिया, दुर्गेश प्रकाश माथुर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## आईआईआईएम जयपुर में एमसीए और एमबीए के नए विद्यार्थियों का 'परिचय-2025' कार्यक्रम

# सोशल मीडिया से केवल सकारात्मक बातें ही ग्रहण करें विद्यार्थी : अनुज माथुर

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट (आईआईआईएम), जयपुर में एमसीए और एमबीए प्रथम वर्ष के नए छात्र-छात्राओं के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'परिचय-2025' का आयोजन किया गया। यह तीन सप्ताह तक चलने वाला कार्यक्रम छात्रों को संस्थान की संस्कृति, नियम एवं शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराने के






साथ उन्हें कॉर्पोरेट दुनिया के लिए तैयार करने का मंच प्रदान करेगा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम का आरंभ पंजीकरण प्रक्रिया से हुआ, जहां नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया और उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी गई। आईआईआईएम निदेशक प्रो. रूपा माथुर और प्राचार्य प्रो. मंजु नायर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल अनुज माथुर ने नए विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आज का युवा सोशल मीडिया के माध्यम से असंख्य जानकारियों एवं विचारों से घिरा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया से केवल सकारात्मक बातें ही ग्रहण करें, जिससे उनके व्यक्तित्व और सोच को ऊर्जावान बनने में मदद मिले। स्वयं से हमेशा ऊंची उम्मीदें रखें और अपने कार्यों को अपने नैतिक मूल्यों से प्रेरित रखें।

जब आपका काम नैतिकता के साथ जुड़ा होगा तो सफलता और सम्मान आपके पीछे-पीछे आएंगे। गौरतलब है कि परिचय-2025 कार्यक्रम ने नए विद्यार्थियों के लिए ना केवल संस्थान से परिचय कराया, बल्कि उन्हें मनोबल बढ़ाने, सकारात्मक सोच अपनाने और नैतिक मूल्य बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। आईआईआईएम जयपुर की यह पहल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, व्यावसायिक कौशल तथा व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी।

**ये होंगे कार्यक्रम:** तीन सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में एमबीए और एमसीए विद्यार्थियों के लिए परिचयात्मक सत्र, प्रेरक भाषण, नेतृत्व विकास, तकनीकी कौशल, फिटनेस, और कॅरियर मार्गदर्शन के विविध कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रम में नेतृत्व राष्ट्रीय परीक्षा और साथी विद्यार्थियों के साथ टीम एक्टिविटी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के प्रमुख सत्रों में जुम्बा फिटनेस सत्र, प्रबंधन विषयक व्याख्यान, एआई और तकनीकी उन्नति पर विशेष चर्चा, परफॉर्मेंस एंड मथेमेटिकल एबिलिटी परीक्षण और इंडस्ट्रियल विजिट (विप्रो टेक्नोलॉजीज) का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में कहानी कहने की कला, टैलेंट हंट शो, जीवन कौशल सत्र और वित्तीय प्रबंधन जैसे व्यावहारिक विषय भी शामिल हैं। समापन दिवस पर रणनीति, डिजाइन थिंकिंग और प्लेसमेंट से संबंधित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जो छात्रों को उनके कॅरियर विकास के लिए तैयार करेगा।

# वैश्विक हालात ने बदली सोच

## भारत-चीन के बीच आर्थिक सहयोग की दिशा में खुलेगा नया अध्याय

**दुनिया भर** में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में अगर अलग-अलग देशों के बीच संबंधों के समीकरण में तेजी से बदलाव आते देखे जा रहे हैं, तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। इस कड़ी में देखें तो चीन के विदेश मंत्री के भारत दौरे से जो संकेत उभरे हैं, वे न केवल भारत के लिए नए कूटनीतिक मोर्चे के तहत भावी मुश्किलों से निपटने की तैयारी की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इससे यह भी साबित होता है कि मौजूदा विश्व में विकसित या मजबूत देशों को इस तरह का भ्रम नहीं रखना चाहिए कि वे मनमाने तरीके से किसी अन्य देश पर अपनी नीतियां थोप सकेंगे। हालांकि अब भारत जल्दबाजी में किसी फैसले तक पहुंचने के बजाए सावधानी से परिस्थितियों का आकलन करने और अपने हित को तरजीह देने की नीति के तहत कदम बढ़ा रहा है। अमेरिका अपनी सुविधा के मुताबिक जिस तरह शुल्क थोपने की नीति पर चल रहा है, उसमें भारत के सामने कुछ जटिल परिस्थितियां खड़ी हो रही हैं। इन्हीं से निपटने के लिए रूस और चीन के साथ भारत नए समीकरण बनने की संभावनाएं देख रहा है। मगर साथ ही भारत के लिए अपनी संप्रभुता का सवाल भी सबसे ऊपर है। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते में क्यों अड़चन आ रही है, इस बारे में अब सभी को पता है, लेकिन भारत की चिंताओं को समझने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के बजाए ट्रंप दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। मौजूदा संकट इसलिए भी ज्यादा उलझ गया है, क्योंकि चीन की बढ़ती मनमानी को रोकने के लिए भारत को अहम साझेदार मानने के बावजूद



अमेरिका आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठा रहा है। हालांकि इतिहास पर नजर डालें, तो वॉशिंगटन के लिए यह नई बात नहीं लगती। 80 के दशक के आखिर में भी अमेरिका को व्यापार घाटे की चिंता सता रही थी और तब उसके निशाने पर जापान था। उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार मिला कि अगर कोई देश अमेरिका के खिलाफ अनुचित व्यापार नीतियां अपनाता है, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सके। लेकिन, यह अधिकार मिलने के बाद तत्कालीन यूएस प्रेजिडेंट जॉर्ज एचडब्लू बुश ने जापान के साथ-साथ भारत और अमेरिकी सहयोगियों - यूरोप, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लाद दिया। 1989 में जब उन्होंने भारत को टारगेट किया था, तब भी सरकार का यही कहना था कि वह किसी दबाव में नहीं झुकेगी। अमेरिका फिर से इतिहास को दोहरा रहा है। ट्रंप चीन को सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानते हैं, लेकिन सबसे पहले समझौता उसी से किया। ऐसे में भारत को ट्रंप प्रशासन से बात करते हुए अमेरिका के अतीत और आज के हालात, दोनों पर नजर रखनी होगी। यह डील अमेरिकी इकॉनमी के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी भारत के लिए। दरअसल, यह जगजाहिर रहा है कि चीन के साथ सीमा पर भारत के लिए किस तरह के जटिल हालात बनते रहे हैं। शायद यही वजह है कि चीन के विदेश मंत्री से भारतीय विदेश मंत्री ने साफ कहा कि संबंधों में सुधार जरूरी है, लेकिन उसके लिए पहले सीमा पर तनाव घटाना होगा। वहीं, चीनी विदेश मंत्री ने भी कहा कि दोनों देशों के संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समय-समय पर अचानक खड़ी होने वाली परिस्थितियों की वजह से देशों के बीच संबंधों के समीकरणों में बदलाव होता रहा है। इसी क्रम में चीन के साथ हर वक्त सावधानी से संबंधों का निर्वाह करने के बावजूद भारत अभी अपने सामने खड़े विकल्पों में से प्राथमिकता के आधार पर राह चुनने को महत्व दे रहा है। मगर यह याद रखने की जरूरत होगी कि चीन की नीतियों और उसके विस्तारवादी रवैये की वजह से भारत के सामने किस तरह की दुविधाएं और मुश्किलें खड़ी होती रही हैं। भारत और चीन ने संकेत दिए हैं कि वे रिश्तों को अप्रेल 2020 से पहले वाली स्थिति की ओर ले जाना चाहते हैं। यह वही समय था जब गलवान संघर्ष से पहले दोनों देशों के बीच आर्थिक और कूटनीतिक संवाद अपेक्षाकृत सामान्य थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 23 अक्टूबर, 2024 की मुलाकात ने इस दिशा में आधार तैयार किया। अब 31 अगस्त को तियानजिन में होने वाले एससीओ सम्मेलन में दोनों नेताओं की मुलाकात से और ठोस प्रगति की उम्मीद है। भारत और चीन का यह कदम न केवल द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करेगा, बल्कि एशिया और वैश्विक राजनीति में भी अहम संदेश देगा। एक ओर जहां पाकिस्तान के साथ चीन की नजदीकियों के बावजूद, भारत शांति और विकास के हित में चीन से रिश्ते सामान्य करने का इच्छुक दिख रहा है तो वहीं दूसरी ओर अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच, चीन भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव को लंबा खींचने से बचना चाहता है। इससे पूरी दुनिया को यह संदेश जाता है कि एशिया की दो बड़ी शक्तियां अपने विवादों को बातचीत से सुलझाने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि यह कदम ऐतिहासिक है, लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि भारत-चीन सीमा विवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इसकी कुछ ठोस वजहें हैं। जैसे अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश जैसे बड़े विवादित हिस्सों पर अभी भी कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति और पाकिस्तान में उसकी गहरी पैठ भारत के लिए चिंता का विषय है। वहीं सीमांकन और रेखांकन की प्रक्रिया लंबी और तकनीकी है, जिसमें जमीनी हकीकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति दोनों की अहम भूमिका होगी। भारत इस प्रक्रिया को 'विश्वास निर्माण' और 'चरणबद्ध समाधान' की रणनीति से आगे बढ़ाना चाहता है। यानी छोटे-छोटे विवाद खत्म कर बड़े मुद्दों के समाधान की राह आसान करना। घरेलू स्तर पर भारत यह भी दिखाना चाहता है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है लेकिन अपनी संप्रभुता और सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा। अब तियानजिन एससीओ सम्मेलन पर सबकी निगाहें टिकी हैं। अगर मोदी और शी जिनपिंग के बीच ठोस वार्ता होती है, तो सीमा विवाद समाधान की दिशा में नया रोडमैप सामने आ सकता है। रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि अगर सीमा पर शांति बनी रहती है तो भारत और चीन आर्थिक सहयोग की दिशा में भी नए अध्याय खोल सकते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समय-समय पर अचानक खड़ी होने वाली परिस्थितियों की वजह से देशों के बीच संबंधों के समीकरणों में बदलाव होता रहा है। इसी क्रम में चीन के साथ हर वक्त सावधानी से संबंधों का निर्वाह करने के बावजूद भारत अभी अपने सामने खड़े विकल्पों में से प्राथमिकता के आधार पर राह चुनने को महत्व दे रहा है। मगर यह याद रखने की जरूरत होगी कि चीन की नीतियों और उसके विस्तारवादी रवैये की वजह से भारत के सामने किस तरह की दुविधाएं और मुश्किलें खड़ी होती रही हैं। अब तियानजिन एससीओ सम्मेलन पर सबकी निगाहें टिकी हैं। अगर मोदी और शी जिनपिंग के बीच ठोस वार्ता होती है, तो सीमा विवाद समाधान की दिशा में नया रोडमैप सामने आ सकता है। अगर सीमा पर शांति बनी रहती है तो भारत और चीन आर्थिक सहयोग की दिशा में भी नए अध्याय खोल सकते हैं।**

# नवाचार : हाइड्रोजन-भारत के हरित भविष्य का ईंधन

नागार्जुन

30 मार्च, 2022 का दिन खास था। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सफेद टोयोटा मिराई से संसद पहुंचे थे। यह सिर्फ एक वाहन की सवारी नहीं थी, बल्कि एक विचार की शुरुआत थी। मिराई, का जापानी में अर्थ होता है 'भविष्य'। वाकई यह भारत के ऊर्जा भविष्य की झलक थी। गडकरी का यह कदम केवल तकनीक के प्रति समर्थन नहीं था, बल्कि एक संदेश था, 'हम पर्यावरण के प्रति गंभीर हैं और भारत का भविष्य हाइड्रोजन में छिपा है। यह भविष्य का ईंधन है- सस्ता, स्वदेशी व प्रदूषण मुक्त।'




तीन वर्ष बाद मार्च 2025 में जब वे फिर से हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार से संसद आए तो यह सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि नीति का हिस्सा था। इस बार उन्होंने स्पष्ट कहा, 'भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, प्रदूषण से मुक्त करना है और ऊर्जा के नए साधनों को अपनाना है।' इन तीन वर्षों में पायलट परियोजनाएं, सरकारी बजट, उद्योग सहभागिता, मार्ग परीक्षण-ये सभी स्वरूप आकार लेने लगे। तो क्या यह भारत की फ्यूचर कार है? भारत में हाइड्रोजन मोबिलिटी सिर्फ एक प्रयोग नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक ठोस कदम बन चुकी है। जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दूसरी बार संसद हाइड्रोजन कार से पहुंचे, तो यह संकेत था कि देश में अब यह तकनीक आकार ले चुकी है। 2030 तक 10 लाख हाइड्रोजन वाहन सड़कों पर उतारने का लक्ष्य इसका प्रमाण है।

### भविष्य की एक झलक

गडकरी हाइड्रोजन को 'भविष्य का ईंधन' बताते हैं। इसकी वजह है, हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से बिजली बनाते हैं, जिससे केवल पानी की बूंदें निकलती हैं। न धुआं, न प्रदूषण। एक बार टैंक भरने पर कार 600-700 किमी. चलती है और 5 मिनट में रीफिल हो जाती हैं। गडकरी के अनुसार, 80 रुपए प्रति किलो हाइड्रोजन से 400 किमी. की दूरी तय की जा सकती है। वे कहते हैं, 'हमें पेट्रोल-डीजल के आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। हम ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेंगे, इसके स्टेशन बनाएंगे और भारत इसे निर्यात करने वाला देश बनेगा।' पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में हाइड्रोजन कारें सस्ती हैं। ग्रीन हाइड्रोजन देश में ही उत्पादन हो सकता है, इसलिए पैसे की बचत होगी। महत्वपूर्ण बात यह कि लंबी दूरी के लिए यह इलेक्ट्रिक-बैटरी वाहनों की तुलना में अधिक सफल है। यह न सिर्फ सड़कों को, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को भी नई दिशा दे सकती है।

### पायलट परियोजना

हालांकि, भारत में हाइड्रोजन वाहन अभी प्रारंभिक चरण में ही हैं, लेकिन नीति और उद्योग सहभागिता इस पायलट परियोजना को स्पष्ट दिशा प्रदान कर रही है। आज लेह में 5 हाइड्रोजन बसें चल रही हैं, जो 350 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने और 230 टन शुद्ध ऑक्सीजन उत्पन्न करने में मदद करेगा, जो लगभग 13,000 पेड़ों से उत्सर्जित आक्सीजन के बराबर है। सोचिए, बिना एक पेड़ लगाए, हमने प्रकृति को कितना लौटाया! क्या यह स्वच्छ हवा वापस पाने की दिशा में बड़ा कदम नहीं है? यह सिर्फ तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की वायु गुणवत्ता सुधार यात्रा का एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो स्वस्थ जीवन की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत में पायलट परियोजना के तहत हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार टोयोटा मिराई का परीक्षण पहले से ही चल रहा है। हालांकि, अभी देश में कुछ दर्जन हाइड्रोजन वाहन ही हैं, पर नीति, उद्योग और पायलट परियोजनाओं के जरिए इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से 4 जनवरी, 2023 को नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू हुआ था। इसके तहत 19,744 करोड़ का बजट है और 9 रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। देश में 5 पायलट परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें 37 हाइड्रोजन वाहन (15 फ्यूल- सेल और 22एचडब्ल्यू-आईसीई गाड़ियां) शामिल हैं। ये वाहन देश के 10 प्रमुख मार्गों पर चलेंगे, जैसे-ग्रेटर नोएडा-दिल्ली-आगरा, भुवनेश्वर-कोणार्क-पुरी, अमदाबाद- सूरत-मुंबई आदि। इसके लिए लगभग 208 करोड़ का बजट रखा गया है।




### भागीदारी और भविष्य

नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में रिलायंस, टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, एनटीपीसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसी जैसी कंपनियां साझीदार हैं। गुजरात के जामनगर में रिलायंस करीब 25 वाणिज्यिक वाहनों (22 एचडब्ल्यू-आईसीई ट्रक, 2 फ्यूल–सेल ट्रक व 1 बस) का परीक्षण कर रही है। 2030 तक भारत 50 लाख टन हाइड्रोजन उत्पादन कर सकता है, जिससे 1 लाख करोड़ का ईंधन आयात बच सकता है। हालांकि, इसमें कुछ चुनौतियां हैं, जैसे- भारत में हाइड्रोजन कारों की सीमित उपलब्धता, हाइड्रोजन का उत्पादन, परिवहन व भंडारण के साथ-साथ हाइड्रोजन रीफ्यूलिंग स्टेशनों की भी कमी है। फिर भी, सरकार और कंपनियां इस दिशा में तेजी से काम कर रही हैं। गडकरी का मानना है कि अगले कुछ सालों में हाइड्रोजन कारें आम लोगों की पहुंच में होंगी। सरकार का लक्ष्य 2030 तक हाइड्रोजन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाकर इसे मुख्यधारा में लाने का है।

### दुनिया में स्थिति

दुनिया में हाइड्रोजन कारें अभी शुरुआती दौर में हैं। जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, अमेरिका और चीन जैसे देशों ने इस तकनीक को अपनाया है। 2022 तक दुनिया भर में लगभग 70,200 हाइड्रोजन फ्यूल- सेल वाहन बिक चुके थे, लेकिन 2023–24 में बाजार में इनकी हिस्सेदारी कम रही। बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन की तुलना में इनकी बिक्री लगभग 0.02 फीसदी रही। टोयोटा मिराई एक प्रमुख मॉडल है, जिसकी 2022 में दुनियाभर में 3,924 इकाइयां बिकीं। 2023 में 4,023 और 2024 में केवल 1,702 इकाइयां बिकीं। जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, अमेरिका, चीन में हाइड्रोजन कार उपलब्ध है, पर इनकी बिक्री बहुत सीमित है। कुल मिलाकर, 2023 तक दुनिया भर में लगभग 87,600 हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहन चल रहे थे। इनमें अधिकतर जापान और दक्षिण कोरिया में थे। दुनिया में दिसंबर 2024 तक हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन की संख्या 980 थी। इनमें 550 से अधिक एशिया (जापान, चीन, दक्षिण कोरिया सहित) और अमेरिका में 52 (50 कैलिफोर्निया, 1 हवाई व 1 वाशिंगटन) हैं। भारत इस तकनीक को तेजी से अपना रहा है और हाइड्रोजन वाहनों का निर्माता-निर्यातक बनने की दिशा में अग्रसर है।

### भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

25 जुलाई, 2025 को भारत ने चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में निर्मित पहली स्वदेशी हाइड्रोजन-चालित ट्रेन का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ भारत, जर्मनी, फ्रांस और जापान जैसे देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो रेलवे में हाइड्रोजन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। यह कदम 'नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन' लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। आईसीएफ में निर्मित और रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) लखनऊ द्वारा डिजाइन की गई इस हाइड्रोजन ट्रेन में कुल 8 कोच हैं, जिनमें दो कोच हाइड्रोजन सिलेंडर और फ्यूल सेल सिस्टम के लिए हैं। यह ट्रेन 110 किमी/घंटा की रफ्तार से चलती है और एक बार में 2,638 यात्री ले जा सकती है। इसका 1,200 हॉर्सपावर वाला इंजन इसे दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल करता है। अन्य देशों में 500-600 हॉर्सपावर वाले इंजन हैं। भारतीय रेलवे पहले चरण में 35 हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन करेगा। एक ट्रेन की लागत लगभग 80 करोड़ रुपए और एक मार्ग के लिए ढांचा तैयार करने में 70 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रेल मंत्रालय ने 111.83 करोड़ रुपए से एक पायलट परियोजना शुरू की है। इसका उद्देश्य डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट्स (डीईएमयू) ट्रेनों को हाइड्रोजन ईंधन में बदल कर उत्तर रेलवे में जींद-सोनीपत खंड पर चलाना है। इसी के तहत दिल्ली मंडल के अंतर्गत हरियाणा में जींद से सोनीपत तक 89 किमी मार्ग पर इसका परीक्षण किया गया, जो काफी हद तक सफल रहा। भविष्य में कालका-शिमला जैसे पर्यटन मार्गों पर भी यह ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे का लक्ष्य 2030 तक 'नेट-जीरो कार्बन एमिटर' बनना है। इसके लिए 2,800 करोड़ की योजना के तहत हाइड्रोजन ट्रेन, ईंधन उत्पादन, भंडारण और वितरण प्रणाली विकसित की जा रही है। **हाइड्रोजन ट्रेन जरूरी क्यों? :** हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेनों का परिचालन विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी होगा, जहां रेलवे विद्युतीकरण कठिन या महंगा है। भारत ने 2023 में 'हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज' पहल शुरू की थी ताकि पर्वतीय और धरोहर मार्गों पर डीजल की जगह स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग किया जा सके। इस ट्रेन की खास बात यह है कि यह हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से बिजली उत्पन्न करती है और किसी भी हानिकारक गैस का उत्सर्जन नहीं करती। हाइड्रोजन तकनीक न केवल कार्बन उत्सर्जन घटाएगी, बल्कि पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देगी। यह कदम ऊर्जा सुरक्षा,स्वच्छ पर्यावरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी पहल है। **दुनिया में हाइड्रोजन ट्रेन:** भारत से पहले पांच देश- जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, स्विट्जरलैंड और चीन-हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन कर चुके हैं।



### एक नई शुरुआत


भारत में हाइड्रोजन मोबिलिटी की दिशा में एक नई शुरुआत हो चुकी है। सरकार टोयोटा मिराई जैसी हाइड्रोजन कारों के प्रदर्शन के लिए टोयोटा किर्लोस्कर औरआईसीएटी के साथ मिलकर काम कर रही है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत देश में 50 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे एफसीईवी (फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहन) को बढ़ावा मिलेगा। हाइड्रोजन कारें लंबी दूरी, कम रीफ्यूलिंग समय और शून्य कार्बन उत्सर्जन जैसी खूबियों के कारण ईवी के बाद अगली क्रांति मानी जा रही हैं। हालांकि, बुनियादी ढांचे और लागत जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं, पर सरकार और उद्योग जगत मिलकर तेजी से समाधान की ओर बढ़ रहे हैं। मार्केट रिसर्च फ्यूचर के अनुसार, भारत का हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहन बाजार 2024 में लगभग 242.67 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। यह उद्योग 2025 में 393.74 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2035 तक 4,724.86 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। इस अवधि (2025-35) के दौरान भारत के हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहन बाजार की वार्षिक वृद्धि दर (ष्टत्रक्र) लगभग 25.345 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत की विशाल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता इसे हरित हाइड्रोजन उत्पादन का वैश्विक केंद्र बना सकती है।

## राशिफल


**आज दिनांक 21 अगस्त, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, भाद्रपद माह कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, पुष्य नक्षत्र, वणिज करण, व्यातीपात योग, राहुकालः दोपहर 2:05 से 3.40 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:09 बजे, सूर्यास्त सायं 6:50 बजे, चंद्रोदय सुबह 3:55 बजे, चंद्रास्त सायं 5:48 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:04 बजे से 12:55 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:32 से 5:20 बजे तक, चंद्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।**




प्रेमी युगलों को अपने परिवारों की सहमति मिल सकती है। सामान्य रूप से जीवन के प्रति आपकी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं अधिक गहन और गंभीर होंगी। आज का दिन सामाजिक गतिविधियों के लिए और दोस्तों से संपर्क करने के लिए अच्छा है। कोई शुभ समाचार मिलेगा।





आज आप कई बातों से अपने आपको घिरा हुआ महसूस कर सकते हैं। तनाव में वृद्धि होगी। कलह और विवाद आपके निजी संबंधों को बिगाड़ देंगे। दोस्त के साथ तकरार हो सकती है। अतः व्यर्थ की बातों से बचें।




अतीत का कोई परिचित आपके संपर्क में आएगा और दिन को एक यादगार बना देगा। आज अपने साथी के साथ भावनाओं को बांटने के लिए उचित दिन है। यह चिंता और भय को एक तरफ रखकर अपने निजी जीवन पर ध्यान केन्द्रित करने का समय है। आज आपको परिवार के सदस्यों से पूरा समर्थन प्राप्त होगा।




दृढ़ विश्वास के साथ उनका सामना करना बेहतर होगा। आप अपने प्रियतम की संगत का आनंद उठा पाएंगे। आप परिवार के साथ अपना मूल्यवान समय बिताना चाहेंगे, लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण यह संभव नहीं हो पाएगा।




पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। अपने रिश्तों-संबंधों से आपको खुशी का अहसास होगा। आप अपने छोटे भाई बहनों के प्रति अधिक जिम्मेदार महसूस करेंगे। आज आप नए लोगों से मिलेंगे। आप अपने करीबी लोगों द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर बेहद संवेदनशील हो जाएंगे।




इस बात की प्रबल संभावना है कि आसपास के लोग आपके रिश्ते में मतभेद पैदा करने की कोशिश करेंगे। कदाचित आप अपने साथी में ही नुक्स निकालने लगेंगे। सावधान रहें; इससे आपके रिश्तों में दरार पड़ सकती है। आप आज खुशहाल और परिपूर्ण वैवाहिक जीवन का आनंद ले पाएंगे।




आपको किसी के साथ आध्यात्मिक संबंध का अनुभव हो सकता है। लोग आपके प्रति आकर्षित होंगे। आप अपने आसपास के लोगों पर प्रभाव बनाने में सक्षम होंगे। आप समाज में अपनी विशेष प्रतिष्ठा और हैसियत हासिल करेंगे।




परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद होने की संभावना है। अहं का टकराव वैवाहिक संबंधों में तनाव का कारण बन सकता है। किसी बहुत पुरानी दोस्त के साथ रास्ते अलग हो सकते हैं। गंभीर बहसबाजी से बचें।




अपनी वाणी को लेकर आज सावधान रहें। आपके शब्द परिवार के बड़े-बूढ़े सदस्यों को बहुत ज्यादा कष्ट पहुंचा सकते हैं। आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित हो जाएंगे जिसके शौक, इच्छाएं और अभिलाषाएं आपके अनुरूप हों।




मित्र भी आपके पक्ष में रहेंगे। बच्चे से आपको खुशी मिलेगी। प्रेम संबंध और मजबूत होंगे और वैवाहिक जीवन खूबसूरत हो जाएगा। आज आप को परिवार के सदस्यों से पूरा समर्थन प्राप्त होगा। मित्र भी आपके पक्ष में रहेंगे।




आप में से कुछ लोगों की किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी और आप मिलकर कुछ प्रिय यादें पुनर्जीवित करेंगे। आज आप के लिए एक अनुकूल दिन है। छोटे मोटे उपहार के साथ प्यार के दो शब्द आपके वैवाहिक जीवन में सरसता घोलेंगे।




आज मित्रों और परिवार के साथ पिकनिक मनाने या भ्रमण करने के लिए एक अच्छा दिन है। युवाओं को दोस्तों और रिश्तेदारों से उपहार और शुभकामनाएं प्राप्त होंगी। आज मित्रों और परिवार के साथ पिकनिक मनाने या भ्रमण करने के लिए एक अच्छा दिन है।

## ईमानदारी महान गुण है

प्रेरक प्रसंग

**नाव** गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। रामनगर के लिए खुलने ही वाली है, बस एक-दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है - 'आ जाओ, खड़े क्यों हो, क्या रामनगर नहीं जाना है?' नवयुवक ने कहा, 'जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता।?' क्यों भैया, रोज तो इसी नाव से आते-जाते हो, आज क्या बात हो गई? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम जाओ। अरे! यह भी कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना। नवयुवक ने सोचा, बड़ी मुश्किल से तो मां मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती हैं। कल भी यदि पैसे का प्रबंध नहीं हुआ, तो कहां से दूंगा? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब कापियां एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला- अजीब मनमौजी लड़का है।

छप-छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोढ़ता है। भींगे कपड़े पहनकर वह घर पहुंचता है। मां रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठी।

अरे! तुम्हारे कपड़े तो भीगें हैं? जल्दी उतारो। नवयुवक ने सारी बात बतलाते हुए कहा, तुम्ही बोलो मां, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहां तक उचित था? यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा।

गंगा पार करके आया हूं। मां रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, 'बेटा, तू जरूर एक दिन बढ़ा आदमी बनेगा।' वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखाई।

## सुडोकु 2206

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 8 | | | 6 |
| | | | | | | 4 | | |
| | 7 | 8 | | 1 | | | 2 | |
| | | 7 | | 9 | | | 8 | |
| 5 | | | | | 1 | 3 | | |
| 1 | 3 | | | | | 5 | 9 | |
| | 4 | | 2 | | | 7 | | |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | | 6 | 4 | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2205 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 2 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह व उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से की कानूनी प्रावधान की मांग

# 'कंपनियों से हो अमानक खाद-बीज व दवा से हुए नुकसान की भरपाई'

महानगर संवाददाता

**जयपुर/दिल्ली।** प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अमानक खाद-बीज व दवा के दुष्प्रभाव से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से करने का कानूनी प्रावधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटिया उत्पाद बनाने पर लाइसेंस निरस्त करने का नियम तो है, लेकिन यह प्रावधान नहीं है कि इससे उपयोग से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई भी कंपनियों से ही हो। अमानक उत्पादकों से किसानों का उत्पादन तो कम होता ही है, जमीन की उर्वरता भी प्रभावित होती है। जब तक किसानों के इस दोहरे नुकसान की भरपाई कंपनियां नहीं करेगी तब तक इस ठगी पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगेगी।

### इस तरह की मांग उठाने वाले किरोड़ी पहले कृषि मंत्री

किरोड़ी लाल ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर अमानक खाद-बीज व पेस्टीसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग की थी, जिस पर वे मुहर लगा चुके हैं। किरोड़ीलाल ने इस प्रस्तावित कानून में किसानों को होने वाले नुकसान का मुआवजा घटिया उत्पाद बनाने वाली कंपनियों से वसूलने का प्रावधान जोड़ने की मांग की है। इस तरह की मांग उठाने वाले किरोड़ी किसी भी प्रदेश के पहले कृषि मंत्री हैं।



### नकली दवा डालने से किसानों की फसल हो गई थी नष्ट

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री के संज्ञान में लाया था कि सोयाबीन में नकली दवाई डालने से किसानों की फसल बरबाद हो गई। इसके बाद इस दवा को बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया था। राजस्थान में भी केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अनुशंसा पर इस कंपनी का लाइसेंस रद्द किया गया है। गौरतलब है कि राजस्थान में अमानक खाद-बीज व दवा उत्पाद बनाकर किसानों को ठगने वाली कंपनियों के खिलाफ पिछली 29 मई से अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

## सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के चुनाव में अभिमन्यु शर्मा बने अध्यक्ष

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ, जयपुर के बुधवार को हुए चुनाव में अभिमन्यु शर्मा ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवशंकर अग्रवाल को 58 वोटों से पराजित किया।

इस बार चुनावी मैदान में कुल 6 उम्मीदवारों ने भाग्य आजमाया, जिनमें अभिमन्यु शर्मा ने सर्वाधिक समर्थन अर्जित करते हुए जीत दर्ज की। संघ के इतिहास में यह चुनाव खास रहा, जिसमें छह उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की थी। अभिमन्यु शर्मा को सचिवालय अधिकारियों के बीच उनकी निर्विवाद छवि और कार्यशैली के लिए जाना जाता है। अध्यक्ष बनने के बाद अभिमन्यु



शर्मा ने कहा कि वे संघ के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे तथा सरकार व समय-समय पर प्रशासन के साथ संवाद बनाकर अधिकारियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने सचिवालय सेवा के अधिकारियों को सबसे प्रमुख स्थान दिलाने की बात कही। अभिमन्यु शर्मा ने 2017 में पहली बार अध्यक्ष पद के लिए प्रयास किया था और तब भी वे सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बने थे। इसके अलावा वे 2021 में भी संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं।

# निकाय-पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीसीसी मुख्यालय से राजभवन तक किया मार्च

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में बुधवार को स्वराज बचाओ रैली का आयोजन किया। कांग्रेस ने कार्यकाल पूरा होने के बावजूद भी निकाय व पंचायत चुनाव नहीं कराने को लेकर प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर जहां हाईकोर्ट ने भी अब सरकार को जल्द से जल्द चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं, तो वहीं कांग्रेस भी इस मामले को लेकर सरकार को घेर रही हैं। कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से बुधवार को पीसीसी मुख्यालय से राज भवन के लिए कूच किया गया।



कांग्रेस कार्यकर्ता पीसीसी मुख्यालय से राजभवन की ओर पैदल मार्च करते हुए निकले, लेकिन शहीद स्मारक पर ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया, जिससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे, जिनमें स्वराज बचाओ रैली, पंचायत और निकाय चुनाव करने की मांग, निकाय पंचायत चुनाव में दो बच्चों का नियम हटाने जैसे स्लोगन लिखे थे।

पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा ने कहा कि सरकार ने चुनाव अटका रखे थे। अब हाईकोर्ट ने भी कह दिया कि चुनाव क्यों नहीं करवा रहे? उन्होंने कहा कि हमने रिट लगाई थी, उन पर तो सुनवाई होनी है। डोटासरा ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य पंचायत और निकाय चुनावों की बहाली और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा करना हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने 73वां व 74वां संविधान संशोधन करके लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर हर 5 साल में निकाय और पंचायत चुनाव करवाना अनिवार्य किए थे, लेकिन जब से यह सरकार बनी है तब से ही संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब हाईकोर्ट ने भी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और चुनाव कराने के लिए कहा है। उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग को भी कहा है जिन निकायों और पंचायतों का 5 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है उन निकाय और पंचायत में चुनाव क्यों नहीं कराए गए हैं।

## आवासन मंडल की अवाप्तशुदा जमीनों पर बसी कॉलोनियों के नियमन पर रोक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांगानेर के आसपास आवासन मंडल की ओर से अवाप्तशुदा जमीनों पर बसी कॉलोनियों के नियमन को लेकर यूडीएच की ओर से गत 12 मार्च को जारी आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश पब्लिक अगेंस्ट करप्शन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता पीसी भंडारी और अधिवक्ता टीएन शर्मा ने बताया कि आवासन मंडल की ओर से बी टू बाईपास से सांगानेर के बीच की कई बीघा जमीन को अवाप्त कर कब्जाधारियों को अवॉर्ड जारी किए थे, लेकिन इन जमीनों का कब्जा नहीं लिया गया था। इस दौरान प्रभावशाली लोगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया और करीब 86 कॉलोनियां काटकर सोसाइटियों के पट्टे जारी कर दिए। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार के अधिकारियों ने भू माफियाओं से मिलीभगत कर आवासन मंडल के स्वामित्व की इस जमीन का कब्जा धारियों के पक्ष में नियमन करने का निर्णय ले लिया। वहीं नगरीय विकास विभाग ने गत 12 मार्च को इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया।

याचिका में गुहार की गई है कि आवासन मंडल की जमीन का अतिक्रमियों के पक्ष में नियमन होने से रोका जाए और मौके पर हुए अतिक्रमणों को हटाया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज कुमार शर्मा ने अदालत को बताया कि इस भूमि पर तीन दशक से अधिक अवधि से लोग रह रहे हैं।

जमीन की अवाप्ति का मूल उद्देश्य अब पूरा होना भी संभव नहीं है। ऐसे में यहां बसी कॉलोनियों के निवासियों को सुविधाएं देने के लिए इसका नियमन करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही एएजी ने याचिका का जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने मामले में यूडीएच की ओर से जारी गत 12 मार्च के आदेश पर रोक लगा दी है।

## 'सड़क दुर्घटना पर पूर्व सीएम गहलोत का बयान दुर्भाग्यपूर्ण'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने जोधपुर में हुई सड़क दुर्घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और पूर्णतः निंदनीय बताया है। बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत में पटेल ने कहा कि नाबालिग बच्चों की मृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति करना शोभा नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत अब वैमनस्य से भरी राजनीति करने पर उतर आए हैं, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना के तुरंत बाद संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पीड़ित परिवार से जोड़कर आवश्यक कार्रवाई का



आश्वासन दिया। पटेल ने सवाल किया कि क्या गहलोत ने कभी ऐसी घटनाओं में परिवारों से मिलकर प्रस्ताव दिए? उन्होंने कहा कि गहलोत केवल सुर्खियां बटोरने के लिए ऐसे बयान देते हैं। साथ ही, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और नेताओं को चेताते हुए उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया को जाति और धर्म के आधार पर प्रश्नों में नहीं घेरना चाहिए। पटेल ने इसे संकीर्ण और विभाजनकारी राजनीति बताया और कांग्रेस से ऐसी प्रवृत्ति छोड़ने की अपील की।

## जयपुर में कल से शुरू होगा 8वां कैटरर्स एक्सपो

देश-विदेश की कंपनियां लेंगी भाग, कैटरिंग सेक्टर के लिए बनेगा नया मंच

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कैटरिंग उद्योग का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन गुलाबीनगरी में होने जा रहा है। जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति की ओर से 8वें कैटरर्स एक्सपो 2025 का शुभारंभ 22 अगस्त को होगा।



इस आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मदन राठौड़, राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समिति अध्यक्ष मनोज सेवानी ने बताया कि इस एक्सपो में देश-विदेश की बड़ी कंपनियां हिस्सा लेंगी। आयोजन में कैटरिंग व होटल इंडस्ट्री से जुड़े आधुनिक उपकरण, किचन इक्विपमेंट, मशीनरी और छोटे-बड़े सभी प्रकार के सामान प्रदर्शित किए जाएंगे। आयोजकों का कहना है कि यह एक्सपो कैटरिंग उद्योग को नई दिशा देगा और व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा। साथ ही यह कार्यक्रम जयपुर और राजस्थान के कैटरिंग सेक्टर की श्रेष्ठता और बदलते रुझानों को भी सामने लाएगा।

## एलडीसी भर्ती-2013 से जुड़े विवादों को लेकर सुनवाई पूरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एलडीसी भर्ती-2013 से जुड़े विभिन्न विवादों को लेकर दायर करीब तीन सौ याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई पूरी कर ली है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश रमेश चंद्र सैनी व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।


याचिकाओं में अधिवक्ता रमाकांत गौतम व रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने एलडीसी भर्ती-2013 में 19 हजार 275 पदों के लिए भर्ती निकाली थी। जून 2013 में इनमें से सात हजार पदों पर नियुक्ति दी गई। वहीं बाद में बोनस अंकों के विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट से भर्ती में रोक लग गई। इसके बाद हाईकोर्ट में दायर याचिका में राज्य सरकार ने शेष पदों को भरने की सहमति दी। याचिका में कहा गया कि भर्ती के करीब छह हजार पद अभी भी रिक्त चल रहे हैं। वहीं कंप्यूटर पात्रता, दस्तावेज सत्यापन सहित अन्य बिंदुओं को लेकर भी विवाद है।

## किसानों की आय वृद्धि और ऋण सुविधा के लिए मोदी सरकार की ठोस पहल : मदन राठौड़

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि 31 मार्च 2025 तक देशभर में 7.72 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते सक्रिय हैं। इनमें राजस्थान के किसानों की भागीदारी 71.27 लाख है, जो करीब 9.23 प्रतिशत है। यह आंकड़ा राजस्थान को संपूर्ण भारत में दूसरे स्थान पर स्थापित करता है, जबकि प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश 1.09 करोड़ केसीसी खातों के साथ है। सांसद राठौड़ के सवाल के जवाब में यह जानकारी वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने दी।

सांसद राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 17,811.72 करोड़ रुपए की किसानों को ब्याज सहायता प्रदान की गई। इसमें ब्याज सब्सिडी और समय पर पुनर्भुगतान प्रोत्साहन दोनों शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा दर्शाता है कि केंद्र सरकार किसानों की पूंजीगत आवश्यकताओं को सस्ती दर पर पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संशोधित



ब्याज अनुदान योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सस्ती दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराने और समय पर पुनर्भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है।

सांसद राठौड़ ने बताया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स), जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबीएस) और राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबीएस) किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों को साहूकारों के चंगुल से बचाने और तकनीक, बीज व खाद जैसी आवश्यकताओं के लिए समय पर ऋण उपलब्ध कराने में मददगार है।

## राजकीय महाविद्यालय जयपुर को नए भवन में शिफ्ट करने की मांग

### विधायक कालीचरण सराफ ने सीएम को लिखा पत्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जयपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय को नवनिर्मित भवन में जल्द स्थानांतरित करने की मांग की है। सराफ ने अपने पत्र में कहा कि कॉलेज 12 वर्षों से केवल 9 कमरों में संचालित हो रहा है, जहां लगभग 3000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। सराफ ने बताया कि बीबीए, बीसीए और एमबीए जैसे पाठ्यक्रम भवन और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने कॉलेज को मान्यता देने से इनकार कर दिया है, जिससे छात्रों की डिग्री पर संकट आ गया है।

विधायक सराफ ने कहा कि 2015 में भवन निर्माण के लिए भूमि और बजट आवंटित किया गया था तथा अब नवनिर्मित भवन तैयार है। बावजूद इसके कॉलेज अभी तक पुराने विद्यालय के कमरों में चल रहा है। सराफ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कॉलेज को तुरंत नए भवन में शिफ्ट किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए उचित वातावरण मिल सके।

## युवा विद्यार्थियों ने जाने भविष्य के सुनहरे अवसर

### 'मैक्स क्रिएटिव सफर-2025' का आयोजन

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में बुधवार को मैक्स स्कूल ऑफ डिजाइन द्वारा आयोजित 'मैक्स क्रिएटिव सफर-2025' का समापन हुआ। कला, कॅरियर और क्रिएटिविटी के संगम वाले इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 1500 से अधिक युवा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और भविष्य के सुनहरे अवसरों की जानकारी प्राप्त की। इवेंट में देश के टॉप 10-12 डिजाइन कॉलेज ने भाग लेते हुए विभिन्न कोर्सेज व कॅरियर ऑप्शन्स की जानकारी दी। वहीं जयपुर के 60 से अधिक स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने पैनल डिस्कशंस, कॅरियर काउंसलिंग, क्रिएटिव वर्कशॉप्स और आर्ट एग्जीबिशन के माध्यम से अपनी



प्रतिभा को निखारने का अवसर पाया। कार्यक्रम के दौरान कला कृतियों की प्रदर्शनी, सामाजिक मुद्दों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रेजेंटेशन व डिजाइन्स डिस्प्ले को खूब सराहना मिली। विशेषज्ञों से हुए इंटरेक्टिव सेशंस में युवाओं ने फैशन, ग्राफिक, प्रोडक्ट, इंटीरियर व अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक कॅरियर विकल्पों से आगे सोचने के लिए प्रेरित करना है।

**उत्तर प्रदेश दौरा** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अयोध्या में प्रभु झूलेलाल महोत्सव का किया शुभारम्भ, स्नातक व परास्नातक के विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

# 'भगवान राम ने सत्य-त्याग तो प्रभु झूलेलाल ने साहस-एकता की दिखाई राह'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संत श्री साई नितिन राम और सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमृत राजपाल ने अयोध्या में प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर 73वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनानी का शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर देवनानी ने स्नातक व परास्नातक के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि अयोध्या एक नगर के साथ आध्यात्म और मर्यादा की पावन स्थली है। यहां भगवान राम ने सत्य व त्याग का संदेश दिया तो वहीं प्रभु झूलेलाल ने समाज को साहस, न्याय और एकता की राह दिखाई। समाज के इन दोनों आदर्शों ने आध्यात्म और संस्कृति को नई दिशा दी। श्री देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज ने विभाजन का दुःख सहने के बाद भी अपनी संस्कृति को जीवित रखा। आज भी सिंधी समाज अपने परिश्रम, सेवा और संस्कार की पहचान से पूरे भारत और विश्व में गौरव बढ़ा रहा है।

देवनानी ने कहा कि यह महोत्सव हमें याद दिलाता है कि ज्ञान हमारा हथियार है, संस्कृति हमारी पहचान है और समाज सेवा हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। आज जब दुनिया हिंसा और तनाव से जूझ रही है, तब झूलेलाल का संदेश सत्य पर डटे रहो, न्याय का साथ दो और सबको एक मानो और भी प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने प्रभु झूलेलाल से आशीर्वाद की कामना करते हुए



कहा कि समाज में प्रेम और सद्भावना बनी रहे और भारत पुनः विश्व गुरु बने।

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को लखनउ में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। देवनानी का पटेल ने शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया। पटेल ने देवनानी को स्वयं की पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' और उत्तर प्रदेश के राजभवन पर प्रकाशित पुस्तक 'हमारा राजभवन' की प्रति भेंट की।

### उप्र विधान सभा अध्यक्ष के साथ विधायी कार्यों पर की चर्चा

इसके बाद देवनानी ने उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की और अध्यक्ष महाना के साथ उत्तर प्रदेश विधान सभा भवन, सदन, डिजिटल संग्रहालय और विधान परिषद भवन का अवलोकन किया। इस मौके पर देवनानी ने महाना को राष्ट्र सेविका मां अहिल्याबाई होलकर पुस्तक भेंट की। देवनानी व महाना ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश विधानसभाओं के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परम्पराओं और विधायी कार्य प्रणालियों पर चर्चा की। इससे पूर्व महाना ने देवनानी का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति भेंट कर स्वागत

### अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के किए दर्शन

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर की भव्यता व प्रगति का अवलोकन किया। देवनानी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से भेंट कर मंदिर परिसर के विकास व आयोजन संबंधी जानकारी प्राप्त की। देवनानी ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण संपूर्ण भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा का गौरव है। यह मंदिर विश्व को भारत की सनातन संस्कृति, अध्यात्म और सांस्कृतिक मूल्यों की प्रेरणा देता रहेगा। देवनानी ने अयोध्या प्रवास के दौरान कारसेवकपुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
Facebook YouTube X twitter



# 24 कोसी मालखेत परिक्रमा में चिकित्सा शिविर व भंडारे का आयोजन

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** मातृभूमि सेवा संस्थान सीकर के तत्वावधान में शेखावाटी के लाखों लोगों की आस्था की प्रतीक 24 कोसी मालखेत परिक्रमा में 5 दिवसीय चिकित्सा शिविर एवं भंडार का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष एड. गोकुलचंद गोदारा के नेतृत्व में किया जा रहा है। समाजसेवी एडवोकेट गोदारा ने बताया कि संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं को सभी तरह की चिकित्सा सुविधा चरक कायाकल्प अस्पताल सीकर की टीम द्वारा डॉ. इंदरसिंह धीरावत के नेतृत्व में दी जा रही है। श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। संस्थान के संरक्षक समाजसेवी दंत चिकित्सक डॉ. बीएल एचरा द्वारा दवाइयां उपलब्ध कराई गई। भंडार में श्रद्धालुओं को चाय/पानी, खाना खिलाया जा रहा है। इसमें भामाशाह दामोदर अग्रवाल खंडेला, शिक्षाविद शिवराम महला (अध्यक्ष आदर्श वेलफेयर सोसायटी राजस्थान), श्रीराम पिलानिया (फौजी फ्रूट वाले सीकर), शिक्षाविद नेकीराम आर्य (अध्यक्ष ग्रीनपथ एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड खंडेला), समाजसेवी अंकिता कुमारी वर्मा, बनवारीलाल कुमावत (सोब), शीतल कुमारी, शाहिना बानो, विनोद कुमार सैनी, नरेंद्र कुमावत, देवेंद्र कुमावत, मोनिका वर्मा, समाजसेवी सुरेश कुमार छबरवाल, आदि समाजसेवी सेवा दे रहे हैं।

## श्री हरि हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

**नवलगढ़।** ग्राम लोहार्गल से मालकेत बाबा की 24 कोसिया परिक्रमा के अवसर पर श्री हरि हॉस्पिटल द्वारा लगातार सातवें वर्ष निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिक्रमा मार्ग में चल रहे श्रद्धालुओं को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं तथा आपातकालीन स्थिति में कई मरीजों को अस्पताल भी पहुंचाया गया। अस्पताल के प्रबंधक अमित सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को परिक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जाए।



## स्पोर्ट्स

# नोरती मेवाड़ा एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय हैंडबॉल टीम में

### ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में होगी प्रतियोगिता : 29 तक खेले जाएंगे मुकाबले

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में 20 से 29 अगस्त तक खेले जाने वाली 18वीं एशियन जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम मंगलवार को ताशकंद पहुंच गई। भारतीय हैंडबॉल टीम में राजस्थान की नोरती कुमारी मेवाड़ा का चयन हुआ है। भारतीय महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर 18 जुलाई से 16 अगस्त तक साई द्वारा साई नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गांधीनगर (गुजरात) में लगा था। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यशप्रताप सिंह ने बताया कि राइट विंग की पॉजिशन पर खेलने वाली नोरती कुमारी मेवाड़ा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा जयपुर में संचालित महिला हैंडबॉल एकेडमी की खिलाड़ी है।

भारतीय जूनियर महिला टीम ने 2022 में अलमाटी में हुई एशियन जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इस टीम में राजस्थान की वर्षा जाखड़ व प्रियंका मीणा शामिल थी, जबकि टीम के मैनेजर ललित कुमार कलाल थे, जो वर्तमान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष है।

## रतनपुरा संस्कृत विद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

महानगर संवाददाता

**मनोहरपुर।** कस्बे के रतनपुरा स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में गुरुवार को क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10.15 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्रपाल मीणा रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच गठवाड़ी बाबूलाल मीणा करेंगे। विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य अंकित शर्मा रहेंगे। संयोजक गोपाललाल जाट ने बताया कि वहीं संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी जयपुर संभाग, केंद्राध्यक्ष रविकुमार दरिया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

### मोरबी में हुई सीबीएसई वेस्ट जोन गर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता

# गुढ़ा पब्लिक की छात्राओं ने जीते गोल्ड, सिल्वर मेडल



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** दिल्ली-सीकर बाईपास स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल की क्रिकेट खिलाड़ियों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित वेस्ट जोन गर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिया। गुजरात के मोरबी में हुई प्रतियोगिता में गुजरात, राजस्थान व मध्य प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया।

विद्यालय के क्रिकेट कोच मनोहर सिंह ने बताया कि वेस्ट जोन से खेलने वाली टीम में आठ छात्राएं श्रेयांशी जाखड़, आन्या, रुद्रांशी शर्मा, हिमांशी, खुशी चौधरी, मिताली, पलक जैफ एवं एंजेल गुढ़ा पब्लिक स्कूल नीमकाथाना की तरफ से मैदान में उतरीं। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. पीके भाटी ने बताया कि अंडर 17 आयु वर्ग में तीनों राज्यों की सैकड़ों छात्राओं में से श्रेयांशी जाखड़ का स्वर्ण पदक के साथ राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। आन्या, रुद्रांशी शर्मा, हिमांशी, खुशी चौधरी, आरोही चौधरी को सिल्वर मेडल एवं मिताली, पलक जैफ को ब्रॉन्ज मेडल मिला है।

साथ ही वेस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सचिन कुमावत को ब्रॉन्ज मेडल मिला है। विद्यालय में आयोजन कर विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने बच्चों को बधाई दी। गुढ़ा एजुकेशन हब के डायरेक्टर के सत्येंद्र ने कहा कि खेल हमें अनुशासन एवं जीने की सही दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर विद्यालय प्रशासक अजय धायल, संयोजक दिनेश शर्मा, वर्षा कुमावत, सुरुचि प्रजापति एवं समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# आईसीसी की वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

### पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज

विशेष संवाददाता



**दुबई।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए हैं। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे, लेकिन बुधवार को जारी वनडे बैटर्स की रैंकिंग में न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का। संभव है कि, यह किसी गलती या तकनीकी कारण से हुआ हो। क्योंकि, आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। दो साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था।

## बैटर्स में गिल टॉप पर कायम, बाबर दूसरे नंबर पर

ताजा रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) दूसरे नंबर पर आ गए हैं। गिल के अलावा, श्रेयस अय्यर ही भारतीय खिलाड़ी हैं, जो वनडे बल्लेबाज रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप को 2 स्थान का फायदा हुआ है।



## बॉलर्स में महाराज नंबर-1, कुलदीप को एक स्थान का नुकसान

बॉलर्स में साउथ अफ्रीका के केशव महाराज नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्हें 2 स्थान का फायदा हुआ हैं। केशव ने 687 रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किए और उनका कॅरियर बेस्ट 741 है, जो 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलकाता में मिला था। केशव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 5 विकेट लिए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका के महीश तीक्षणा हैं, जिनके 671 प्वॉइंट्स हैं। भारत के कुलदीप यादव 650 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है।



# तहसीलदार-अधिवक्ता विवाद ने पकड़ा तूल





### जिला बार एसोसिएशन उतरी सड़क पर, कोर्ट से कलेक्ट्री तक किया पैदल मार्च

### जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार और एसपी सागर राणा को सौंपा ज्ञापन

### तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

महानगर संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर मंगलवार को तहसीलदार अमितेश मीना और अधिवक्ताओं के बीच हुआ विवाद अब तूल पकड़ने लगा है। एक और जहां तहसीलदार सेवा परिषद, राजस्व सेवा परिषद, आरएएस एसोसिएशन तहसीलदार अमितेश मीणा के पक्ष में खड़ी हो गई, वहीं जिले के अधिवक्ता भी लालसोट के अधिवक्ताओं के पक्ष में सड़क पर उतर गए।

जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुंजबिहारी शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। साथ ही कलेक्टर देवेंद्र कुमार और एसपी सागर राणा को ज्ञापन सौंप कर तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं से अभद्रता के मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की। वहीं इस पूरे प्रकरण में तहसीलदार अमितेश मीणा द्वारा एक और जहां अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई, तो अधिवक्ताओं ने भी तहसीलदार के खिलाफ लालसोट थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई।

तहसीलदार अमितेश मीना और राजस्व सेवा परिषद की मांग है कि एफआईआर में नामजद अधिवक्ताओं की तत्काल गिरफ्तारी हो। साथ ही उनके वकालत के लाइसेंस भी निलंबित हो और भविष्य में उनके किसी भी कार्मिक के साथ ऐसी कोई घटना नहीं हो, इसको लेकर सुरक्षा के कठोर बंदोबस्त हो।

वहीं दौसा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंजबिहारी शर्मा की मांग है कि लालसोट तहसीलदार को सस्पेंड किया जाए और वकीलों से अभद्रता मामले में तहसीलदार के खिलाफ कड़ा एक्शन हो। मंगलवार को हुई इस घटना के बाद एक और जहां जिले भर के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, वहीं राजस्व सेवा परिषद से जुड़े सभी कार्मिकों ने भी अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया।

# रक्तदान शिविर आयोजित



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा आयोजित प्रथम विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्टेशन रोड स्थित पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में बुधवार को आयोजित किया गया।

समिति के मीडिया प्रबंधक प्रवीण वर्मा ने बताया कि शिविर में संतोकबा दुर्लभ जी मेमोरियल अस्पताल जयपुर की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। शिविर में गिरिराज कयाल ने 95वीं बार रक्तदान किया। सुभाष जांगिड़ ने 45वीं बार, पंकज सैन ने 11वीं बार, करण भादूका ने 17वीं बार एवं महेश सैनी ने 61वीं बार रक्तदान किया। साथ ही नगर के युवाओं ने भी शिविर में रक्तदान किया। शाम 4 बजे तक 58 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ।

इस अवसर पर समिति के मनोहरलाल शर्मा, एडवोकेट मनीष भारद्वाज, सुमित खुराना, डॉ. माधव सिंह, मुकेश शर्मा, तपेंद्र कुमार शर्मा, महेश सैनी, दीपक योगी, गुलशन चौहान आदि मौजूद रहे।

# तेरापंथ युवक परिषद चूरू का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता



**चूरू।** जैन धर्म का पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व बुधवार से शुरू हुआ। तेरापंथ भवन में विराजित साध्वी मंगलप्रभा जी के सान्निध्य में पर्यूषण पर्व की शुरुआत हुई। उन्होंने पर्यूषण पर्व के बारे में बताया कि यह पर्व अनादि काल से भगवान ऋषभ देव के समय से चल रहा है। गुरुदेव आचार्य महाश्रमण द्वारा बताए गए प्रथम दिन को खाद्य संयम के दिवस के रूप में मनाया गया। साध्वी समप्रभा ने खाद्य संयम पर बताया कि हमें संतुलित आहार किस तरीके से और कितना और कितनी मात्रा में लेना चाहिए। प्रवचन के पश्चात तेरापंथ सभा भवन चूरू में साध्वी मंगल प्रभा के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद चूरू का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया।

नवनिर्वाचित टीम को प्रेरणा देते हुए साध्वी ने कहा कि युवकों में जोश होता है कुछ कर गुजरने का। मैं उपस्थितियों युवकों से कहना चाहूंगी कि देव गुरु धर्म पर आस्था रखते हुए गुरु इंगित के अनुसार कार्य करना है। आपसी सौहार्द रखना है। व्यसन मुक्त जीवन शैली अपनानी है। महासभा के क्षेत्रीय प्रभारी राजेश बांठिया ने शपथ दिलवाई। दो दिन पूर्व अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सदस्य श्रेयांश बैंगानी व श्रेयांस पारख जयपुर ने चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराई। नवनिर्वाचित टीम में अध्यक्ष अजय दफ्तरी, मंत्री पवन नाहटा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष संजय बरडिया, योगेश कोठारी, सहमंत्री सूरज कोठारी एवं आशीष पारख, संगठन मंत्री सौरभ कोठारी, निवर्तमान अध्यक्षः कमलेश बोथरा एवं कार्यकारिणी में नितेश कोठारी, संजय भटेरा, अभिषेक बैद को शपथ दिलाई गई।

## श्री श्याम मंदिर में द्वितीय वार्षिक उत्सव पर अखंड ज्योत पाठ कल

**नीमकाथाना।** शहर के श्री श्याम मंदिर प्रांगण में श्री श्याम ताली संकीर्तन परिवार द्वारा 22 अगस्त को द्वितीय वार्षिक उत्सव पर अखंड ज्योत पाठ का आयोजन धूमधाम से किए जाने की तैयारियां की जा रही हैं। अखंड ज्योत संयोजक समिति के अनुसार मंदिर प्रांगण में सुबह 9.15 बजे से रात्रि 9.15 बजे तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही अखंड ज्योत पाठ संकीर्तन में बंगाल के प्रसिद्ध गायक कलाकार राकेश अग्रवाल, राजू गाड़ोदिया, सोनू अग्रवाल रोचक प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य आकर्षण श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार, भीम विवाह, कन्यादान बारात विदाई, जन्मोत्सव, छप्पन भोग, विदाई गीत अखंड ज्योत आदि आयोजन होंगे।

# खाटूश्यामजी को क्लीन, ग्रीन एंड इको सिटी के रूप में करेंगे विकसित



### जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित: मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025 के तहत प्रस्ताव तैयार करने पर हुई चर्चा

महानगर संवाददाता

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025 के तहत केंद्र की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर खाटूश्यामजी शहरी क्षेत्र को क्लीन, ग्रीन एंड इको सिटी के रूप में विकसित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में खाटूश्यामजी के शहरी क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें पार्किंग स्थल, मॉडल बस डिपो, ड्रेनेज सिस्टम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लाइन शिफ्टिंग, रिंग रोड निर्माण और नगरपालिका खाटूश्यामजी को नगर परिषद में क्रमोन्नत करने का प्रस्ताव भिजवाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

# जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक आयोजित



**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा लंबित बाल पीड़ित प्रतिकर के संबंध में की गई अनुशंसाओं, प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किए जाने को लेकर जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यों के साथ बैठक के आयोजन के लिए प्राप्त निर्देशों की पालना में बुधवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया।

ऑनलाइन मीटिंग में संजय शर्मा अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर, ओमप्रकाश मीना अति. पुलिस अधीक्षक विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाई तथा श्वेता गर्ग अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सवाई माधोपुर उपस्थित रहे। सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित अधिकारियों को किशोर न्याय समिति, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मीटिंग में वर्तमान में लंबित बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार-विमर्श किया। साथ ही वर्ष 2019 से 2025 तक के बाल पीड़ितों के मामलों के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में पात्र बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनुशंसा कर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाए जाने के लिए निर्देशित किया।

# सड़कों पर गड्ढे दे रहे हादसों को न्यौता

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** नीमकाथाना कोतवाली पुलिस थाने के ठीक सामने मुख्य सड़क पर एक गहरा और जानलेवा गड्ढा स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। कुछ दिन पहले ही इस गड्ढे में एक ट्रैक्टर का टायर फंस गया था, जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकालना पड़ा। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठा है और शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यह गड्ढा, जो अक्सर ट्रैफिक और दोपहिया वाहनों की आवाजाही वाले इस व्यस्त इलाके में है, कभी भी किसी बाइक सवार की जान ले सकता है। इसके बावजूद, पीडब्ल्यूडी विभाग और संबंधित अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## पीडब्ल्यूडी की लापरवाही और बदहाल सड़कें

थाने के ठीक सामने इस गहरे गड्ढे के अलावा, घुमावदार मोड़ों पर भी सड़कें टूटी हुई हैं, जिससे बड़े हादसों की आशंका बढ़ रही है। नीमकाथाना क्षेत्र में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने मानों आंखों पर पट्टी बांध रखी है।

# संस्था प्रधानों की सत्रारंभ वाक्पीठ शुरू

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** ब्लॉक श्रीमाधोपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों की सत्र आरंभ दो दिवसीय वाक्पीठ महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मुंडरू में बुधवार को शुरू हुई। ब्लॉक के 112 विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने इसमें भाग लिया। वाकपीठ में राकेश कुमार लाटा एडीपीसी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमन शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, पर्यावरण प्रेमी नागरमल गुप्ता, विजेंद्र सिंह शेखावत, भामाशाह डॉ. विजय जोशी, वाकपीठ संगोष्ठी के अध्यक्ष सतीश शर्मा, नोडल प्राचार्य राजेश कुमार अंकुर, सचिव सुमन परसोया, रामकरण सेठी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर प्रभुसिंह प्राचार्य नालोट ने नामांकन अभियान, डिजिटल प्रवेश उत्सव, मंगलचंद यादव ने रोकड़ पंजिका संधारण एवं लेखा नियम, शिम्भू पुरुषोत्तम प्रधानाचार्य हांसपुर ने विभिन्न विद्यार्थी लाभकारी योजनाएं, महेंद्र प्रताप खेदड़ ने ईएलसी गठन एवं कार्य, रामकरण यादव ने हरियालो राजस्थान, हरफूल सिंह प्रधानाचार्य भारनी ने ब्लॉक रैंकिंग बिंदु, राजेश कुमार चूलेट प्रधानाचार्य पृथ्वीपुरा ने सीसीए नियम विभाग के जांच, महावीरसिंह चोपड़ा प्रधानाचार्य जोरावर ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एवं महात्मा गांधी पुस्तकालय का संचालन बिंदुओं पर अपनी वार्ताएं रखी।

## लक्ष्मण जी महाराज का मेला 23 को

**नीमकाथाना।** क्षेत्र के नजदीक ग्राम कैरवाली में लक्ष्मण जी महाराज का धार्मिक मेला इस वर्ष भी धूमधाम के साथ 23 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। महेंद्रसिंह थेबड़ एवं दलीप थेबड़ ने बताया कि मेले की तैयारियां लक्ष्मण नवयुवक मण्डल द्वारा की जा रही है। मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र आर्य ने बताया कि मेले में 11000 रुपए तक की कुश्तियां होगी। ऊंची कूद, लम्बी कूद और दौड़ प्रतियोगिता भी होगी। चेतराम स्वामी ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे की व्यवस्था भी रहेगी। रात्रि में आर.के. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** छावनी स्थित विधायक आवास पर बुधवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुरेश मोदी एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि राजीव गांधी भारत के ऐसे युवा प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने तकनीक और विज्ञान को आम जनजीवन से जोड़ने का कार्य किया। सूचना क्रांति के जनक के रूप में उन्होंने देश को 21वीं सदी की दिशा में अग्रसर किया। उनके विजन और दूरदृष्टि के कारण ही आज भारत डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है। यह अवसर केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक सोच और भारत को तकनीकी युग में प्रवेश दिलाने वाले योगदानों का उत्सव भी है। राजीव गांधी न केवल भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, बल्कि उन्होंने देश को एक नई दिशा देने का भी कार्य किया।

राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को गांव-गांव तक पहुंचाया। युवाओं को राजनीति में भागीदारी देने की उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है।

इस मौके पर नरेश टेलर सेवादल प्रदेश सचिव, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष खुशाल चौहान, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष विरेन्द्र स्वामी, विधानसभा अध्यक्ष देवेन्द्र बिजारणियां, युवा बिग्रेड विधानसभा अध्यक्ष बंटी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीमकाथाना श्रीचंद सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन सुरेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी एवं समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# ऑनलाइन गेमिंग विनियमित करने वाला विधेयक पारित होने पर भारतीय यूजर्स को बड़ा नुकसान

## उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने सरकार के साथ रखी बैठक की मांग

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट द्वारा ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने वाले विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने सरकार के साथ तत्काल बैठक का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो भारतीय यूजर्स और नागरिकों को गंभीर नुकसान होगा। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) और फेडरेशन ऑफ इंडिया फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) द्वारा संयुक्त रूप से लिखे गए पत्र में, उद्योग जगत के नेताओं ने कहा कि उनका मानना है कि ऑनलाइन स्किल गेमिंग इंडस्ट्री प्रधानमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण की आधारशिलाओं में से एक हो सकता है।

गेमिंग संगठनों ने पत्र में कहा कि हमें विश्वास है कि आपके समर्थन से भारत का गेमिंग क्षेत्र जिम्मेदारी से आगे बढ़ सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है, महत्वपूर्ण कर राजस्व में योगदान दे सकता है और अवैध ऑपरेटरों को रोक सकता है। यह विधेयक ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को एक कानूनी ढांचे के तहत लाने और डिजिटल ऐप्स के माध्यम से जुआ खेलने पर दंड लगाने का प्रस्ताव करता है। प्रस्तावित कानून राज्य के कानूनों में लत,



धोखाधड़ी और विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करता है और इसमें दंड और सजा के प्रावधान हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को ऑनलाइन गेमिंग के लिए केंद्रीय नियामक के रूप में नामित किया जा सकता है। इस विधेयक का उद्देश्य अनधिकृत ऑनलाइन सट्टेबाजी पर भी रोक लगाना है। गेमिंग फेडरेशन के अनुसार ऑनलाइन स्किल गेमिंग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका उद्यम मूल्यांकन 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, राजस्व 31,000 करोड़ रुपए से अधिक है, वार्षिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर 20,000 करोड़ रुपए से अधिक है और यह 20 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के साथ दोगुना होने वाला है। भारतीय ऑनलाइन गेमर्स की कुल संख्या 2020 में 36 करोड़ से बढ़कर 2024 में 50 करोड़ से अधिक हो गई। पत्र में आगे कहा गया है कि भारत के गेमिंग उद्योग ने जून 2022 तक 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है। यह उद्योग वर्तमान में 2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन करता है, और अगले कुछ वर्षों में यह संख्या काफी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि एकमुश्त प्रतिबंध इस वैध, रोजगार सृजन उद्योग को खत्म कर देगा और भारतीय यूजर्स और नागरिकों को गंभीर नुकसान पहुंचाएगा। पत्र में कहा गया कि विनियमित और जिम्मेदार भारतीय प्लेटफॉर्म को बंद करने से करोड़ों खिलाड़ी अवैध मटका नेटवर्क, विदेशी जुआ वेबसाइटों और बिना किसी सुरक्षा उपाय, उपभोक्ता संरक्षण या कराधान के काम करने वाले अस्थायी संचालकों के हाथों में चले जाएंगे।

प्रस्तावित प्रतिबंध न केवल इन अवसरों को खत्म करेगा, बल्कि वैश्विक निवेश और निवेशकों की भावना को भी बाधित करेगा, 2 लाख से अधिक नौकरियां खत्म करेगा, 400 से ज्यादा कंपनियां बंद हो जाएंगी और एक डिजिटल इनोवेटर के रूप में भारत की स्थिति कमजोर होगी। पत्र में कहा गया है, च्च्इस विधेयक के एकमात्र लाभार्थी अवैध विदेशी जुआ संचालक होंगे।

---

## ब्रिटेन, अमेरिका और आयरलैंड की 30 प्रमुख यूनिवर्सिटीज को जयपुर ला रहा आईडीपी एजुकेशन





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आईडीपी एजुकेशन इंटरनेशनल एजुकेशन सर्विसेज में ग्लोबल लीडर ब्रिटेन, अमेरिका और आयरलैंड की 30 यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों को जयपुर में एक सबसे बड़े विदेश में पढ़ाई के लिए स्टडी एक्सपो के हिस्से के रूप में लाएगा। जयपुर और राजस्थान के छात्रों की बढ़ती संख्या के साथ, जो विदेश में पढ़ाई के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। यह पहल उन्हें और उनके अभिभावकों को यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों के साथ सीधे बातचीत करने और विदेश में पढ़ाई की यात्रा के हर चरण के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। यह एजुकेशन फेयर 22 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होटल रेडिसन सिटी सेंटर जयपुर में आयोजित होगा। उपस्थित लोग यूनिवर्सिटी और कोर्स चयन, स्कॉलरशिप्स, इंटर्नशिप, वीजा प्रोसेस, स्टडी के बाद कार्य विकल्पों और विदेश में स्टूडेंट लाइफ पर व्यक्तिगत सलाह ले सकते हैं।

इस आयोजन के बारे में बोलते हुए आईडीपी एजुकेशन साउथ एशिया, कनाडा व लैटिन अमेरिका (एलएटीएएम) के रीजनल डायरेक्टर पीयूष कुमार ने कहा कि जयपुर और राजस्थान हमेशा से ही ऐसे प्रतिभाशाली और महत्वाकांक्षी छात्रों का घर रहे हैं, जो विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए उत्सुक हैं। इस स्टडी एब्रोड एक्सपो के माध्यम से हम विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटीज और एक्सपर्ट गाइडेंस को सीधे उनके द्वार तक पहुंचा रहे हैं। छात्रों को प्रश्न पूछने, पॉलिसी अपडेट्स स्पष्ट करने और अमेरिका, ब्रिटेन व आयरलैंड में उपलब्ध बेस्ट कोर्सेज और कॅरियर के अवसरों का पता लगाने का अवसर मिलेगा। आईडीपी एजुकेशन में हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक छात्र को विश्वसनीय और प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हो, ताकि वे विदेश में पढ़ाई के अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आत्मविश्वास से कदम उठा सकें।

---

# सौर ऊर्जा उत्पादन में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बना भारत

### अक्षय ऊर्जा व पवन ऊर्जा में विश्व का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ देश अक्षय ऊर्जा व पवन ऊर्जा में विश्व का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के हवाले से बताया कि देश स्थापित अक्षय ऊर्जा के मामले में विश्व में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर है।



सरकार के बयान के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 1,08,494 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जो जापान के 96,459 गीगावाट घंटा से अधिक है। इस दौरान देश की सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता 38 गीगावाट से बढ़कर 74 गीगावाट हो गई है। भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 484.82 गीगावाट में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान अब 50.07 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह लक्ष्य सीओपी 26 की प्रतिबद्धता है, जिसे भारत ने निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही प्राप्त कर लिया है। भारत की संचयी सौर ऊर्जा क्षमता जलाई 2025 तक 119.02 गीगावाट थी। इसमें जमीन पर स्थापित सौर संयंत्र क्षमता 90.99 गीगावाट, ग्रिड से जड़े रूफटॉप सिस्टम की क्षमता 19.88 गीगावाट, हाइब्रिड परियोजनाओं से 3.06 गीगावाट की क्षमता और ऑफग्रिड सौर प्रतिष्ठानों से 5.09 गीगावाट की क्षमता शामिल है, जो नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार के लिए देश के विविध दृष्टिकोण को दर्शाता है।

सरकार के मुताबिक भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। इसके अलावा सरकार ने बताया कि देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर जुलाई 2025 तक 227 गीगावाट हो गई है।

---

## भारत में उत्पाद संग्रह बढ़ाने के लिए मीशो मॉल ने मैरिको के साथ की साझेदारी

**जयपुर (मसं)।** मीशो मॉल और मैरिको का गठबंधन मीशो प्लेटफॉर्म पर पर्सनल केयर व वैलनेस ब्रांड्स का संग्रह बढ़ाएगा। इस गठबंधन के बाद मैरिको के भरोसेमंद ब्रांड जैसे पैराशूट एडवांस्ड, पैराशूट एडवांस्ड बेबी, लिवॉन, काया, बायो ऑयल और सेट वेट टियर-2 और अन्य शहरों में मीशो के बड़े ग्राहक वर्ग को उपलब्ध हो गए हैं। यह गठबंधन भारत में परिवारों के लिए उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के मीशो और मैरिको के उद्देश्य के अनुरूप है। मीशो मॉल पर मैरिको के इस पोर्टफोलियो ने पर्सनल केयर, हैल्थ व वैलनेस सहित मुख्य श्रेणियों को मजबूत बनाया है। मीशो मॉल पर मैरिको के लॉन्च के एक महीने के अंदर ही हेयर सीरम, हेयर ऑयल और डेली ग्रुमिंग के उत्पादों को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। लखनऊ, कोच्चि, सूरत और गुवाहाटी जैसे क्षेत्रों में इनकी काफी ज्यादा मांग है। मीशो मॉल के ज्यादातर ग्राहक टियर-2 क्षेत्रों से हैं, जिससे इन छोटे शहरों में किफायती उत्पादों की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है। मीशो द्वारा और ज्यादा ब्रांड्स को शामिल करके अपने उत्पाद संग्रह का विस्तार करने की योजना बनाई जा रही है। इसके अंतर्गत मीशो पर किफायती स्मॉल पैक और क्योरेटेड काम्बो पेश करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया जाएगा। टियर-2 शहरों में अपनी मजबूत पहुंच के साथ मीशो का उद्देश्य भारत में लगातार विस्तार करना और किफायती उत्पाद खरीदने वाले परिवारों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना है।





---

## एनआरई व एनआरओ खातों के लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की यूपीआई सेवाएं शुरू

### अब 12 देशों में बसे प्रवासी भारतीय सिम के बिना कर सकेंगे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन





महानगर संवाददाता

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने नॉन-रेजिडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) और नॉन-रेजिडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) खाता धारकों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत की है। यह सुविधा अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों पर उपलब्ध होगी। यह कदम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के हालिया निर्देशों के अनुरूप है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों से यूपीआई लेन-देन की अनुमति दी गई है।

अब ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, हांगकांग, मलेशिया, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, यूएई, यूके और यूएसए सहित 12 देशों में रहने वाले एनआरआई ग्राहक बिना भारतीय सिम कार्ड के अपने एनआरई व एनआरओ खातों को यूपीआई से लिंक कर सकेंगे। इसके जरिये वे भारत में बिल भुगतान, मनी ट्रांसफर और मर्चेंट परचेज जैसी सुविधाओं का सुरक्षित, सहज व रियल-टाइम लाभ उठा पाएंगे। इस नई सेवा से एयू एसएफबी के पात्र एनआरआई ग्राहक अपने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क और बिना भारतीय मोबाइल कनेक्शन के यूपीआई पर रजिस्टर कर सकते हैं।

यह पहल प्रवासी भारतीयों के लिए डिजिटल बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाएगी, साथ ही भारतीय वित्तीय नियामकीय मानकों का पूरा पालन भी करेगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों के साथ एनआरई व एनआरओ खाता धारकों के लिए यूपीआई सक्षम करके हम पारंपरिक सीमाओं को समाप्त कर रहे हैं और एनआरआई को भारत से वित्तीय रूप से जुड़े रहने की शक्ति दे रहे हैं, वह भी आसानी, सुरक्षा व सुविधा के साथ।

अब एनआरआई भारत आने पर क्यूआर कोड स्कैन कर कैशलेस भुगतान कर सकेंगे। यह पहल भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए डिजिटल बैंकिंग पहुंच को बढ़ाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। साथ ही यह भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के साथ हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

---

## आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स की मेजबानी में होगा टेडएक्स-आईआईएचएमआरयू का तीसरा संस्करण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्वास्थ्य सेवा और नवाचार को समर्पित जयपुर स्थित आईएचएमआर यूनिवर्सिटी का आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स इस बार एक विशेष अवसर के लिए तैयार है। यूनिवर्सिटी अपने परिसर में 29 अगस्त को टेडएक्स आईआईएचएमआरयू के तीसरे संस्करण की मेजबानी करेगी। यह एक ऐसा मंच होगा, जहां विचारों की नई उड़ान, प्रेरक कहानियों व भविष्य के निर्माण की झलक देखने को मिलेगी। यह आयोजन आईआईएचएमआर फाउंडेशन के मार्गदर्शन और सहयोग से होगा।

'स्मॉल स्पार्क्स, बिग शिफ्ट्स' की थीम के अंतर्गत यह आयोजन ऐसे विचारशील नवाचारों, सामाजिक पहलों व प्रेरक अनुभवों का मंचन करता है, जिनकी शुरुआत छोटी रही हो, लेकिन जिन्होंने व्यापक सामाजिक प्रभाव उत्पन्न किया है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से कई जाने-माने वक्ता शामिल होंगे। इनमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ. आनंद बंग, आईआईएचएमआर



यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीयूष मजूमदार, इम्यूनील थेरेप्यूटिक्स के सीईओ अमित मुकीम, कैंपस फंड के जरिए छात्रों के स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने वाली उद्यमी ऋचा बाजपेयी और तकनीक व रचनात्मकता को जोड़कर नवाचार करने वाले प्रवीण श्रीवत्स जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं।

इस बारे में प्रेसिडेंट डॉ. पीआर सोडानी ने कहा कि यह आयोजन एक ही मंच पर नवाचार, उद्यमिता व सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने की आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आईआईएचएमआर फाउंडेशन की डायरेक्टर यामिनी अग्रवाल ने कहा कि अक्सर समाज में बड़े बदलाव छोटे-छोटे विचारों से शुरू होते हैं। इस मंच से संवाद-सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

---

# भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग 2030 तक होगा दोगुना

### 18 से 22 अरब डॉलर तक पहुंचेगा कारोबार, 65 से 67 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग वित्त वर्ष 30 तक दोगुना आकार ले सकता है। एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ इंडिया और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार यह उद्योग वित्त वर्ष 2025 के लगभग 9 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2030 तक 18 से 22 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह 12 से 15 प्रतिशत सीएजीए की दर से बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है आने वाले वर्षों में इस उद्योग से 65 से 67 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग लॉजिस्टिक्स का एक भाग है। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय



स्थानों पर माल की समयबद्ध, तेज व विश्वसनीय आवाजाही से संबंधित है। यह कुशल प्रणालियों के माध्यम से त्वरित परिवहन सुनिश्चित करता है। उद्योगों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं को उनकी तत्काल डिलीवरी जरूरतों में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पांच स्तंभों पर काम करने की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के विकास में प्रमुख भूमिका निभाते रहने के लिए उद्योग और सरकार दोनों को पांच स्तंभों पर काम करते रहना होगा। इनमें तेजी से बदलते हालात के अनुसार ढलने की क्षमता, कार्यकुशलता में बढ़ोतरी, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, टिकाऊ विकास पर फोकस और मजबूत नीतिगत व नियामकीय ढांचा शामिल हैं। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि इन बुनियादी तत्वों पर निरंतर काम करने से उद्योग का दीर्घकालिक विस्तार संभव होगा।

### एक्सप्रेस उद्योग के प्रमुख कारक

रिपोर्ट के मुताबिक ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण की तेज वृद्धि, डिजिटल पहुंच का विस्तार, बढ़ता विवेकाधीन खर्च और ई-कॉमर्स का तेज प्रसार इस क्षेत्र की मजबूती के प्रमुख कारक रहे हैं। इन कारकों ने मिलकर एक्सप्रेस उद्योग को निरंतर विस्तार की दिशा दी है।

### बजट में इस क्षेत्र को दिया गया बढ़ावा

केंद्रीय बजट 2025-26 ने इस क्षेत्र को और बढ़ावा दिया है, जिसमें भारतीय डाक को एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स संगठन में बदलना, बीटीएन की शुरुआ उड़ान योजना में संशोधन, घरेलू उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि और कार्गो हैंडलिंग में बुनिय ढांचे और प्रक्रिया में सुधार जैसी पहल शामिल हैं। इन कदमों से एक्सप्रेस उद्योग के विकास को गति देने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

---

# 'भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए एफटीए दायरा बढ़ाने की जरूरत'

## उद्योग जगत ने सरकार को दिया सुझाव

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दायरे को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है। उनका कहना है कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए स्थिरता और नीति समर्थन महत्वपूर्ण है। फिक्की के 14वें मासमेराइज सम्मेलन का विषय था 'मेक इन इंडियाः एफएमसीजी, रिटेल और ई-कॉमर्स के भविष्य को सशक्त बनाना'। इस सम्मेलन में रिटेल,



एफएमसीजी और ई-कॉमर्स क्षेत्रों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने सरकार से व्यापार वार्ता में तेजी लाने, टिकाऊ उद्योगों को उत्पादन प्रोत्साहन देने और बुनियादी ढांचे में निवेश करने का आग्रह किया।

### पीएलआई योजना का विस्तार

मोहन ने जोर देकर कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार उन क्षेत्रों तक करना जो टिकाऊ कपड़ों और बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को प्रोत्साहित करते हैं, इससे सही दिशा मिलेगी। इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

### भारत को प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने की जरूरत

मोहनलाल संस के सीईओ और मालिक मयंक मोहन ने कहा कि भारत को बांग्लादेश, वियतनाम और तुर्की जैसे प्रतिस्पर्धियों के साथ निर्यात अंतर को कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश परिधान और वस्त्रों के मामले में पहले से ही भारत से ज्यादा निर्यात कर रहे हैं। अगर भारत ब्रिटेन और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों के साथ एफटीए पर बातचीत करता है तो हमें लागत में जरूरी बढ़त मिलेगी।

### पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने पर जोर

लोरियल इंडिया के कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर असीम कौशिक ने कहा कि कंपनी पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए अपने उत्पाद डिजाइन की पुनः कल्पना कर रही है। हमारे सभी ब्रांड प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने और उत्पादों को दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाने पर जोर दे रहे हैं। हमारे सभी परफ्यूम अब रिफिल करने योग्य बोतलों में आते हैं, जिससे कांच, धातु व प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग 50 प्रतिशत कम हो जाता है। इसी तरह स्किनकेयर भी रिसाइकिल करने की ओर बढ़ रहा है। हालांकि लग्जरी उपभोक्ता शुरू में उत्पादों को दोबारा भरवाने में हिचकिचा सकते हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

### ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लॉन्चर के इंचार्ज थे सिंह

# चूरू के जवान भले सिंह की टीम ने गिराए थे पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट, मिलेगा वीरता पदक पुरस्कार

महानगर संवाददाता

**चूरू।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान के 5 फाइटर जेट गिराए थे। इस दौरान मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 के लॉन्चर इंचार्ज चूरू के जवान भले सिंह (38) थे। भारतीय वायुसेना में सार्जेंट भले सिंह को अब राष्ट्रपति की ओर से वीरता पदक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें उनकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया जाएगा।।

बुधवार को अपने गांव हासियावास (चूरू) आए भले सिंह ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 यूनिट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी टीम ने पाकिस्तान के एफ-16 सहित 5 फाइटर जेट मार गिराए। उनकी टीम ने पाकिस्तान एयरफोर्स का अवाक्स फाइटर जेट भी मार गिराया था, जिसमें काफी लोग अंदर बैठकर काम करते हैं।



भले सिंह ने बताया- टीम ने पाकिस्तान में 314 किलोमीटर अंदर पेशावर के पास रनवे से उड़ान भर रहे अवाक्स जेट को गिराया था। इसकी पुष्टि भारतीय वायुसेना के उच्च अधिकारियों ने भी की थी।

भले सिंह ने बताया कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी टीम के साथ मिलकर 24 घंटे तक काम किया। जवानों को नींद नहीं आए, इसके लिए एक विशेष टैबलेट दी जाती थी। जो कम से कम करीब आठ से 10 घंटे तक काम करती थी। इस दौरान खाना भी बहुत कम समय में खाते थे। सीजफायर होने के बाद 13 मई को पीएम नरेन्द्र मोदी खुद पंजाब के आदमपुर एयरबेस पर जवानों का हौसला बढ़ाने आए थे।

**30 जून को हुए रिटायर**

भले सिंह ने बताया- मैंने 12वीं पास करने के बाद 2005 में एयरफोर्स जॉइन की थी। 30 जून 2025 को पंजाब के आदमपुर एयरबेस से रिटायर होकर आया हूं। इस दौरान मैंने डीआरडीओ सीक्रेट मिसाइल मिशन में भी काम किया है। वहीं, रशियन पिचोरा मिसाइल सिस्टम पर भी काम किया है। मैंने अपनी सर्विस के दौरान जामनगर, श्रीनगर, दिल्ली और आदमपुर में ड्यूटी की है।

## त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे कर रहा ट्रेनों का संचालन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा आगामी दुर्गा पूजा, दिवाली एवं छठ पर्व पर अतिरिक्त यातायात को देखते हुए हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार 03007 हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) पूजा स्पेशल 28 सितंबर, 5, 12, 19, 26 अक्टूबर एवं 2 नवंबर को (6 ट्रिप) हावड़ा से रविवार को 23:00 बजे रवाना होकर मंगलवार को 3:30 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार 03008 खातीपुरा (जयपुर)-हावड़ा स्पेशल 30 सितंबर, 7, 14, 21, 28 अक्टूबर एवं 4 नवंबर को (6 ट्रिप) खातीपुरा से मंगलवार को 7:35 बजे रवाना होकर बुधवार को 16:50 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन में 4 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 6 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 22 डिब्बे होंगे।



### तीन जोड़ी ट्रेनों में डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 3 जोड़ी ट्रेनों में साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। इनमें 14715/14716 हिसार-जयपुर-हिसार ट्रेन में हिसार से 22 से 31 अगस्त तक एवं जयपुर से 25 अगस्त से 3 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी, 14734/14733 जयपुर-बठिंडा-जयपुर ट्रेन में जयपुर से 23 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं बठिंडा से 23 अगस्त से 1 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी, 54704/54703 जयपुर-बठिंडा-जयपुर ट्रेन में जयपुर से 24 अगस्त से 2 सितंबर तक एवं बठिंडा से 25 अगस्त से 3 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की बढ़ोत्तरी की जा रही है।

### बीकानेर मंडल पर आरयूबी निर्माण के कारण प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

रेलवे द्वारा बीकानेर मंडल के चूरू-आसलू रेलखंड पर आसलू-दूधवाखारा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या 155ए पर आरयूबी निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के लिए रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस कारण 28 अगस्त को रेवाड़ी से प्रस्थान करने वाली 54789 रेवाड़ी-बीकानेर ट्रेन सादुलपुर तक संचालित होगी। यानी यह ट्रेन सादुलपुर-बीकानेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। वहीं 54790 बीकानेर-रेवाड़ी ट्रेन 28 अगस्त को बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बीकानेर-सादुलपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह 28 अगस्त को जोधपुर से प्रस्थान करने वाली 14891 जोधपुर-हिसार ट्रेन चूरू तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 14892 हिसार-जोधपुर ट्रेन 29 अगस्त को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 28 अगस्त को बीकानेर से प्रस्थान करने वाली 14897 बीकानेर-हिसार ट्रेन चूरू तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 14898 हिसार-बीकानेर ट्रेन 29 अगस्त को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 28 अगस्त को लुधियाना से प्रस्थान करने वाली 54604 लुधियाना-चूरू ट्रेन हिसार तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 54605 चूरू-लुधियाना ट्रेन 29 अगस्त को चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन चूरू-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से)

प्रयागराज से 27 अगस्त को प्रस्थान करने वाली 20403 प्रयागराज-लालगढ़ ट्रेन परिवर्तित मार्ग वाया सीकर-चूरू होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन फतेहपुर शेखावाटी स्टेशन पर ठहराव करेगी। 27 अगस्त को बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करने वाली 14702 बांद्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर ट्रेन परिवर्तित मार्ग वाया सीकर-लोहारू-सादुलपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन झुंझुनूं, लोहारू स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### रीशड्यूल रेलसेवाएं

22481 जोधपुर-दिल्ली सराय ट्रेन 28 अगस्त को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 45 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। 12458 बीकानेर-दिल्ली सराय ट्रेन 28 अगस्त को बीकानेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।

## आठ राज्यों के प्रतिनिधियों ने डेटा स्टोरीटेलिंग कैंपेन में लिया हिस्सा

# 'वॉयसेज बिहाइंड द डेटा' श्रृंखला की शुरुआत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उत्तर अंचल की ओर से बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'वॉयसेज बिहाइंड द डेटा' श्रृंखला की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान से प्रतिनिधि शामिल हुए।

इसमें एनएसएस और डीईएस के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद और छात्र मौजूद रहे। साथ ही औद्योगिक संघों के प्रतिनिधि, आरडब्ल्यूए के सदस्य और एनएसएस के सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. हरदीप सिंह चौपड़ा ने स्वागत भाषण दिया। चंद्रमणि शर्मा ने कार्यक्रम का परिचय दिया। महानिदेशक गीता सिंह राठौड़ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में एनएसएस के डिजिटल परिवर्तन पर चर्चा हुई। हैंडहेल्ड डिवाइस और रियल-टाइम डैशबोर्ड की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही फील्ड स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा गया। इस दौरान विश्वसनीय आंकड़ों के लिए नियमित प्रशिक्षण पर जोर दिया गया और विकसित भारत-2047 में एनएसएस की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई।

साथ ही सर्वेक्षण कार्य की चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। पैनल डिस्कशन में एमिटी विश्वविद्यालय, एमएनआईटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, जन आधार प्राधिकरण, राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने प्रभावी नीतिनिर्माण और निर्णय-निर्माण में डेटा के महत्व तथा एनएसएस डेटा की उपयोगिता पर चर्चा की।

## रेलपथ मरम्मत कार्य के कारण गोकुलपुरा फाटक 25 तक रहेगा बंद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलपथ मरम्मत एवं सड़क मरम्मत कार्य के कारण जयपुर-कनकपुरा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या-229 (गोकुलपुरा फाटक) 21 अगस्त को सुबह 8 से 25 अगस्त को शाम 7 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार इस दौरान सड़क उपभोक्ता वैकल्पिक मार्ग के रूप में खिरनी ओवर ब्रिज एवं समपार फाटक संख्या-231 (कनकपुरा फाटक) का उपयोग कर सकते हैं।

## बीकानेर-दिल्ली के बीच चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**बीकानेर (मसं)।** राजस्थान में जल्द ही चौथी वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होगा। यह बीकानेर से चूरू होते हुए दिल्ली कैंट तक चलेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने इस बारे में केंद्रीय कानून मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल को जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन का संचालन सितंबर से शुरू हो सकता है। बीकानेर से दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत रेल सेवा शुरू करने के लिए मांग की जा रही थी। इसके लिए 5 अगस्त को सांसद मेघवाल ने एक लेटर रेल मंत्री को दिया था। अब रेल मंत्री ने वंदे भारत ट्रेन के संचालन की मंजूरी दे दी है। फिलहाल बीकानेर से दिल्ली के लिए 5 ट्रेन चलती हैं। इन ट्रेनों से 7 से 11:30 घंटे तक का समय लग रहा है। जबकि वंदे भारत से करीब 6:15 घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर) कार्यालय चित्रकूट स्टेडियम वैशाली नगर,
क्रमांकः जविप्रा/उपा/पी.आर.एन.उत्तर(द्वितीय)/2025/डी-485 दिनांकः 19.08.25
**सूचना** ऑनलाइन आवेदन क्रमांकः 240581
पृथ्वीराज नगर में निम्न योजनाओं के निम्न भूखण्डधारियों/भूखण्डधारी ने नियमन /भू-आवंटन हेतु पृथ्वीराज नगर (उत्तर-द्वितीय), जविप्रा, जयपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो फ्री-होल्ड लीजडीड/नाम हस्तान्तरण प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्र-फल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी जविप्रा/योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजनी-कांत गुप्ता पुत्र श्री मूलचंद गुप्ता | श्री लक्ष्मीनारायण कुमावत | डी-598 साउथ पार्ट | 83.33 | अपोलो नगर हा. को.सो.लि. | जगद-म्बा नगर-डी | नाम हस्तांत-ण/ उप विभाजन | पंजीकृत विक्रय पत्र व अन्य |

उपायुक्त पी.आर.एन. उत्तर-II, जविप्रा, जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन-12/2025/डी-5186 दिनांकः 8.8.25
**आम सूचना**
आवेदक द्वारा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्र-फल व.ग. | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी जविप्रा/योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री राजकुमार देवी सिंह शर्मा | श्री रामगोपाल स्व. श्री कन्हैयालाल शर्मा | बी-172 4 | 162 वर्ग-मीटर | जविप्रा | हाथोज समूह आवासी योजना | नाम हस्तांतर-ण हेतु | एक से अधिक विक्रय पत्र होने के कारण |

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार दस्तावेजो के आधार पर किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में जोन 12 कार्यालय में दर्ज करवायें, अन्यथा नियमानुसार उक्त भूखंड का नाम हस्तांतरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी।
उपायुक्त, जोन-12, जविप्रा, जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन-12/2025/डी-5219 दिनांकः 12.8.25
**आम सूचना**
जोन-12 में निम्न आवेदक द्वारा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/जोन-6/2025/डी-1579 दिनांकः 14.08.2025
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र स्व.श्री केदारनाथ अग्रवाल द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि. हकत्याग पत्र एवं रजि. बटवारानामा पत्र के आधार पर शंकर भवन गृ.नि.स.स. की योजना शंकर ...

**आम सूचना**
... दिनांक के पश्चात् मेरे अभिभाष्य का अपने पुत्र श्री निशित यादव व पुत्रवधु श्रीमती अर्चना यादव से कोई संबंध व सरोकार नहीं है अर्थात् मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र व पुत्रवधु से सभी संबंध समाप्त करते है तथा अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त सम्पत्तियों से बेदखल करते है। यदि आज दिवस के पश्चात् किसी के भी द्वारा निशित यादव व पुत्रवधु श्रीमती अर्चना यादव से मेरे अभिभाष्य के आधार पर कोई भी व्यवहार करता है तो उससे होने वाले परिणाम के लिये वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरे अभिभाष्य का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सूचित रहे।
दिनांक: 20.08.25 उग्रसेन यादव, एडवोकेट
R/676/95 Mob. 9829475018

**आम सूचना** दिनांक 20.08.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य वसीम अहमद पुत्र श्री खलील अहमद ने बलवीर सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती किरण कंवर से उनका प्लाट नम्बर - बी - 3 / 40, व्यास कॉलोनी, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान कुल क्षेत्रफल 78.66 वर्गगज को कय किया है। कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त प्लाट के संबंध में कय-विकय, लेन-देन या कोई संव्यवहार नही करें। इस बिचौती से किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो तीन दिवस के भीतर मय मूल दस्तावेज मेरे कार्यालय में सम्पर्क करें। बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरे अभिभाष्य के हितों के विरूद्ध शून्य होगी।
अब्दुल हनीफ खॉन (एडवोकेट)
मो. 9929655751

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन-09/2025/डी-3325 दिनांकः 19.08.25
**आम सूचना**
निजी खातेदारी की योजना बालाजी एनक्लेव-II के भूखण्ड संख्या ए-184 क्षेत्रफल 216.84 व.ग. की लीजडीड दिनांक 13.02.2009 का श्री सौरभ गुप्ता पुत्र श्री एस.एन. गुप्ता के नाम से जारी किया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.07.2014 को श्री सौरभ गुप्ता पुत्र श्री एस.एन. गुप्ता द्वारा मनीष कुमार नाहर पुत्र निर्भय सिंह नाहर को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.06.2022 को मनीष कुमार नाहर पुत्र निर्भय सिंह नाहर द्वारा लक्ष्मी नारायण विजय ...

... सुशील कुमार गोयल को कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.10.2022 को सुमन शर्मा पत्नी प्रमोद कुमार शर्मा एवं रेनू गोयल पत्नी सुशील कुमार गोयल द्वारा सुरेश कुमार गोयल पुत्र विशम्भर दयाल गोयल को कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बेचान जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.05.2025 को सुरेश कुमार गोयल पुत्र विशम्भर दयाल गोयल द्वारा वीणा पत्नी प्रदीप को कर दिया गया। आवेदिका द्वारा लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड हेतु आवेदन किया गया है। इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस कि अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्ड का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-09, जविप्रा, जयपुर

... तो वह इस न्यायालय में दिनांक 17 माह 09 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 07 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने मृतका श्रीमती राममूर्ति गुप्ता के नाम प्रा.पत्र की मद संख्या 3 में वर्णित एफ.डी., लॉकर बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
3255/07.08.2025
मुहर
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर प्रथम


**गुमशुदा**



मेरे पति श्री सुनील गुप्ता निवासी 42/61/06, वरुण पथ, मानसरोवर, जयपुर राजस्थान 302020, 21 जून 2021 से लापता हैं जिनकी गुमशुदा रिपोर्ट पुलिस थाना वरुण पथ, मानसरोवर जयपुर में दर्ज है (FIR No. 0036/2021) जिस किसी को इनकी सूचना मिले, मेरे दिये गये मोबाइल पर सम्पर्क करें ममता गुप्ता पत्नी सुनील गुप्ता - 9929765804


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन-09/140150/2025/डी-3332 दिनांकः 20.08.25
**आम सूचना**
जविप्रा की रिंग रोड़ परियोजना में जविप्रा की अवाप्तधीन भूमि ग्राम भटेसरी, तहसील बस्सी, जिला जयपुर की अवाप्तशुदा भूमि के बदले खातेदार को जविप्रा की रिंग रोड़ परियोजना हेतु जविप्रा. अधिनियम 1982 की धारा 44 के तहत किये गये ... के अधीन जारी किया गया जिसके बदले जोन कार्यालय द्वारा दिनांक 12.05.2021 लॉटरी के माध्यम से भूखण्ड संख्या 9/बीई/91, भूखण्ड संख्या 9/बीई/104 प्रत्येक का क्षेत्रफल 12.50 व.मी. एवं 9/एसी/15 क्षेत्रफल 90.00 व.मी. रामधन मीना पुत्र सोहन मीना के नाम से आवंटित किया गया है। आवेदक द्वारा आवंटन पत्र जारी किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा 500/- के स्टाम्प पेपर पर वाद-विवाद एवं लॉटरी द्वारा आवंटित भूखण्ड अन्य किसी को बेचान/बख्शीश/पॉवर ऑफ अटॉर्नी/मुख्त्यारआम आदि किसी को नहीं किये जाने का शपथ पत्र एवं 500/- रूपये के नोटरीशुदा स्टाम्प पेपर पर अवाप्त भूमि के बदले पूर्व में आवंटन/लीजडीड प्राप्त नहीं होने का शपथ पत्र प्रस्तुत कर आवंटन पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस कि अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्डों का आवंटन सह मांग पत्र/पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-09, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/जोन-8/2025/डी-224 दिनांक: 20.8.2025
**विज्ञप्ति**
आवेदक श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री दलबीर सिंह द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बाढ़ बागपुरा गृ.नि.स.स की योजना कल्याण नगर के भूखण्ड संख्या 162 क्षेत्रफल 213.33 व.ग. का पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। प्रकरण में निवेदन है कि सोसायटी द्वारा दिनांक 11.06.1993 को श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री प्रभूदयाल के पक्ष में आवंटन पत्र एवं साईट प्लान जारी किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा दिनांक 06.06.2011 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड का बैचान श्रीमती कमलेश देवी पत्नी श्री रामगोपाल गोयल को किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा दिनांक 22.12.2023 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड का बैचान आवेदक श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री दलवीर सिंह को किया गया। जोन में उपलब्ध सदस्यता सूची में भूखण्ड संख्या 162 अंकित नहीं है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति /संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, ती विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दे. अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-08, जविप्रा, जयपुर

**सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर) कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर
क्रमांक-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (प्रथम)/2025/डी-1442 दिनांक: 18.08.2025
पृथ्वीराज नगर में निम्न योजना के निम्न भूखण्डधारियों/ भूखण्डधारी ने नियमन/ भू-आवंटन हेतु पृथ्वीराज नगर (उत्तर), जविप्रा में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। जो फ्री- होल्ड लीजडीड/ नाम हस्तान्तरण प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री तारा चन्द शर्मा | श्री तारा चन्द्र शर्मा पुत्र श्री राम सहाय शर्मा | 227 | 79.5 | बुनियादी विकास | हनुमान वाटिका -ए | ई-पट्टा | मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत हकत्याग व अन्य दस्तावेज |

उपायुक्त पीआरएन- उत्तर- I, जविप्रा, जयपुर

**विज्ञप्ति जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्र.- ज.वि.प्रा./जोन-6/ 2025/ डी-1606 दिनांक 20.08.25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कानाराम यादव पुत्र श्री नाथूलाल यादव द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि हकत्याग पत्र रजि विकय पत्र के आधार पर श्री गणपति गृ. नि.स.स. की योजना बालाजी विहार विस्तार-25 के भूखण्ड संख्या 71 क्षेत्रफल 100.00 व.ग. का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। श्री गणपति गृ.नि.स.स. द्वारा उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र श्री सीताराम बगड़िया पुत्र श्री गणेश नारायण के पक्ष में जारी किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था /कम्पनी/ सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना बालाजी विहार विस्तार-25 के भूखण्ड संख्या 71 का पट्टा श्री कानाराम यादव पुत्र श्री नाथूलाल यादव के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
उपायुक्त, जोन-6 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक / सं.व.दू.उ. प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर लूनी-समदडी, मेड़ता रोड-बीकानेर, राइ का बाग-जोधपुर, समदडी-भीलडी खंड में टी टी आर (सी एस + सी एम् एस सी) 257 सेट के संबंध में एसएंडटी कार्य, **कार्य की अनुमानित लागतः** रुपये 4,70,89,340/-, **ई-निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः** वरि. मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर, **बयाना राशि (Bid Security):** रुपये 385500/-, **ई-निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः** 12.09.2025 को 11.00 बजे तक तथा ई-टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी, **वैवसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें एवं खरीद की जा सकें:** www.ireps.gov.in नोटः यह एक ई-टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई-टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वेबसाईट पर टेण्डर डाले। 1035-PS/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे आवश्यक सूचना**
सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि समपार फाटक संख्या-229 (गोकुल पुरा फाटक) जोकि जयपुर-कनकपुरा के मध्य स्थित है, दिनांक 21.08.2025 प्रातः 08:00 से दिनांक 25.08.2025 सांय 19:00 तक सड़क यातायात हेतु बन्द रहेगा।
इस दौरान सड़क यातायात हेतु भारी वाहन खिरनी ओवर ब्रिज से, **Light Vehicle समपार फाटक संख्या-231 (कनकपुरा स्टेशन)** से पास किये जा सकते है। अतः सड़क यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए सड़क यातायात को डायवर्ट करवाने की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। असुविधा के लिए खेद है।
1036-PS/25 वरि. मण्डल इंजीनियर (दक्षिण) जयपुर
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्र सं.- JHS/Comm/e-Auction/25/128 दिनांक : 18.08.2025
**ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| श्रेणी | एसेट्स डिटेल्स |
|---|---|
| पार्सल<br>केटलोग संख्या<br>JHS-LEASING-44 | (1) ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर-एफ-I. (2) ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर-एफ-I & एफ-II. (3) ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर-एफ-I. (4) ट्रेन संख्या-12279 में 01 एसएलआर-एफ-I. (5) ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर-एफ-I. (6) ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर-एफ-I. (7) ट्रेन संख्या-12320 में 01 एसएलआर-एफ-I. (8) ट्रेन संख्या-11107 में 02 एसएलआर-आर-I & एफ-I. (9) ट्रेन संख्या-11086 में 02 एसएलआर-आर-I & एफ-I. |
| ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय | दिनांक 29.08.2025 को समय- 11:00 से |
| ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय | दिनांक 29.08.2025 को समय- 13:20 तक |

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1481/25 (MG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**Chola** Enter a better life
**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनेंस कम्पनी लिमिटेड**
'चोला क्रेस्ट' सी 54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600032, भारत
जयपुर शाखा कार्या.5वीं और 6वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 306, 308, 309, गोम्स डिफेन्स कॉलोनी, वैशाली नगर, वैशाली सर्कल, स्मार्ट बाजार के ऊपर, जयपुर-302021
**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्नलिखित ऋणीयों को जारी मांग सूचना नोटिस**
आपको, नीचे उल्लेखित ऋणी/बंधककर्ता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने आपके विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत कार्यवाही शुरू की है और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत आपको नोटिस भेजा गया है। पंजीकृत डाक द्वारा ऋणी के लिए देय को सुपुर्दगी के बिना लौट आया है। इसलिए, आपको एतद्द्वारा इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर उक्त खाते के की बकाया ऋण राशि का नोटिस लेने एवं ब्याज के साथ समस्त भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा ना करने पर कम्पनी द्वारा उप-अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) ब्याज और लागत के साथ अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित सुरक्षा को लागू करके यह उल्लेख करना आवश्यक है कि यह नोटिस कम्पनी के लिए उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित किया गया है।

| क्र. सं. | ऋणी/यों का नाम एवं पता | ऋण राशि | मांग सूचना की दिनांक एवं बकाया राशि | संपत्ति का विवरण/प्रतिभूत आस्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता सं. ML01JJJ00000090643<br>1. कांता देवी (आवेदक); 2.सुनील कुमार (सह-आवेदक); 3.धीरज कुमार गोयर (सह-आवेदक); 4. विनोद गोयर (सह-आवेदक) सभी निवासी:-94, हीदा की मोरी, श्यामपुरी, गांधी सर्कल के पास, जयपुर सिटी, जयपुर, राजस्थान-302003; 5.हनुमान सहाय गोयर (सह-आवेदक) प्लॉट नं.10, श्यामपुरी, हरिजन कच्ची बस्ती, रामगंज बाजार, जयपुर राजस्थान-302003; एनपीए दिनांक: 04/08/2025 | रु. 19,00,000/- | 06/08/2025 एवं रू. 20,51,774/- दिनांक 06/08/2025 तक व आगे का ब्याज अतिरिक्त | प्लॉट संख्या 10, कच्ची बस्ती श्यामपुरी, जिला-जयपुर (राजस्थान)-302003 में स्थित (क्षेत्रफल 54.00 वर्गगज) सीमाएँ:- पूर्व प्लॉट संख्या 09, पश्चिम - सड़क 4.57 फीट चौड़ी, उत्तर - प्लॉट संख्या -06, दक्षिण - प्लॉट संख्या 11 |
| 2. | ऋण खाता सं. HE01JPH00000026586<br>1.अब्बास सिंघानिया (आवेदक); 2.मैसर्स मुमताज मैचिंग सेंटर (सह-आवेदक) दोनों निवासी:- दुकान जी-1, एमपी प्लाजा, सेंट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान-302039; 3.खेरुनिशा (सह-आवेदक) प्लॉट नं.9, उद्योग नगर, निवारू रोड, झोटवाड़ा, जयपुर राजस्थान-302012; 4.मोहम्मद अयूब (सह-आवेदक), वार्ड नंबर 23, मोहल्ला व्यापारीन, जुमा मस्जिद के पास, सादुलपुर, राजगढ़, चूरू राज.-331023; एनपीए दिनांक: 04/08/2025 | रु. 20,70,000/- | 06/08/2025 एवं रू. 20,31,790/- दिनांक 06/08/2025 तक व आगे का ब्याज अतिरिक्त | संपत्ति:- प्लॉट संख्या-43, (325.55 वर्ग गज) और प्लॉट संख्या-44 का पश्चिमी भाग (141.25 वर्गगज) खेसरा संख्या-52 और 53, स्कीम राम नगर कॉलोनी, ग्राम-महापुरा (कुकरखेड़ा) सीकर रोड, जिला जयपुर-(राजस्थान) में स्थित, क्षेत्रफल 466.80 वर्गगज<br>आवेदक का हिस्सा यूनिट संख्या एफ-02, 'आदित्य रेजीडेंसी' में प्रथम तल पर प्लॉट संख्या-43 और प्लॉट संख्या 44 के पूर्वी भाग में, खतौरा संख्या-52 853, स्कीम राम नगर कॉलोनी, रोड संख्या-2, (कुकरखेड़ा) सीकर रोड, जयपुर (राजस्थान) क्षेत्रफल:--816.00 वर्गफीट (75.80 वर्गमीटर) सीमाएं:- पूर्व-प्लॉट संख्या 45, पश्चिम-प्लॉट संख्या 43, दक्षिण-रोड, उत्तर- मेवा राम गुर्जर की भूमि |

दिनांक :21/08/2025; स्थान : जयपुर — प्राधिकृत अधिकारी, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड

# जोधपुर में गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 3 युवकों की मौत

महानगर संवाददाता



जोधपुर। जोधपुर में 3 युवकों की बारिश से गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। ये तीनों लोकदेवता बाबा रामदेव के दर्शन के लिए रामदेवरा जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, वे हाथ-मुंह धोने के लिए गड्ढे में उतरे थे, तभी यह हादसा हो गया। यात्रियों और ग्रामीणों ने मिलकर तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। इस हादसे के बाद रामदेरा जातरुओं में मातम छा गया।

# चिटफंड कंपनी खोल धोखाधड़ी कर फरार इनामी बदमाश धरा

महानगर संवाददाता



जयपुर। बजाज नगर थाने में दर्ज 14 साल पुराने केस में फरार चल रहे एक बदमाश को डीएसटी ईस्ट की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चिटफंड कम्पनी के खिलाफ दर्ज केस में वांछित था, जो वर्ष 2011 से फरार चल रहा था। वो आरोपी के बारे में पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी एयरपोर्ट थाना सर्किल में रुका हुआ है। इस पर डीएसटी ईस्ट की टीम ने दबिश देकर आरोपी विजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी ईस्ट संजीव नैन ने बताया कि वर्ष 2011 में बजाज नगर थाने में चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों से धोखाधड़ी कर पैसा लेने का मामला दर्ज हुआ था, जिसकी जांच में प्रमाणित हो गया था कि आरोपी विजेन्द्र सिंह निवासी उदयपुरवाटी ने धोखाधड़ी की है। इस पर पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन आरोपी बार-बार लोकेशन बदल कर पुलिस से बच रहा था। आरोपी के खिलाफ जब पुलिस टीम ने जांच की तो पता चला कि पूरे राजस्थान में आरोपी विजेन्द्र सिंह के खिलाफ 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी की लोकेश एयरपोर्ट सर्किल के पास मिली तो पुलिस टीम के एएसआई छोतरमल, हैड कांस्टेबल रणवीर, हैड कांस्टेबल अविनाश, हैड कांस्टेबल तुलसीराम, कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार आदि ने आरोपी को गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# आर्मी एरिया में पाक नंबरों पर बात करते एक जासूस पकड़ा

महानगर संवाददाता



जैसलमेर। भारत-पाक बॉर्डर पर जांच एजेंसियों ने एक और संदिग्ध को जासूसी के आरोप में पकड़ा है। इस बार कार्रवाई जैसलमेर-जोधपुर रोड के आर्मी एरिया में हुई है। आरोपी यहां के एक रेस्टोरेंट में काम करने आया था। वो पाकिस्तानी नंबरों पर किसी से बात कर रहा था। उसके मोबाइल में कई और पाकिस्तानी नंबर सेव मिले हैं। पकड़े गए आरोपी जीवन खान को पूछताछ के लिए संयुक्त जांच कमेटी को सौंपा जाएगा। इसी महीने जासूसी के आरोप में डीआरडीओ गेस्ट हाउस के मैनेजर को पकड़ा था।

सूत्रों के अनुसार जीवन खान 2-3 साल पहले आर्मी एरिया में ही किसी रेस्टोरेंट में काम करता था। वो अब वापस यहां काम करने के लिए आया हुआ था। सूत्रों के अनुसार आरोपी लंबे समय से एजेंसियों के रडार पर था। उसकी कॉल व एक्टिविटी पर नजर रखी जा रही थी। कार्रवाई के दौरान उसके मोबाइल पर पाकिस्तानी कॉल चल रही थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान से लगते बॉर्डर एरिया में सुरक्षा एजेंसियां लगातार एक्टिव हैं। पाकिस्तान में बात करने या वहां किसी भी तरह के कनेक्शन रखने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। करीब 15 दिन पहले चांधन फील्ड फायरिंग रेंज से एक जासूस को पकड़ा गया था। आरोपी महेंद्र प्रसाद डीआरडीओ गेस्ट हाउस का मैनेजर था।

# शटर तोड़ने का प्रयास, लोगों की सतर्कता से खाली हाथ भागे चोर

महानगर संवाददाता

जयपुर। सामोद थाना क्षेत्र के चौथवाड़ी गांव में चोरों ने आरएस ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने देर रात दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन आसपास के लोगों की नींद खुलने से चोर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि रात में संदिग्ध गतिविधियां देखकर उन्होंने शोर मचाया, इससे चोर भाग गए। ग्रामीणों ने तुरंत सामोद थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त की कमी से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सामोद थाना पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। गोविंदगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। सौभाग्य से दुकान में रखे सोने-चांदी के आभूषण सुरक्षित हैं।

## हादसे में बुजुर्ग पड़ोसी और बड़ी बहन घायल, ड्राइवर को पकड़कर जब्त की गाड़ी

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

महानगर संवाददाता

पाली। शहर के औद्योगिक नगर थाना एरिया के राजेंद्र नगर राधा-कृष्ण मंदिर के पास बुधवार सुबह सड़क हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। दरअसल तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुल्तान स्कूल के पास रहने वाले हार्डवेयर बिजनेसमैन हेमराज चारण की छोटी बेटी हर्षिता की मौत हो गई।





वहीं बड़ी बेटी वैष्णवी व बाबूलाल जांगिड़ पुत्र पूनाराम जांगिड़ घायल हो गए। बेटी की मौत की खबर सुनते ही बिजनेसमैन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

दोनों घायलों का पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। औद्योगिक नगर थाने के एसएचओ जसवंत सिंह ने बताया कि सोजत सिटी क्षेत्र से पिकअप ड्राइवर को पकड़ लिया है और गाड़ी भी जब्त कर ली है। बांगड़ हॉस्पिटल के डॉ. सुखदेव चौधरी का कहना है कि संभवत गाड़ी का पहिया बच्ची के चेहरे के ऊपर से निकला था, जिससे उसका चेहरा व सिर बुरी तरह कुचल गया था। हेमराज चारण ने बुधवार को बाबूलाल जांगिड़ से कहा कि वे जा रहे हैं तो उनकी दोनों बेटियों को भी स्कूल छोड़ दें। उनका स्कूल रास्ते में ही है।

इस पर बाबूलाल ने बाइक पर दोनों मासूम बच्चियों को बैठाया और अपने साथ ले गए, लेकिन बीच रास्ते में यह हादसा हो गया।

### रोजाना पिता छोड़ने जाते थे स्कूल

हर्षिता कक्षा 4 में पढ़ती थी। उसकी बड़ी बहन वैष्णवी कक्षा 7 में पढ़ती है। स्कूल घर से डेढ़ किलोमीटर दूर है। रोजाना इनके पिता ही स्कूल छोड़ने जाते थे, लेकिन बुधवार को पिता ने पड़ोसी के साथ भेज दिया था। हेमराज चारण हार्डवेयर व्यापारी है। हादसे में घायल बुजुर्ग कारपेंटर है।

## 35 साल की महिला के 64 साल के जीजा से थे अवैध संबंध, दोनों गिरफ्तार

# पत्नी ने प्रेमी जीजा के साथ मिलकर पति को मार डाला

महानगर संवाददाता

अलवर। खैरथल-तिजारा में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया। महिला ने जीजा के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी जीजा को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के पीछे अवैध संबंध की बात सामने आई है। भिवाड़ी एसपी प्रशांत किरण ने बताया कि सूचना मिली कि कॉलोनी के एक कमरे में युवक का शव पड़ा है। पूछताछ में मकान मालकिन संतरा देवी ने बताया कि बिहार के भागलपुर का रहने वाला गुड्डू 15 दिन पहले ही उनके मकान में रहने आया था। उसके साथ पत्नी बॉबी रहती थी। पास वाले कमरे में बॉबी का जीजा अनुज चौधरी रहता था। बॉबी ने बताया कि उसके पति की तबीयत खराब है और अस्पताल में भर्ती है। वह कमरे के बाहर से गुजर रही थी तो खिड़की में उसकी नजर पड़ी तो देखा अंदर गुड्डू अचेत पड़ा था। शक होने पर महिला ने पुलिस को सूचना दी। मामले में पुलिस ने महज 12 घंटे में खुलासा करते हुए बॉबी रॉय व अनुज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि बॉबी का पति गुड्डू करीब 15 साल से बीमार था। वह घर पर ही रहता था। घर की आर्थिक स्थिति भी कमजोर थी। बॉबी ही जॉब करती थी। जीजा अनुज चौधरी भी बॉबी के साथ ही काम करता था। कंपनी में साथ काम करते समय ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थी।




### जीजा ने घर के पास ही दिलाया किराए का कमरा

एसपी प्रशांत किरण ने बताया कि सांथलका गांव की संतरा कॉलोनी में बॉबी का जीजा अनुज चौधरी करीब 8 साल से रह रहा था। अनुज चौधरी व उसकी साली बॉबी की दिन में करीब 15 से 20 बार बात होती थी। कई सालों से इनके अवैध संबंध थे। अनुज चौधरी ने करीब 15 दिन पहले ही कॉलोनी में कमरा दिलाने की बात कहकर बॉबी को अपने पास बुलाया और बगल में ही किराए का कमरा दिला दिया। यहां आने पर बॉबी व अनुज के अवैध संबंधों का पता गुड्डू को चल गया। ऐसे में दोनों ने रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

### हत्या के बाद बिहार भागने की फिराक में थे दोनों

एसपी प्रशांत किरण ने बताया कि मृतक गुड्डू की पत्नी ने ही रस्सी से अपने पति का गला घोंटा और उसे मार दिया था। इस दौरान अनुज चौधरी भी कमरे में ही मौजूद था। अनुज चौधरी ने ही हत्या के समय काम में ली गई रस्सी को कचरे में फेंका था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्या करने के बाद बॉबी और उसका जीजा अनुज चौधरी दोनों ही बिहार जाने की फिराक में थे। दोनों ही मोबाइल के जरिए आपस में संपर्क में थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अनुज ई-मित्र से पैसे निकलवा कर जा रहा है। पुलिस ने बीच रास्ते से ही उसे पकड़ लिया। इसके बाद बॉबी को भी गिरफ्तार कर लिया।

# द पैलेस व एसएमएस स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

महानगर संवाददाता



जयपुर। शहर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दोनों स्कूल द पैलेस व एसएमएस को देर रात मेल कर धमकी दी गई। स्कूल स्टाफ ने बुधवार सुबह मेल देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों स्कूलों में बम निरोधक दस्ता, एटीएस व डॉग स्क्वायर्ड की टीम सर्च करने पहुंची, लेकिन कुछ नहीं मिला। वहीं बच्चों को वापस घर भेज दिया गया था। टीम स्कूलों की हर जगह और क्लास रूम के चप्पे-चप्पे पर छानबीन की। माणक चौक थाना इलाके में स्थित द पैलेस स्कूल को रात को मेल किया गया था। मेल में लिखा है कि द पैलेस स्कूल के कक्षा 4-7 के क्लासरूम और टॉयलेट में 2 टीएनटी आईईडी विस्फोट होने वाला है। 1.45 बजे तक सभी बच्चों को बाहर निकाल लो। बता दें कि द पैलेस स्कूल को 3 महीने में तीसरी बार धमकी मिली है। 23 दिन पहले भी बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल किया गया था। इससे पहले 15 जून को भी मेल के जरिए धमकी दी गई थी। एसएमएस स्कूल को भी देर रात 1.33 मेल आया था, जिसका बुधवार सुबह पता चला। पता लगने पर स्कूल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम के अलावा बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वायर्ड की टीम पहुंची। स्कूल के बच्चों को वापस घर भेज दिया गया था। टीम एक-एक क्लासरूम की तलाशी ली। डीसीपी नॉर्थ करन शर्मा ने कहा कि स्कूल को धमकी भरे मेल मिलने की जानकारी पर बुधवार सुबह सीनियर अधिकारी, बम निरोधक दस्ता, एटीएस व डॉग स्क्वायर्ड की टीम मौके पर पहुंची और सर्च किया। वहीं साइबर टीम मेल के बारे में जानकारी जुटा रही है। मेल किस आईपी एड्रेस से लिखा गया है, इस पर काम किया जा रहा है। स्कूल के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की सभी एजेंसियां जांच कर रही है।

# पुलिस ने श्रमिक को कुचलने वाले गिरफ्तार बदमाशों की कराई परेड

मारपीट-तोड़फोड़ और हत्या के मामले में फरार चल रहे थे आरोपी

महानगर संवाददाता



जयपुर। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने रोड पर मारपीट-तोड़फोड़ व हत्या के मामले में फरार दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पहले श्रमिक पर गाड़ी चढ़ाने वाले युवक को गिरफ्तार किया, इसके बाद कार में तोड़फोड़ करने और मारपीट करने वाले दो बदमाशों को देर रात गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों की बुधवार को परेड कराई। सीआई मुरलीपुरा विरेंद्र कुरील ने बताया कि रोड नं 5 पर 16 अगस्त को एक साथ दो घटनाएं होने पर परिवादी राजेश यादव और महिला परिवादी अर्चना देवी ने अलग-अलग दो शिकायत पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। कुरील ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और घटना में प्रयुक्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबरों के आधार पर अलग-अलग टीमें गठित गई और संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। कार मालिक के बार में पूछताछ करने पर सामने आया कि उसके दोनों बेटे कुलदीप व सुभाष के पास वह गाड़ी है। आरोपी के पिता की जानकारी के बाद पुलिस टीम ने श्रीमाधोपुर सीकर से कुलदीप को गिरफ्तार किया। वहीं कार को जब्त कर लिया गया। कार ड्राइवर कुलदीप की गिरफ्तारी के बाद अन्य दोनों युवक गायब हो गए। जिस पर पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सुभाष चौधरी पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी जसवंतपुरा श्रीमाधोपुर हाल किरायदार अवधपुरी नांगल जैसा बोहरा को गिरफ्तार किया। वहीं मुकेश रोलानिया पुत्र हरलाल जाट निवासी सेवा की ढाणी नीमेड़ा हाल किरायदार अवधपुरी नांगल जैसा बोहरा को गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों को लेकर बुधवार को टीम क्राइम सीन पर लेकर पहुंची और मौके की तस्दीक कराई। पुलिस दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया।

# शादी से इनकार पर महिला को चाकू से गोदने वाला धरा

चाय की दुकान पर बर्तन धोते मिला आरोपी, 10 महीने तक काटी फरारी

महानगर संवाददाता



झुंझुनूं। मंडा रीको इलाके में शादी से इनकार करने पर महिला की चाकू घोंपकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने चाय की होटल से बर्तन धोते पकड़ा है। आरोपी 10 महीने से फरार था, कभी मजदूरी करता तो कभी नाम बदल कर राजस्थान-हरियाणा के होटलों में फरारी काटने लगा था। तत्कालीन एसपी ने आरोपी पर 10 हजार का इनाम रखा था, लेकिन शातिर पकड़ में नहीं आया तो वर्तमान एसपी ने इनामी राशि बढ़ाकर वांटेड घोषित किया। इसके बाद साइबर सेल की मदद से आरोपी पकड़ा गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में जयवीर पुत्र रेवतराम निवासी तोगड़ा स्वरूप सिंह को वीरू टी स्टॉल से बर्तन धोते गिरफ्तार किया है। मामला अक्टूबर 2024 का है। झुंझुनूं शहर की रीको कॉलोनी में पूनम का शव मिला था। उसके सिर पर वार कर पेट में चाकू मारे गए थे। पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि महिला खुद को विधवा पेंशनधारी बताती थी और फाइनेंस फर्म में जॉब करना बताती थी। जयवीर के महिला से सम्बन्ध थे। पड़ताल में सामने आया कि पूनम ने उससे 50 हजार रुपए उधार लिए थे। साथ ही, शादी करने का वादा भी किया था। जब जयवीर ने शादी की बात पर जोर दिया तो युवती ने साफ इनकार कर दिया। ऐसे में पार्टी के दौरान जयवीर ने पूनम की हत्या कर दी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद जयवीर झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पहुंचा और जयपुर जाने वाली ट्रेन में बैठकर फरार हो गया। फरारी के दौरान उसने एक परिचित से 10 हजार रुपए उधार लिए। इसके बाद उसने लगातार अपनी लोकेशन और पहचान बदलना शुरू कर दी। कभी वह हरियाणा के रेवाड़ी और गुड़गांव में कंपनियों में क्रेन चलाता तो कभी जयपुर, सीकर और रिंगस में मजदूरी करता। पहचान छिपाने के लिए वह अलग-अलग नामों से काम करता रहा। यहां तक कि किसी रिश्तेदार या जानकार से भी संपर्क नहीं रखा।

# लापता नाबालिग तीन घंटे में मिला, परिजनों को सौंपा

महानगर संवाददाता

जयपुर। चौमूं थाना पुलिस ने मंगलवार रात को लापता हुए एक नाबालिग को महज 3 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। वीर हनुमान मार्ग निवासी 13 साल का बच्चा अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चौमूं एसएचओ प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी और अन्य माध्यमों से सुराग जुटाए। टीम ने बच्चे को जयपुर के करधनी क्षेत्र से बरामद कर लिया। प्राथमिक जांच में पता चला कि परिजनों की डांट के कारण बच्चा बिना बताए घर से निकल गया था। वह किसी के साथ जयपुर तक पहुंच गया था। पुलिस ने बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया। बच्चे के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली।

## घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने छात्रावास को घेरकर किया हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

# छात्र ने नींद में पेशाब किया तो शिक्षक ने गर्म सरिए से दागा

महानगर संवाददाता

बाड़मेर। जिले के सरहदी क्षेत्र में एक निजी छात्रावास में एक छात्र के नींद में पेशाब कर देने के बाद छात्रावास के शिक्षक का गुस्सा छात्र पर कहर बनकर टूटा। इस गलती की सजा छात्र को गर्म सरिए से दागकर दी। इसके बाद छात्र के परिजनों और ग्रामीणों ने छात्रावास को घेर लिया और हंगामा खड़ा कर दिया। छात्र गर्म सरिए से दागने के बाद छात्रावास से भाग गया था, जिसके चलते शिक्षक की हैवानियत की जानकारी परिजनों को मिल गई। दागे गए स्थान से लगातार खून निकल रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के सेड़वा थाना क्षेत्र में हरपालेश्वर मंदिर है। इसी मंदिर के परिसर में ट्रस्ट का एक हॉस्टल है, जिसमें घुमंतु परिवारों के साथ गरीब व अनाथ बच्चे रहते हैं। यहां बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है। यहां रात को लोहे के सरिए से दागने के बाद एक बच्चा मंदिर परिसर से भागकर बाहर निकला और चिल्लाने लगा। उसके शरीर से खून निकल रहा था। ग्रामीणों ने बच्चे को परिवार तक पहुंचाया। इसके बाद पूरा मामला खुला। बच्चे के शरीर पर दागने के निशान थे। उससे मारपीट भी की गई थी।



### आध्यात्मिक शिक्षा के नाम पर किया जाता है टॉर्चर

आरोप है कि हॉस्टल में आध्यात्मिक शिक्षा देने वाला नारायणगिरी बच्चों को टॉर्चर करता है, जो मासूम नींद में बिस्तर गीला कर देते हैं उन्हें जांच व शरीर के दूसरे हिस्सों को गर्म सरिए से दागा जाता है। ऐसे करीब 8 से 10 बच्चे सामने आए हैं। वहीं, बच्चों के परिजनों ने हॉस्टल के बाहर जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को नारायणगिरी को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी भरतपुर के रहने वाला है। सारला सरपंच मोहनलाल ने बताया कि एक व्यक्ति बच्चों के साथ अमानवीय कृत्य कर रहा है। पूर्व में भी इसकी शिकायतें आई थीं। लोगों ने ट्रस्ट की बदनामी के डर से मामला शांत कर दिया था। अब उसी व्यक्ति ने बच्चों के साथ मारपीट की है। उन्हें जगह-जगह से दागा दिया है।

### हॉस्टल में रहते हैं घूमंतु, आदिवासी व अनाथ बच्चे

भारत-पाक बॉर्डर से महज 20 किमी दूरी पर वर्ष 2008 में हरपालेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण करवाया गया। तीन साल पहले हरपालेश्वर मंदिर में आवासीय छात्रावास खोला गया, जिसमें 2022 में 25 बच्चों का एडमिशन किया गया। ये बच्चे घूमंतु, आदिवासी, अनाथ व गरीब परिवारों के हैं। इन बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पूजा-पाठ और आध्यात्मिक ज्ञान गुरुकुल पद्धति से दिया जा रहा है। इसके अलावा सारला को एक निजी स्कूल भी है। सेड़वा थानाधिकारी दीप सिंह ने बताया कि छात्रावास में बच्चों के साथ मारपीट की शिकायत मिली थी, एक जने को हिरासत में लेकर उसे पूछताछ की जा रही है।

# भतीजे पर रेप केस करने वाली महिला ही निकली गुनहगार

महानगर संवाददाता

अलवर। रेप का मामला दर्ज करवाने वाली महिला ही गुनहगार निकली। पोक्सो कोर्ट नंबर-4 ने बुधवार महिला को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। वहीं उसके 9 महीने के बेटे को भी उसके कारण जेल जाना पड़ेगा। महिला ने आरोप लगाया था कि रिश्ते में लगने वाले भतीजे ने उसके साथ रेप किया था। पुलिस जांच में मामला उल्टा निकला। महिला ही घरवालों के बाहर जाने पर नाबालिग भतीजे को बुलाती थी। मामला एक साल पुराना है। जज हिमांकनी गौड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि चाची का दर्जा मां समान होता है। ऐसा कृत्य शर्मसार करने वाला है। महिला ने अपने ही पड़ोसी भतीजे पर रेप का आरोप लगाया था, लेकिन जांच में सामने आया कि महिला ही उसे बुलाती थी। आरोपी महिला के साथ उसके 9 महीने के बेटे को भी जेल जाना पड़ा है। मुकदमे के समय भी महिला गर्भवती थी। सरकारी वकील प्रशांत यादव ने बताया कि तिजारा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अगस्त 2024 में रिश्ते में भतीजे लगने वाले किशोर पर रेप करने का मामला दर्ज करवाया था।

रिपोर्ट में लिखवाया था कि भतीजा 6 महीने पहले से रेप करता आ रहा है। महिला का आरोप था कि उसका भतीजा फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देता है। पुलिस ने जांच करते हुए दोनों की कॉल रिकॉर्ड को निकलवाया। दोनों के बीच करीब 6 महीने में 832 बार मोबाइल पर बात हुई थी। इस पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। जिस समय रेप करने का जिक्र किया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात

# प्रदेश में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए अनुदान की मंजूरी का किया आग्रह

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर भेंट कर राजस्थान में ऊर्जा और आवासन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

सीएम शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि राजस्थान ने नवीकरणीय ऊर्जा निकासी की योजना बनाई है। इस योजना में शामिल परियोजनाओं को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-थर्ड में शामिल कर केंद्र की तरफ से अधिकतम अनुदान शीघ्र स्वीकृत किया जाए। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं से ऊर्जा की निकासी को सुदृढ़ पारेषण तंत्र की आवश्यकता है, जिसके लिए अधिकतम केंद्रीय सहयोग आवश्यक है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।



#### नॉन मिलियन प्लस शहरों के लिए सहयोग पर चर्चा

सीएम शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत राजस्थान के नॉन मिलियन प्लस शहरों के नगरीय निकायों को दिए जाने वाले केंद्रीय सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन नगरीय निकायों को प्रदान किए जाने वाले वित्तीय सहयोग से गतिमान विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने एशियन डवलपमेंट बैंक एवं वर्ल्ड बैंक के संयुक्त वित्त पोषण के माध्यम से संचालित आरयूआईडीपी पांचवें चरण की परियोजना तैयार कर केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत की है, जिस पर केंद्रीय मंत्रालय का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से जलापूर्ति, अपशिष्ट जल प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शहरी यातायात सुधार, बाढ़ प्रबंधन और विरासत संरक्षण सहित प्रदेश के शहरों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को जल्द पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इस परियोजना की शीघ्र मंजूरी से राज्य के चहुंमुखी विकास में गति आएगी तथा प्रदेश की जनता लाभान्वित होगी।

#### जयपुर मेट्रो फेज-2 की मंजूरी का किया आग्रह

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान आग्रह किया कि जयपुर मेट्रो रेल फेज-2 का संयुक्त उपक्रम (50:50) के तहत निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना को जल्द मंजूरी दी जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रस्तावित परियोजना के लिए केंद्रीय अंशदान की मंजूरी से जयपुर वासियों के लिए एक सुदृढ़, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य को जल्द हासिल किया जा सकेगा।

## जयपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू किया 'सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी' अभियान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी' अभियान बुधवार से शुरू किया। 7 दिवसीय अभियान का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में किया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा सिर्फ सात दिनों का नहीं, बल्कि हमेशा का ही संकल्प है। उन्होंने महिलाओं को शक्ति, सहनशीलता और साहस का प्रतीक बताया। उन्होंने जयपुर को देश का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर बताते हुए इसे विश्व का सबसे सुरक्षित शहर बनाने का लक्ष्य रखा। साथ ही पुरुषों से भी इस बदलाव का हिस्सा बनने का आह्वान किया और कहा कि असली ताकत महिलाओं को सम्मान देने से आती है। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि इस पहल का मकसद केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर रैपिडो कैब के प्रतिनिधि बसंत ने 100 डेस कैम (सीसीटीवी कैमरा), पावर प्रीमियर की ललिता कुसुम ने 100 डेस कैम एवं रोटरी क्लब के संजय अग्रवाल ने 50 डेस कैम जयपुर पुलिस को उपलब्ध करवाए। यह डेस कैम (सीसीटीवी कैमरा) प्रायोगिक तौर पर मिनीबसों, टैक्सी, रैपिडो, उबर, ओला, ऑटो रिक्शा में डेस बोर्ड पर लगाकर महिला सुरक्षा को और प्रभावी किया जाएगा।



#### यह होगा अभियान में

**वॉक एंड टॉक :** महिला पुलिस अधिकारी हर गली और मोहल्ले में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगी और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगी।

**जागरूकता शिविर :** स्कूल, कॉलेज और औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी जा सके। जागरूकता से संबंधित लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक दिखाए जाएंगे।

**महिला सुरक्षा वॉरियर्स :** आम महिलाओं को भी पुलिस के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे अपने और दूसरों की सुरक्षा में मददगार बन सकें।

**चरित्र सत्यापन :** ऑटो, मिनी बस और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लोगों का चरित्र सत्यापन किया जाएगा। यह कदम सार्वजनिक परिवहन और डिलीवरी सेवाओं को महिलाओं के लिए और अधिक सुरक्षित बनाएगा।

**आउटरीच प्रोग्राम :** स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से संवेदनशील क्षेत्रों में महिला एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए आमजन में जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अभियान में सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, विभिन्न महिला संगठनों को भी जोड़ा जाएगा।

### आमजन को जाम से बचाने के लिए 121 सेक्टर रोड चिह्नित

# जेडीए खर्च करेगा 853 करोड़

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में लगातार बढ़ती आबादी और घटते पब्लिक ट्रांसपोर्ट के बीच सड़कों पर जाम आम हो गया है। ऐसे में आमजन को यातायात जाम से बचाने के लिए जेडीए सेक्टर सड़कों पर काम करने की तैयारी में जुट गया है। जेडीए ने सर्वे कर 121 सेक्टर रोड चिह्नित की हैं। इन सड़कों को बनाने पर जेडीए 853 करोड रुपए खर्च करेगा। हाल ही जेडीए ने कुछ सड़कों पर काम भी शुरू कर दिया है।

जेडीए की ओर से जोन- 6 में 6 सड़कों पर 23 करोड़ 55 लाख और जोन-7 में एक सड़क पर 2 करोड़ 63 लाख खर्च किए जाएंगे। इसका जेडीए ने वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए हैं। जोन-8 में 9 सड़कों पर 49 करोड़ 67 लाख, जोन-9 में 28 सड़कों पर 89 करोड़ 22 लाख, जोन-10 में 2 सेक्टर रोड पर 26 करोड़ 40 लाख, जोन- 11 में 12 सड़कों पर 182 करोड़ 60 लाख, जोन-12ए में 13 सड़कों पर 92 करोड़ 33 लाख, जोन- 12 में 24 सड़कों पर 109 करोड़ 18 लाख, जोन-13 में 10 सड़कों पर 15 करोड़ 44 लाख और जोन-14 में 16 सड़कों पर 242 करोड़ 49 लाख रुपए के बजट का प्रावधान रखा गया है।



#### सेक्टर सड़कों को लेकर जेडीए की वस्तुस्थिति

- जोन-10 दांतली आरओबी से लेकर रिंग रोड परियोजना तक 2200 मीटर लंबाई में 60 मीटर सेक्टर रोड एवं दांतली आरओबी से लूनियावास रोड तक 1800 मीटर लंबाई में 300 फीट सेक्टर रोड निर्माण एवं चौड़ाईकरण के जल्द ही टेंडर किए जाएंगे।
- जोन-14 बालावाला से लाखना होते चंदलाई तक वाया वाटिका तक 23 किमी सेक्टर रोड का डिमार्केशन कार्य प्रगति पर है, इसमें फेज-1 के तहत 8 किमी में सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। टोंक रोड से फागी वाया कुमारियावास-तितरिया रोड तक 28 किमी सेक्टर रोड का डिमार्केशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा जेडीए स्वामित्व की भूमि पर सड़क निर्माण प्रगतिरत है।
- जोन-12 में अजमेर रोड से कालवाड़ रोड तक प्रस्तावित सेक्टर रोड के फेज-1 में 5.5 किमी लंबाई में अजमेर रोड से सिरसी रोड तक के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इसका डिमार्केशन किया जाकर सड़क निर्माण करवाया जाएगा।
- जोन-11 में वंदे मातरम सर्किल से रिंग रोड तक 4 किमी में 200 फीट सेक्टर सड़क, भारत माता सर्किल से रिंग रोड तक 4 किमी में 200 फीट सेक्टर सड़क, पालड़ी परसा से रिंग रोड तक वाया सेज 12.5 किमी में 250 फीट सड़क सुधारीकरण एवं निर्माण कार्य करवाने के लिए भी टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया चल रही है।
- जोन-8 में फागी रोड से अजमेर रोड को जोड़ने वाली 10 किमी लंबी सेक्टर सड़क पर विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण, इस्कॉन मंदिर से मोहनपुरा बालाजी की ओर जाने वाली 200 फीट सेक्टर सड़क का निर्माण, इस्कान रोड से जयपुर-सवाई माधोपुर रेलवे लाइन की ओर जाने वाली 200 फीट सेक्टर सड़क का निर्माण प्रगति पर है।
- इसके अलावा जोन-9 में 300 फीट एवं 200 फीट सेक्टर रोड निर्माण (दर अनुबंध) कार्य एवं जोन-10 में स्थित दांतली आरओबी से टीआर मार्केट तक 90 मीटर सेक्टर रोड के चौड़ाईकरण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए निविदा का अनुमोदन किया गया।
- जोन-10 स्थित आगरा रोड से खोरी रोपड़ा जेडीए स्कीम ब्लॉक ए, बी और सी की एप्रोच रोड (18 मीटर और 24 मीटर सेक्टर रोड) के चौड़ाईकरण और सुधारीकरण कार्य के लिए 6.13 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई।
- जोन-13 में जीएसबी स्तर तक विभिन्न सेक्टर सड़कों के सर्वेक्षण, सीमांकन और निर्माण के लिए 15.44 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

## 7 बीघा भूमि पर बनाया अवैध वाटरपार्क ध्वस्त

### सरकारी नाले की भूमि से हटवाया अतिक्रमण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जोन-12 में सिरसी रोड पर करीब 7 बीघा भूमि पर 200 फीट सेक्टर रोड को कवर कर बनाए गए वाटरपार्क को ध्वस्त कर दिया। वहीं जोन-13 के ग्राम खेरवाड़ी में सरकारी नाले की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-12 स्थित सिरसी रोड पर करीब 7 बीघा भूमि पर वाटरपार्क का अवैध निर्माण कर संचालन किया जा रहा था। इसका कुछ भाग 200 फीट सेक्टर रोड में आ रहा था। इस भूमि पर टीनशेडनुमा हॉल, 4 कमरे, एक रेस्टोरेंट, लेटबाथ, फाउंटेन, सलाइड, सीमेंट के ब्लॉक की सड़क, लोहे की रेलिंग, झूले इत्यादि लगाकर व्यावसायिक रूप से संचालन किया जा रहा था।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25